अगहन मास, कृष्ण पक्ष 20 वर्ष, अंक 311 पृष्ठ 8 मूल्य 1.00

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज से प्रकाशित

www.akhandbharatsandesh.net

नगर संस्करण प्रयागराज शुक्रवार 26 नवम्बर 2021 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

क्रियायोग संदेश

क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान प्रयागराज

क्रिया योगः साँच (सच Truth) को आँच नहीं। आँच अज्ञानता (अविद्या Ignorance) समय, दूरी व सापेक्षता की अनुभूति है जो समस्त दुःखों का कारण है। अध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध कर दिया है कि सामान्य तरीके से जीवन जीने पर सच की अनुभूति के लिए व्याधि रहित लगभग दस लाख वर्ष की आवश्यकता होती है, लेकिन क्रियायोग अभ्यास से सच की अनुभूति एक ही जन्म में सम्भव है।

1. प्राचीन उच्च मानव सभ्यता मे वर्णित यज्ञ, वर्तमान में विश्व विख्यात 'क्रियायोग' है।
2. क्रियायोग अभ्यास वेदपाठ है, पूर्ण ज्ञान की अनुभूति है।
3. क्रियायोग अभ्यास ईश्वर अनुभूति है।
4. क्रियायोग अभ्यास अतीत, वर्तमान व भविष्य से जुड़ना है।
5. क्रियायोग अभ्यास जीवन मृत्यु पर विजय है।

क्रियायोग से सभी प्रकार की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित।

क्रियायोग हं क्षं परमात्म अनुभूति का सर्वोच्च मार्ग

10 मिनट का अभ्यास 20 वर्ष का विकास

विभाजन के दर्दनाक इतिहास का दोहराव नहीं होने देंगे : मोहन भागवत

नोएडा(एजेंसी)। देश का विभाजन न मिटने वाली वेदना, यह तभी मिटेगी जब विभाजन निरस्त होगा। मेरा जन्म विभाजन के बाद हुआ, इस बात को समझने में बचपन के कुछ साल और लगे। मैंने काफी अध्ययन के बाद समझा कि जिस मातृभूमि की स्वतंत्रता के लिए कई बलिदान हुए उसका विभाजन हुआ। भारत एक जमीन का टुकड़ा नहीं हमारी मातृभूमि है। संपूर्ण दुनिया को कुछ देने लायक हम तब होंगे जब विभाजन हटेगा। यह राजनीति नहीं हमारे अस्तित्व का विषय है। यह बात राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सर संघचालक मोहन भागवत ने कही।

इस दौरान उन्होंने लोगों से कहा कि खंडित भारत को अखंडित बनाना होगा यह हमारा राष्ट्रीय एवं धार्मिक कर्तव्य है। विभाजन इस्लामिक आक्रमण, अंग्रेजों के आक्रमण का नतीजा है। इसकी पृष्ठभूमि इन आक्रमणों से जुड़ी है। आक्रमणकारियों की मनोवृत्ति अलगाव एवं स्वयं को बेहतर साबित करने की रही। अंग्रेजों ने समझा कि बिना लोगों में अलगाव किए यहां राज नहीं कर सकते। भारत के उत्थान में धर्म का हमेशा स्थान रहा है। 1947 की खंडित स्वतंत्रता के बाद भी अलगाव की मानसिकता से टकराव जारी है। कैसे देश टूटा उस इतिहास को पढ़ना होगा। अप्रिय हो लेकिन जो सत्य हो वही इतिहास पढ़ना जरूरी है। इतिहास को समझकर सीखकर आगे बढ़ना होगा लेकिन जब एक बार अलगाव हो गया तो अब दंगे क्यों होते हैं। हम ही सही बाकी गलत की मानसिकता विभाजनकारी। दूसरों के लिए भी वही आवश्यक मानना जो खुद को सही लगे गलत मानसिकता है। अपने प्रभुत्व का सपना देखना गलत है। राजा सबका होता है सबकी उन्नति उसका धर्म है। 2021 है 1947 नहीं अब विभाजन संभव नहीं है। भारत विभाजन को भूलेगा नहीं, अब विभाजन का प्रयास करने वालों का नुकसान है यह मेरा आत्मविश्वास है। हिंदू समाज को संगठित होने की आवश्यकता है। हमने समझौता कर लिया इसलिए विभाजन हुआ। हमारी संस्कृति कहती है विविधता में एकता है इसलिए हिंदू यह नहीं कह सकता कि मुसलमान नहीं रहेंगे। सब मिलकर अनुशासन में रहेंगे यही हमारी संस्कृति है। अनुशासन का पालन सबको करना होगा। अशफाक उल्ला खान जैसे मुसलमान देश में हुए हैं जो जन्नत की जगह भारत में दोबारा जन्म की चाह रखते थे।

कार्यक्रम में लेखक कृष्णानन्द सागर द्वारा लिखित एवं जागृति प्रकाशन द्वारा प्रकाशित पुस्तक विभाजनकालीन भारत के साक्षी का लोकार्पण मुख्य अतिथि मोहनराव भागवत ने किया। लेखक कृष्णानंद सागर ने कहा कि उनकी पुस्तक विभाजन के दौर में हुए षड्यंत्रों पर आधारित है। शम्भू नाथ श्रीवास्तव पूर्व न्याधीश प्रयाग उच्च न्यायालय ने कहा कि इतिहास को बदल कर प्रस्तुत किया गया है। विभाजन के दौर में भारी नरसंहार हुआ। जिसके लिए पाकिस्तान पर मुकदमा दायर होना चाहिए। कृष्णानंद सागर की पुस्तक इतिहास के कई पक्षों को उजागर करेगी।

दलित परिवार के 4 लोगों की हत्या से खत्म हो गया पूरा परिवार

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। फाफामऊ थाना क्षेत्र के मोहनगंज फुलवरिया गोहरी गांव में एक ही परिवार के 4 सदस्यों की हत्या कर दी गई। मृतकों में पति फूलचंद्र (50), पत्नी मीनू देवी (45), बेटी सपना (17) और बेटा शिव (10) शामिल हैं। एक ही परिवार के सभी सदस्यों की हत्या की पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है। बेटी का शव निर्वस्त्र पाया गया। वहीं मां के कपड़े भी अस्त-व्यस्त थे ' घर के सामने करीब 40 फिट की रोड है। जो आगे जाकर लखनऊ हाईवे पर मिलती है। जिस मकान में घटना हुई उसकी बाउंड्री करीब 6 फीट की है। मकान कच्चा बना है और बरामदे में कोई दरवाजा नहीं है। बरामदे के सामने फूलचंद्र का शव चारपाई पर पड़ा था। सिर और गले पर जख्म के निशान दिख रहे थे। वहीं बाईं ओर की चारपाई पर पत्नी मीनू देवी का शव था। कपड़े भी अस्त-व्यस्त थे।

चारपाई के नीचे बेटे शिव (लोग प्यार से बाबू कहते थे) का शव जमीन पर पड़ा था। उसके सिर पर भी गहरे जख्म थे। बरामदे से सटा कमरा है। इसमें बेटी सपना का शव चारपाई पर निर्वस्त्र पड़ा था।वही सबसे पहले घटना की जानकारी देने वाले संदीप कुमार ने बात की। वह घर के सामने चाट की दुकान लगाता है। सोमवार को भी उसने ठेला लगाया था। लेकिन उस परिवार का कोई भी सदस्य दिखाई नहीं दिया। अक्सर बेटा शिव चाट खाता था। मंगलवार को भी कोई नहीं दिखाई दिया। बुधवार को संदीप ने दुकान नहीं लगाई। गुरुवार को जब सामान लेकर गुजर रहा था, तो दरवाजा खुला था। लेकिन कोई दिख नहीं रहा था। इस पर संदीप ने पास में रहने वाले फूलचंद्र के भाई को जानकारी दी। वह संदीप के साथ मौके पर पहुंचा, तब घटना का पता चला। जैसे ही घटना की जानकारी पुलिस विभाग के अधिकारियों को हुई मौके पर फोर्स के साथ पहुंच गए तथा छानबीन में लग गया

बढ़ी भारतीय नेवी की ताकत, नौसेना में शामिल हुआ आई एनएस वेला

नई दिल्ली। भारतीय नौसेना अब और भी सशक्त हो गई है। नौसेना प्रमुख एडमिरल करमबीर सिंह की उपस्थिति में आईएनएस वेला भारतीय नौसेना के बेड़े में शामिल हो गई. वेला स्कॉर्पीन डिजाइन की छह पनडुब्बियों में से एक है, जिसे टउछ द्वारा मुंबई में फ्रांसीसी फर्म नेवल ग्रुप के टेक्नोलॉजी ट्रांसफर से बनाया जा रहा है। समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक आईएनएस वेला मुंबई में भारतीय नौसेना में शामिल हुआ। देश की चौथी स्कॉर्पीन कटेगरी की पनडुब्बी क्टर वेला का दो साल से अधिक तक ट्रायल किए जाने के बाद आज बेड़े में शामिल किया गया। भारत ने पहली बार मई 2019 में इसका परीक्षण किया था। जब दुश्मन

से निपटने की बात आती है तो क्टर वेला को एडवांस्ड स्टील्थ और लड़ाकू क्षमताओं के लिए जाना जाता है। इस डीजल-इलेक्ट्रिक पनडुब्बी को मुंबई में मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड द्वारा प्रोजेक्ट 75 के तहत बनाया गया है।

स्कॉर्पीन कटेगरी की यह पनडुब्बी एंटी-सरफेस वॉर, एंटी-सबमरीन वॉर, खुफिया जानकारी जमा करने, माइन बिछाने, निगरानी जैसे कई मिशन को अंजाम दे सकती है। इसे अल्ट्रामॉडर्न टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल से बनाया गया है। इसके टॉप साइलेंसिंग तकनीक, लो रेडिएटेड नॉइज लेवल, हाइड्रो-डायनामिक शेप, निर्देशित हथियारों का इस्तेमाल कर दुश्मन पर अटैक करना इसे खास बनाता है।

ठाकुरों की घर की महिलाओं को पकड़ कर बाहर निकालें, बोले शिवराज के मंत्री, इससे आएगी समाज में समानता

नई दिल्ली। मध्य प्रदेश के मंत्री बिसाहूलाल सिंह ने कहा है कि ठाकुरों के घर की महिलाओं को घर से निकाल कर काम करवाना चाहिए ताकि समाज में समानता बनी रहे। अनूपपूर में बोलते हुए शिवराज सरकार के मंत्री ने कहा, दोनों को समान रूप से काम करना चाहिए। खासकर जितने बड़े-बड़े ठाकुर और कुछ और बड़े लोग वो सब अपने घर की औरतों को कोठरी में बंद कर देते हैं... बाहर निकलने नहीं देते हैं। जितने धान काटने वाले, आंगन साफ करने वाले, गोबर लिपने वाले काम हमारे गांव की महिलाएं करती हैं..यहीं काम करते हैं ना..अरे भाई, महिलाओं को जब पुरुष और महिलाओं के बराबर अधिकार है।

गन्ना या जिन्नाः जेवर से सीएम योगी ने फिर अखिलेश यादव पर कस दिया तंज

नोएडा। यूपी में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों के बीच संघर्ष तेज होता जा रहा है। नेता एक-दूसरे पर जमकर निशाना साध रहे हैं। इसी क्रम में गुरुवार को सीएम योगी आदित्यनाथ ने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तंज कसा। उन्होंने नाम लिए बगैर उन्हें जिन्ना का अनुयायी बताकर हमला बोला। कहा कि जिन्ना के अनुयाइयों को प्रदेश की जनता सबक सिखाने को तैयार है। उधर, अखिलेश यादव ने जेवर एयरपोर्ट के शिलान्यास को धोखा बताते हुए कहा कि जल्द ही ये भी बिक जाएगा। गुरुवार को प्रधानमंत्री

नरेन्द्र मोदी ने जेवर में नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे की आधारशिला रखी। इस मौके पर सीएम योगी ने कहा कि यहां के किसानों ने कभी गन्ने की मिठास बढ़ाने का काम किया था, लेकिन कुछ लोगों ने गन्ने की मिठास को कड़वाहट में बदल दिया था। ये वही लोग थे जो आज जिन्ना के अनुयायी बने हुए हैं, जिन्हें यहां की जनता सबक सिखाने को तैयार है। बता दें कि हाल ही में अखिलेश ने भारत विभाजन के जिम्मेदार और पाकिस्तान के संस्थापक मोहम्मद अली जिन्ना की तुलना महात्मा गांधी, सरदार पटेल और पं नेहरू से करते हुए कहा था कि आजादी की लड़ाई में जिन्ना की भी प्रमुख भूमिका थी। भाजपा और कांग्रेस ने उनके इस बयान की आलोचना करते हुए इसे उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के मद्देनजर मुस्लिम तुष्टीकरण की राजनीति का हिस्सा बताया है। योगी ने प्रधानमंत्री मोदी की अगुवाई वाली सरकार द्वारा तेज किए गए विकास कार्यों को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि देश के नागरिकों ने एक बदलते हुए भारत को देखा है।

मायावती को बड़ा झटका, विधानमंडल दल के नेता शाह आलम ने छोड़ी बसपा, यूपी के सबसे अमीर एमएलए भी हैं

लखनऊ। यूपी चुनाव से पहले बहुजन समाज पार्टी की मुखिया मायावती को लगातार झटके लग रहे हैं। गुरुवार को मायावती को बड़ा झटका लगा। विधानसभा में बसपा विधानमंडल दल के नेता शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। आजमगढ़ के मुबारकपुर से विधायक शाह आलम को मायावती ने इसी साल जून में विधानमंडल दल का नेता बनाया था। शाह आलम ने बसपा के सभी पदों से इस्तीफा दिया है। उन्होंने पार्टी की मुखिया मायावती को अपना इस्तीफा सौंपा है।

शाह आलम ने इस्तीफे में लिखा है कि भारी मन से विधानसभा सदस्य और बसपा के हर पद से इस्तीफा दे रहा हूं। उन्होंने पार्टी की 21 नवंबर की बैठक का हवाला देते हुए लिखा है कि 2012 से पार्टी के प्रति निष्ठावान रहा और पार्टी की तरफ से मिली हर जिम्मेदारी को बखूबी निभाया भी, लेकिन लगता है मेरी उपेक्षा की जा रही है।

ऐसे में अब आगे साथ रहने की कोई वजह नहीं है। शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली आजमगढ़ के मुबारकपुर से 2012 तथा 2017 में विधानसभा का चुनाव जीते हैं। बसपा ने जमाली को 2014 में आजमगढ़ लोकसभा सीट से मुलायम सिंह यादव के खिलाफ भी मैदान में उतारा था। जमाली को दो लाख 70 हजार से अधिक वोट मिले थे। शाह आलम को मायावती का बेहद करीबी कहा जाता है। पिछले साल राज्यसभा चुनाव के बाद जब कई बड़े नेताओं ने पार्टी छोड़ी और बगावती रुख अख्तियार किया तो शाह आलम पर ही मायावती ने भरोसा जताया था। इसी के बाद उन्हें विधानमंडल के नेता जैसे प्रमुख पद की जिम्मेदारी भी सौंपी थी।

माघ मेले के भव्य आयोजन का सीएम ने दिया निर्देश

माघ मेले के लिए 59 करोड़ मंजूर

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। माघ मेला आयोजन पर इस वर्ष 59 करोड़ रुपये से अधिक राशि खर्च होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को समीक्षा बैठक में बजट को मंजूरी दी। उन्होंने कोविड प्रोटोकाल का पालन सुनिश्चित करते हुए भव्य आयोजन के निर्देश दिए। साथ ही मुख्य सचिव के स्तर पर तैयारियों की नियमित समीक्षा का भी निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने बैठक में माघ मेला आयोजन के स्वरूप पर चर्चा की। इसमें मुख्य सचिव, अपर मुख्य सचिव, आयोजन से जुड़े सभी संबंधित विभागों के प्रमुख सचिव, मंडलायुक्त संजय गोयल, डीएम संजय कुमार खत्री मौजूद रहे। मंडलायुक्त ने छह सेक्टर में बसने वाले मेले के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मेला प्रशासन की ओर से आयोजन के लिए करीब 67 करोड़ रुपये के प्रस्ताव तैयार

फाइल फोटो

किए गए थे। डीएम ने बताया कि इनमें से 59 से 60 करोड़ रुपये के प्रस्तावों को मुख्यमंत्री स्वीकृति प्रदान की गई। मुख्यमंत्री ने गंगा जल की अविरलता और निर्मलता पर जोर दिया। इसके लिए उन्होंने नदी में जाने वाले सभी नालों को बंद करने के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने संतों, श्रद्धालुओं, पर्यटकों के लिए सभी तरह की सुविधाएं, सुरक्षा सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोशिश की जाए कि मेले में आने वाले सभी को कोविड टीका लगा हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्य सचिव के स्तर पर मेले की तैयारियों की नियमित समीक्षा की जाए। उन्होंने आयोजन की बाबत अन्य निर्देश भी दिए।

मेले में एडीएम स्तर के अफसर की होगी तैनाती

माघ मेला में एडीएम स्तर के अफसर की तैनाती की जाएगी। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर प्रशासन की ओर से मेला के लिए एडीएम स्तर के अतिरिक्त अफसर की तैनाती की मांग की गई, जिसे मुख्यमंत्री ने मंजूरी दे दी। मुख्यमंत्री ने अफसरों को आयोजन एवं सुरक्षा के मद्देनजन नोडल की नियुक्ति के भी निर्देश दिए।

माघ मेला के लिए भूमि आवंटन 15 दिसंबर से

माघ मेला -2022 के लिए भूमि आवंटन 15 दिसंबर से आरंभ होगा। इसके बाद संगम की रेती पर महीने भर के लिए मेला बसाने के लिए शिविर लगाने का काम शुरू हो जाएगा। गंगा में जल अधिक होने और दलदल बने रहने की वजह से इस बार मेले की तैयारियां देर से शुरू हुई हैं। ऐसे में कम समय को देखते हुए एसडीएम मेला संत कुमार ने भूमि आवंटन के लिए तिथि जारी कर दी। इस बार मेले के लिए तीन हजार से अधिक संस्थाओं ने आवेदन किया है। इस बार नई संस्थाओं को जमीन आवंटन किया जाएगा या नहीं इस बारे में निर्णय अभी नहीं हो सका है।

खबर संक्षेप

जन जागरूकता अभियान 29 को

जसरा। क्षेत्र के चनैनी प्राथमिक विद्यालय मे 29 नवंबर को महिला सशक्तिकरण एवम बेटी बचाओं -बेटी पढ़ाओं अभियान पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया हैं। उक्त कार्यक्रम मे समसाद, अफसाना, रुकसाना समेत दस बेटियों को लैपटाप एवम 03महिलाओ को सोलर भेटकर सम्मानित किया जाएगा। इस आशय की जानकारी संयोजक प्रधान संघ महामंत्री धीतेश तिवारी ने जानकारी देतें हुए यह भी बताये कि उक्त आयोजन 27को होना था किन्तु प्रतियोगी परीक्षा समेत अन्य प्रशासनिक कारणों से 29नवंबर को आयोजित होगा। उक्त आयोजन मे विभिन्न विद्यालय के प्रबंधक समेत तमाम प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहेंगे। इस अवसर पर निःशुल्क चश्मा भी भेंट किया जाएगा।

जंघई बाइपास पर आमने सामने से दो कार में टक्कर, दो घायल

जंघई। जंघई बाइपास पर आपने सामने से दो कार में आपस मे टक्कर हो गई जिसमें दो लोग घायल हो गये। सरायममरेज थाना क्षेत्र के जंघई बाइपास पर गुरुवार की देर शाम जौनपुर जिले के मीरगंज थाना के रामगढ़ निवासी हंडिया की तरफ से विदाई करवा कर इर्टिगा कार से लौट रहे थे।जंघई बाइपास पर स्टेशन की तरफ से आर रही दूसरी कार से टक्कर हो गयी जिससे दो लोग घायल हो गये। रामगढ़ के अनिल पाल एवं एक व्यक्ति और घायल हुआ है।सूचना पर जंघई चौकी इंचार्ज राजकुमार त्रिवेदी पहुचें और घायलों को इलाज के लिए भेजा और दोनों वाहनों को अपने कब्जे मे ले लिया।

इफको में हास्य-व्यंग्य व कविताओं के माध्यम से कवियों ने लूटी वाहवाही

कला साहित्य की त्रिवेणी में देर रात तक जमें रहे श्रोता, प्रबंध निदेशक डा० उदय शंकर अवस्थी के तीन दिवसीय दौरे पर इफको में आयोजित हो रहे विविध कार्यक्रम

अखंड भारत संदेश

फूलपुर। उर्वरक के क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान बनाने वाली संस्था इफको में बुधवार को देर रात कला साहित्य की त्रिवेणी में देश के नामचीन कवियों ने अपने काब्य पाठ के द्वारा खूब गुदगुदाया। अपने तीन दिवसीय दौरे पर इफको फूलपुर ईकाई में पधारे इफको के प्रबंध निदेशक डॉ उदय शंकर अवस्थी व श्रीमती रेखा अवस्थी के स्वागत में इफको फूलपुर इकाई को झिलमिल रोशनी व फूलों से इस तरह सजाया गया है, कि मानो जैसे दीपावली का त्यौहार हो।

इफको की सांस्कृतिक संध्या आयोजन समिति द्वारा बुधवार को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन इफको के मुक्तांगन में किया गया। जिसमें देश के नामचीन कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से देश प्रेम व राजनीति पर खूब शब्द बाण चलाये।

कार्यक्रम की शुरूआत प्रबंध निदेशक डॉ उदय शंकर अवस्थी द्वारा मां सरस्वती को माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया गया।

कवि सम्मेलन की शुरूआत यश भारती सम्मान से सम्मानित कवि डॉ विष्णु सक्सेना ने मां सरस्वती की वंदना₹ से प्रारंभ की। इफको के मुक्तांगन परिसर में अमृत महोत्सव की श्रृंखला में इफको द्वारा नैनो उर्वरकों के प्रथम एक करोड़ बोतल के उत्पादन पर आयोजित ओज, श्रृंगार एवं हास्य रस का अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसका शीर्षक था ₹ साहित्य को समर्पित एक शाम ₹। जिसमें कवियों ने अपनी सुंदर रचनाओं से श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में वरिष्ठ कवि एवं गीतकार डॉ. विष्णु सक्सेना (हाथरस, उत्तर प्रदेश) की अध्यक्षता में हुआ तथा मंच का संचालन वीर रस के जाने माने कवि श्री शशिकांत यादव (देवास, मध्य प्रदेश) ने किया। सर्वप्रथम मखदूम फूलपुरी (प्रयागराज, उत्तर प्रदेश) ने कृषि क्रांति एवं नैनो उर्वरक यूरिया पर अपनी रचना सुनाकर वाहा वाही लूटी। तत्पश्चात हेमंत पाण्डेय (कानपुर, उत्तर प्रदेश) ने हास्य कविता से सबका ध्यान आकर्षित किया। उसके बाद अंकिता सिंह (नई दिल्ली) ने श्रृंगार रस एवं प्रेम रस की कविता सुनायी। फिर युवा गीतकार गजेंद्र प्रियांशु (बारंबाकी,उत्तर प्रदेश) ने अपनी कविता और गीत सुनाकर लोगों का मनोरंजन किया।अनिल चौबे (वाराणसी, उत्तर प्रदेश) ने भी अपने हास्य रस की कविताओं से दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। शशिकांत यादव (देवास,मध्य प्रदेश) ने भी वीर रस की कविताओं से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।अंत में कवि सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे डॉ. विष्णु सक्सेना (हाथरस, उत्तर प्रदेश) ने प्रेम की कविताओं से लोगों को ध्यान आकर्षित किया जिसमें प्रमुख रहे की ह्रये मानता हूँ कि मै दौलत नहीं कमा पाया मगर तुम्हारा हर एक गम खरीद सकता हूं₹। इफको ऑफिसर एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय कुमार मिश्र व महामंत्री स्वयं प्रकाश एंव इफको कर्मचारी संघ के अध्यक्ष पंकज पाण्डेय एंव महामंत्री विनय यादव तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी कार्यक्रम में मौजूद रहे। सभी ने कवि सम्मेलन आयोजन का आनन्द उठाया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में इफको परिवार उपस्थित रहा। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन संतोष कुमार सिंह , उपमहाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा) द्वारा किया गया।

साहित्य को समर्पित एक शाम में प्रबंध निदेशक का स्वागत करते इफको के अधिकारी एवं काब्य पाठ करतीं कवियत्री

भाजपा ने सदस्यता अभियान की बैठक की

सहसों। भाजपा गंगापार ने सदस्यता अभियान के परिप्रेक्ष्य में एक आवश्यक बैठक पार्टी कार्यालय अंदावा में की गई। जिसमें आगामी 27 नवंबर को जौनपुर टी.डी.पार्क मे केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का सम्बोधन सुनने के लिए तैयारी बैठक मे विधायक फूलपुर ने कार्यकताओं की सराहना करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ता ही हैं जो अपने पारिवारिक जिम्मेदारियों को निभाते हुए भी संगठन मे निरन्तर कड़ी मेहनत व लगन से कार्य करने की सामर्थ्य है तो भाजपा के कार्यकर्ता में ही है। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अश्विनी कुमार द्विवेदी ने किया। उन्होंने कहा कि गंगापार जिले में हर बूथ पर बी एल ओ का गठन ,पन्ना प्रमुख का शत प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। बैठक में सदस्य विधान परिषद सुरेन्द्र चौधरी ने कार्यकताओं का उत्साह वर्धन शकरते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता एक जूट होकर आगामी 27 नवम्बर को जौनपुर बूथ अध्यक्ष सम्मेलन मे चलना है जिसकी व्यवस्था मे विधानसभा सह व्यवस्था प्रमुख में सोंरांव विधानसभा रामपलट पटेल, प्रतापपुर विधानसभा में श्याम विहारी पाण्डेय, फूलपुर विधानसभा में विधायक फूलपुर प्रवीण पटेल, फाफामऊ विधानसभा में फाफामऊ विधायक विक्रमाजीत मौर्य,हण्डिया विधानसभा में महेश पाण्डेय को जिम्मेदारी दी गयी। बैठक में मुख्य रुप से अरुणेंद्र यादव,मनोज निषाद,कमलेश मिश्रा, हरिभूषण सिंह, सन्तोष शुक्ल, दीलिप यादव सहित सभी बूथ अध्यक्ष उपस्थित रहे। बैठक के इस अवसर पर शामिल सभी कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों के प्रति बृजेश कुमार त्रिपाठी जिला मीडिया प्रभारी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

युवक ने फांसी लगा दे दी जान, कोहराम

घूरपुर। इलाके के चितौरी गांव में तंगहाली मे परिजनो संग गुजर बसर कर रहा युवक अचानक फांसी लगा जान दे दिया। घटना से परिजनो में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल कर शव को पीएम के लिए भेजा। चितौरी गांव निवासी तारकेश आदिवासी (40) पुत्र राजमन मजदूर था ।रोजाना काम न मिलने से तंगहाली हालत में परिजनो संग गुजर बसर करता था। विगत कई दिनों से वह खामोश सा रहने लगा था। गुरूवार की दोपहर अचानक वह घर के रोशनदान में रस्सी के सहारे फांसी लगा जान दे दी। शव फांसी पर झूलता देख परिजनो मे रोना पिटना मच गया। आसपास के लोगो की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस तो पूछतांछ मे परिजनो ने बताया कि युवक की माली हालत ठीक नहीं थी। जिससे कई दिनों से वह परेशान दिख रहा था। जिससे वह फांसी लगा जान दे दिया। पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को पीएम के लिए भेज दिया। युवक की मौत से पत्नी संगीता बेटा दिवाकर बेटी ववली सहित परिजनो का रो रोकर बुराहाल है।

युवक के आत्महत्या करने के बाद घर पर जुटी भीड़

पावर प्लांट से सोलर प्लेट चुराने वाले बदमाश गिरफ्तार

चुराई गई सात प्लेट, वाहन सहित तीन को पुलिस ने दबोचा

अखंड भारत संदेश

शंकरगढ़। चित्रकूट हाईवे पर स्थित प्रयागराज पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड से सोलर प्लेट चोरी करने वाले गैंग के तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। इनके कब्जे से चुराई गई सात प्लेट और घटना में प्रयुक्त एक वाहन भी बरामद हुआ है। यह गिरफ्तारी क्षेत्र के रैपटना नहर पुलिया के समीप सी की गई। घटना की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष बृजेश सिंह ने बताया कि 23 नवंबर की रात अज्ञात चोरों ने पावर प्लांट से सोलर प्लेट चोरी कर ली। इस मामले की जानकारी होनेपर पुलिस टीम ने छानबीन शुरू की और आज मुखबिर की सूचना पर एसओ की अगुवाई में एक पुलिस टीम ने रैपटना नहर पुलिया के उस पार (एनटीपीसी की चहारदीवारी के समीप) संदिग्ध अवस्था में खड़े तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्त में आए तीनों से कड़ाई से पूछताछ की गई। इनके कब्जे में रही एक मालवाहक गाड़ी (यूपी70-एफटी-1689) और गाड़ीमें लदी सात अदद सोलर प्लेट बरामद की। पूछताछ में धरे गए अखिलेश कुमार उर्फ झुल्लुर ने बताया कि वह पावर प्लांट के अंदर कुछ सालों से घास काटने का काम करता था। और, शाम को घर लौटने पर अपने साथियोंके साथ चोरी की घटनाओं को अंजाम देता था। 23 की रात चुराई गई सोलर प्लेट को बेचने की फिराक में थे, इसी दौरान पुलिस ने दबोच लिया। एसओ ने बताया कि धरे गए अखिलेश कुमार उर्फ झुल्लर पुत्र मुंशीलाल (निवासी बेमरा, शंकरगढ़), सुनील कुमार सिंह उर्फ शनि पुत्र लाल दिवाकर (बेमरा) और गिरीश कुमार पुत्र दिलदार (अवनी, जवा, रींवा, मध्य प्रदेश, हाल पता , रानीगंज, शंकरगढ़) का चालान भेज दिया गया है।

पुलिस की गिरफ्त में पावर प्लांट से सोलर प्लेट चुराने वाले

न्यूज झरोखा

नेत्र शिविर में उपस्थित डाक्टर एवं आँख के रोगी

निशुल्क नेत्र शिविर में 400 मरीजों ने कराई जांच

करछना। विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत चनैनी में प्राथमिक विद्यालय में आयोजित नेत्र शिविर में 400 आंख के रोगियों ने अपने आंखों की जांच कराई जिसमें जांच उपरांत पीड़ितों को निशुल्क चश्मा एवं दवाएं वितरित की गई उक्त कार्यक्रम के संयोजक ग्राम प्रधान चनैनी धीतेश तिवारी महामंत्री प्रधान संघ करछना के कुशल नेतृत्व में शिविर का आयोजन किया गया था जिसमें सांठ साल से ऊपर के महिलाओं एवं पुरुषों के आंखों से नजर कमजोर होने की दिक्कतें आ रही थी, पार्वती अस्पताल मालवीय रोड जॉर्ज टाउन प्रयागराज के डॉक्टर उमेश सिंह नेत्र सर्जन के नेतृत्व में मरीजों के आंखों की जांच कराई गई जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया तथा उन्हें जांच उपरांत निशुल्क दवाएं एवं चश्मा भी दिया गया।

जसरा में नेत्र शिविर का आयोजन आज

जसरा। जसरा के एक इंटर कॉलेज में निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें आंख के मरीजों की जांच के बाद ऑपरेशन किया जाएगा। शुक्रवार को श्री ईश्वरदीन छेदीलाल इंटर कॉलेज जसरा में हरिनेत्र चिकित्सालय की ओर से एक निःशुल्क कैंप का आयोजन किया गया है । जिसमें सुयोग्य डॉक्टरों द्वारा निःशुल्क आंख में लेंस लगाना, जलपान, भोजन व वाहन उपलब्ध रहेंगे। कार्यक्रम के आयोजक विद्यालय के कार्यवाहक प्रधानाचार्य सुनील साहू ने उक्त आशय की जानकारी दी है और कहा कि जो भी व्यक्ति लाभ पाना चाहते हैं वह शुक्रवार की सुबह आकर अपना पंजीकरण करा लें । शुक्रवार को ही आंख की जांच के बाद प्रयागराज के अस्पताल में ऑपरेशन कर लेंस लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि आंख के मरीज अपने साथ एक सहयोगी को अवश्य लाएंगे।

किसानों के मांगो को अनदेखी कर रही सरकार : के के मिश्रा

अखंड भारत संदेश

कोरांव। भारतीय किसान यूनियन भानु द्वारा 24 नवंबर दिन बुधवार से सत्याग्रह तथा 25 नवंबर दिन वृहस्पतिवार से चल रहे अनवरत धरना आमरण अनशन के रूप में किसान नेताओं ने तब्दील कर दिया जहां पर भारतीय किसान यूनियन भानु के जिला अध्यक्ष राजू चौबे एवं मंडल महामंत्री केके मिश्रा ने भोजन को त्याग करते हुए आमरण अनशन शुरू किया धरना में उपस्थित किसानों ने उपरोक्त नेताओं का जिंदाबाद करते हुए जय जवान जय किसान तथा इंकलाब जिंदाबाद के नारे लगाए लगातार 2 दिनों से चल रहे धरने को समाप्त करने के लिए उप जिलाधिकारी कोरांव अभिनव कनौजिया तथा तहसीलदार कोरांव डॉ विशाल शर्मा किसानों से वार्ता करने का पूरा प्रयास किया लेकिन किसान नेता अपनी मांगों को लेकर अड़े रहे जहां रात में तहसील प्रांगण में बिजली एवं प्रकाश की सुविधा न होने पर तहसील प्रशासन पर आक्रोश व्यक्त किया तो वही धरने को संबोधित करते हुए केके मिश्रा ने कहा कि आज जिस तरह से शासन प्रशासन किसानों की अनदेखी कर रहा है इससे कहीं न कहीं अधिकारीयो की भ्रष्टाचार में संलिप्तता नजर आ रही है वही जिला अध्यक्ष राजू चौबे ने कहा कि किसान हित में अगर जान भी जाएगी तो परवाह नहीं करूंगा पर बिना समस्या का हल लिए तहसील नहीं छोड़ कर जाऊंगा। इस मौके पर पूरा दिन विपक्षी दलों के नेताओ और कार्यकताओं ने किसानों के समस्याओं के लेकर चल रहे धरना स्थल पर पहुंच कर समर्थन दिया। उक्त मौके पर प्रमुख रूप से मंडल उपाध्यक्ष राजेश पांडे मंडल सचिव प्रकाश सिंह पटेल युवा जिला अध्यक्ष पिंटू चौबे पप्पू शुक्ला हरि द्विवेदी शंभूनाथ शुक्ल पुश पुष्पराज शुक्ला मंगला कॉल अमित पांडे दिनेश पटेल प्रमोद मिश्रा सी कामता यादव चंद्रेश पांडे समाजसेवी के साथ सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

आमरण अनशन पर बैठे कोराव तहसील परिसर में किसान यूनियन के नेता

वैदिक मंत्रोच्चारण शंखनाद गूंज के बीच इंजीनियर घनश्याम पांडेय प्रतापपुर विधानसभा से बसपा प्रत्याशी बनाए गये

प्रतापपुर। बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान में मियांपुर खेल मैदान में गुरुवार को आयोजित एक दिवसीय बसपा कार्यकर्ता सम्मेलन में वैदिक मंत्रोच्चारण शंखनाद गूंज ध्वनि के बीच इंजीनियर घनश्याम पांडेय को प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र से बसपा प्रत्याशी बनाया गया है।मुख्य सेक्टर प्रभारी प्रयागराज जगन्नाथ पाल की अध्यक्षता में मियांपुर खेल मैदान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डाक्टर विजय प्रताप मुख्य सेक्टर प्रभारी प्रयागराज, आजमगढ़ मंडल, अशोक कुमार गौतम प्रभारी प्रयागराज मंडल, विशिष्ट अतिथि बाबू लाल भंवरा आदि बसपा पदाधिकारियों की उपस्थिति में प्रत्याशी प्रतापपुर बनाने की घोषणा की गई।इस अवसर पर निवर्तमान ब्लॉक प्रमुख प्रतापपुर पुनीत पांडेय, जिला पंचायत सदस्य बृजकुमारी पांडेय, नागेंद्र प्रताप सिंह, बच्चन मिश्रा प्रधान, सुनील मिश्रा प्रधान, दीपू सिंह, विवेक सिंह, आशुतोष तिवारी, विकास यादव, निहाल पांडेय सहित प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गाँव से आये तमाम बहुजन समाज पाटी के नेता, पदाधिकारी, कार्यकर्ता प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य आदि लोग मौजूद रहे।

जंघई मछलीशहर मार्ग जीर्ण शीर्ण आवागमन बाधित

जंघई। जंघई मछलीशहर मार्ग पर 24 घंटे छोटे बड़े वाहनों का आवागमन रहता है 20 किमी लंबाई की यह सड़क पूर्णतः गड्ढे में तब्दील हो चुकी है रोज दुर्घटना होती है। सड़क पर वाहन रेंगते हुए चलते हैं 20 से अधिक स्पीड गाड़ी नहीं चल सकती इतने अधिक गड्ढे हैं। बावजूद इसके प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों का ध्यान सड़क के गड्ढों पर नहीं जा रहा जिसके कारण आम नागरिकों में आक्रोश व्याप्त है।

अवैध वसूली का अड्डा बना मुंगारी टोल प्लाजा

अखंड भारत संदेस

करछना। मिजार्पुर प्रयागराज राजमार्ग पर स्थित मुंगारी में बने टोल प्लाजा पर अवैध वसूली का क्रम लगातार बढ़ता जा रहा है। यहां पर वसूली के चक्कर में आए दिन जाम लगा रहता है इससे स्थानीय नागरिकों एवं यात्रियों को भारी फजीहत का सामना करना पड़ता है। कभी-कभी तो इमरजेंसी के लिए मरीजों को लेकर जा रही एंबुलेंस भी फंस जाती है और मरीज रास्ते में ही दम तोड़ देते हैं। जिसको लेकर के स्थानीय लोगों ने कई बार आवाज उठाई पर झूठे मुकदमे में फंसा देने की धमकी देकर उनको शांत करा दिया जाता है। स्थानीय थाने एवं वहां पर तैनात पुलिस कर्मियों से शिकायत भी की जाती है तो भी कोई उचित कार्यवाही नहीं की जाती है। कोई सुनने वाला नहीं है। इस बात का संज्ञान उप जिलाधिकारी करछना के कानों में भी है परंतु वे भी मौन होकर के अवैध वसूली के पक्ष में दिखाई पड़ रहे हैं। साथ ही रात में वहां कई गुंडे तैनात किए जाते हैं जो जबरन स्थानीय लोगों को भी बेइज्जज करके जबरन वसूली की जाती है ये गुंडे स्थानीय पत्रकारों को भी नहीं छोड़ते हैं उनसे भी जबरन अभद्रता पूर्वक टोल टैक्स के नाम पर वसूली करते हैं। स्थानीय नागरिकों को भी टैक्स मजबूरी में देना पड़ता है। बताते चलें कि कृषि कार्य के लिए जा रहे ट्रैक्टर से भी यह गुंडे जबरन टोल टैक्स वसूल लेते हैं जिस पर स्थानीय नागरिकों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए चेतावनी दी है इस तरीके की अभद्रता बन्द नहीं की गई एवं स्थानीय नागरिकों के साथ रियायत नहीं की गई तो आंदोलन करने को मजबूर होंगे। उक्त प्रकरण में भारतीय किसान कल्याण संघ ने भी गंभीरता को संज्ञान में लेते हुए स्थानीय जिम्मेदार अधिकारियों एवं पुलिस विभाग के आला अफसरों से मामले को गंभीरता से संज्ञान में लेकर कार्यवाही करने की मांग करते हुए कहा है कि यदि इसी तरह से स्थानीय नागरिकों एवं किसानों का उत्पीड़न होता रहा तो संगठन के पदाधिकारी टोल टैक्स पर चक्का जाम करके आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

गुंडई के बल पर स्थानीय नागरिकों एवं किसानों से होती है जबरन वसूली, भारतीय किसान कल्याण संघ ने व्यक्त किया आक्रोश, कहा अवैध वसूली बंद नहीं हुई तो होगा चक्का जाम व आंदोलन

श्रीमद्भागवत कथा में भगवान गोवर्धन की हुई पूजा

अखंड भारत संदेस

करछना। तहसील क्षेत्र के गांव लखरावा में मॉ काली माता के मंदिर प्रांगण में चल रही नव दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन आचार्य विश्व नाथ महाराज एवं आचार्य हर्ष वर्धन महाराज की संगीत मय कथा राजा बलि के द्वार पर वामन भगवान का का वर्णन एवं भगवान तीन पग में सभी कुछ नाप लिए की कथा का विस्तार से वर्णन किया । बड़ी संख्या में भक्त जनों की भीड़ जुटी गांव की महिलाओं एवं पुरुषों ने भागवत कथा में बढ़-चढ़कर संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा रशावादन किया कार्यक्रम के महेंद्र कुमार यादव अध्यक्ष रोजगार संघ विकासखंड करछना के सौजन्य से संचालित कथा में वृंदावन से पधारे हर्षवर्धन महाराज श्री आचार्य विश्वनाथ यस जी महाराज की संगीत मय कथा से भक्ति भाव वर्णन कर ज्ञान संदर्भित किया । इस अवसर पर रवि यादव आशीष पाण्डेय के सहयोग से के योगदान से श्रीमद् भागवत कथा कथा के तीसरे दिन वृंदावन से पधारे हर्षवर्धन महाराज की कथा को बड़े हर्ष उल्लास के साथ भक्त जनों के बीच कहीं, इस मौके पर आशीष पांडेय प्रधान लखरावा महेंद्र यादव अमृतलाल अशोक भारतीय, अमृत लाल, रोहिणी प्रसाद पांडेय, नंद केशव, विमित पाण्डेय, सत्य प्रकाश पान्डे, के अलावा बडी संख्या में भक्तों की भीड़ रही।

मंच पर उपस्थित कथा वाचक व श्रोता जन

भागवत कथा के चौथे दिन श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर खूब बजी बधाइयां

करछना। करछना क्षेत्र के कबरा गांव में जन कल्याण हेतु चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह में बाल व्यास पंडित मुरारी जी महाराज ने भागवत कथा के चौथे बृहस्पतिवार के दिन श्री कृष्ण जन्मोत्सव की कथा का वर्णन किया। एवं बाल कृष्ण भगवान की भव्य झांकी भी प्रस्तुत कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। श्री कृष्ण जन्मोत्सव के समय खूब बधाइयां बजी। लोगों की ओर से पुष्प वर्षा की गई। साथ ही साथ महिलाओं की ओर से सोहर गीतों की प्रस्तुतियां भी हुई । संगीत कलाकारों में श्याम नारायण द्विवेदी हरि नारायण द्विवेदी राजेंद्र जोशी आदि कलाकारों ने अपने वाद्य यंत्रों के माध्यम से भजन संध्या प्रस्तुत कर खूब वाहवाही लूटी । वही कलाकारों की ओर से बाल कृष्ण भगवान की सुंदर व आकर्षक झांकी भी निकाली गई जो लोगों को आकर्षित करती रही ।मुख्य श्रोता यजमान स पत्नीक शिव प्रकाश तिवारी ने ब्यास सहित आचार्य जनों का माल्यार्पण कर स्वागत व अभिनंदन किया। आयोजक विवेक तिवारी व संयोजक विनय तिवारी ने सभी भक्तजनों के प्रति आभार जताया। इस मौके पर आचार्य पंडित सुरेश चंद्र शुक्ल प्रधानाचार्य केपी तिवारी महेंद्र तिवारी कृष्ण कुमार तिवारी कृष्ण कुमार मिश्र लालजी तिवारी प्रकाश पांडेय सुभाष सिंह राम चंद्र पांडेय श्याम नारायण हरि नारायण पिन्टू राजेंद्र पीके मिश्र वेदांत मिश्रा बरम दीन तिवारी श्याम नारायण पांडेय आदि भक्तगण मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

महिला स्वास्थ्य कर्मियों से बदसलूकी में तीन को जेल

प्रयागराज। स्वरूपरानी अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में महिला स्वास्थ्यकर्मियों के साथ बदसलूकी, सरकारी काम में बाधा और अमर्यादित आचरण करने के आरोप में कोतवाली पुलिस ने एक मरीज के तीन तीमारदारों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उनके खिलाफ महिला डॉक्टर ने कोतवाली में नामजद मुकदमा दर्ज कराया था। स्वरूपरानी अस्पताल की महिला डॉक्टर ने एक मरीज के तीमारदार राज राय, जितेंद्र राय और आदर्श राय के खिलाफ मारपीट, सरकारी काम में बाधा और छेड़खानी की धाराओं में 22 नवंबर को मुकदमा दर्ज कराया था। उनका आरोप था कि आरोपित एक मरीज के पेट दर्द की शिकायत लेकर भर्ती कराने पहुंचे थे। डॉक्टर ने चेकअप किया और मरीज की स्थिति के बारे में जांच की। आरोप है कि इस बीच मरीज के साथ पहुंचे तीमारदारों ने महिला डॉक्टर के साथ बदसलूकी शुरू कर दी। उनका हाथ पकड़ लिया और एक अन्य वीडियो बनाने लगा। वीडियो बनाने से रोकने पर हंगामा शुरू हो गया। बीच-बचाव में अन्य स्वास्थ्य कर्मचारी भी पहुंच गए लेकिन मरीज के तीमारदारों ने उन लोगों के साथ भी बदसलूकी की। इसकी जानकारी होने पर वहां पर जमकर हंगामा हुआ।

आखिर में सभी डॉक्टरों ने मिलकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया। कोतवाली पुलिस ने भी एफआईआर के आधार पर कार्रवाई कर दी। बताया जा रहा है कि परिजनों के माफी मांगने पर डॉक्टरों ने मुकदमा वापस लेने की बात कही है।

गोहरी गांव में दलित परिवार के चार लोगों की निर्मम हत्या

● बेटी से रेप की आशंका, आक्रोशित ग्रामीणों ने 4 घंटे तक शवों को नहीं उठाने दिया, फाफामऊ इंस्पेक्टर व एक सिपाही को आईजी ने किया सस्पेंड

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। फाफामऊ थाना क्षेत्र के गोहरी गांव में एक ही परिवार के चार लोगों की नृशंस हत्या कर दी गई। मृतकों में फूलचंद(50), उसकी पत्नी मीनू(45), बेटा शिव(10) और 17 वर्षीय बेटी शामिल हैं। सभी के खून से लथपथ शव सुबह घर के भीतर पड़े मिले। धारदार हथियार से हमला कर उन्हें मौत के घाट उतारा गया।दो दिन से उन्हें किसी ने नहीं देखा था। सुबह दरवाजा खुला होने की सूचना पर पड़ोस में रहने वाला भाई पहुंचा तो घटना की जानकारी हुई। घरवालों ने गांव के ही एक परिवार पर रंजिश में वारदात को अंजाम देने का आरोप लगाया है। हालांकि पुलिस कई अन्य बिंदुओं पर भी जांच में जुटी है। किशोरी का शव नग्न हाल में मिला, ऐसे में सामूहिक दुष्कर्म की भी आशंका है।दलित बिरादरी का फूलचंद मजदूरी करता था और गोहरी गांव स्थित घर में पत्नी, बेटी व बेटे के साथ रहता था। मंगलवार शाम आखिरी बार उसके बेटे शिव को ग्रामीणों ने देखा था। बुधवार को पूरे दिन घर से कोई बाहर नहीं निकला। गुरुवार सुबह गांव के ही चाट विक्रेता संदीप कुमार ने सामने से गुजरते वक्त घर का दरवाजा खुला देखा। भीतर झांकने पर कोई दिखाई नहीं दिया तो उसने कुछ दूर पर रहने वाले फूलचंद के भाई किशन को सूचना दी जो सीमा सुरक्षा बल में तैनात है और इन दिनों छुट्टी पर घर आया है। किशन ने बताया कि वह घर के भीतर पहुंचा तो वहां का नजारा देखकर उसके होश उड़ गए। बरामदे में दो अलग-अलग चारपाइयों पर उसके भाई व भाभी खून से लथपथ मृत पड़े थे जबकि बगल में ही भतीजे का शव पड़ा हुआ था। भीतर के कमरे में भतीजी मृत मिली। उसके शोर मचाने पर आसपास के लोग व अन्य परिवारीजन आ गए। एक साथ चार हत्याओं की सूचना पर सनसनी फैल गई और मौके पर आईजी राकेश सिंह, डीएम संजय खत्री, डीआईजी समेत अन्य अफसर पहुंच गए। कई थानों की फोर्स भी बुला ली गई। जांच पड़ताल के बाद पुलिस ने चारों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। तथा मृतकों के परिवारवालों का आरोप है कि गांव के ही कुछ दबंगों से उनका रास्ते की जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। वह पहले भी कई बार मारपीट कर चुके हैं और अक्सर जान से मारने को धमकाते थे। इसमें मुकदमे भी लिखवाए गए। भाई किशन ने आरोप लगाया कि इसी रंजिश में इस जघन्य हत्याकांड को अंजाम दिया गया।

मृतक फूलचंद के एक अन्य भाई लालचंद ने गांव के ही 11 लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर दी है।घटना से आक्रोशित परिजनों व ग्रामीणों ने 4 घंटे तक शवों को नहीं उठाने दिया। सुबह नौ बजे के करीब पुलिस मौके पर पहुंची। जांच पड़ताल के बाद शवों को कब्जे में लेना चाहा तो लोगों ने विरोध कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस ने शिकायतों को गंभीरता से लिया होता तो शायद इतनी बड़ी वारदात न होती। दो मुकदमे होने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की जिससे विपक्षियों का दुस्साहस बढ़ता गया। अफसरों ने दोषियों पर कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया, तब जाकर लोग शांत हुए और फिर दोपहर में करीब डेढ़ बजे शवों को मर्चरी भेजवाया गया। फिलहाल परिवारवालों की तहरीर पर नामजद केस दर्ज किया गया है। कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जमीन की रंजिश के अलावा कई अन्य बिंदुओं को भी ध्यान में रखकर जांच पड़ताल चल रही है। दुष्कर्म समेत अन्य बातें पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने केबाद ही स्पष्ट हो सकेंगी। -**सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी, डीआईजी**

गोहरी में चार लोगों की नृशंस हत्या के बाद घटनास्थल पर उमड़ी भीड़ तथा घटना की जानकारी देते डीआईजी

इससे पहले भी गंगापार में हो चुकी हैं हत्याएं

प्रयागराज। गंगापार का ये इलाका पिछले कई सालों से हत्याओं के लिए जाना जाने लगा है। एक ही परिवार के 4 लोगों की हत्या का मामला नई बात नहीं है। बीते कई सालों में एक ही परिवार के कई लोगों की हत्याएं हो चुकी हैं। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए। इस मामले में गांव और परिवार के लोगों से पुलिस पूछताछ कर रही है। पुलिस आरोपी परिवार से भी पूछताछ कर रही है।

महंत नरेंद्र गिरि की मौत की पत्रावली पहुंची सत्र न्यायालय

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। मठ बाघम्बरी गद्दी के महंत व अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रहे महंत नरेंद्र गिरि की मौत के मामले की पत्रावली मुकदमे के विचारण के लिए सेशन कोर्ट को हस्तांतरित कर दी गई है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट हरेंद्र नाथ ने मामले की पत्रावली सत्र विचारण के लिए सेशन कोर्ट को सुपुर्द कर दी जहां इस मामले की सुनवाई होगी।महंत नरेंद्र गिरि को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में जेल में बंद आनंद गिरि, आद्या प्रसाद तिवारी एवं उनके बेटे संदीप तिवारी के विरुद्ध सीबीआई द्वारा प्रस्तुत आरोप पत्र पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने संज्ञान लिया था। उक्त अपराध सत्र न्यायालय के परीक्षण से संबंधित है।यह घोषित करते हुए मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने मामले के परीक्षण के लिए पत्रावली सेशन कोर्ट को सुपुर्द किए जाने का आदेश दिया। अदालत के आदेश पर अभियोजन कागजात और आरोप पत्र की नकलें अभियुक्त गण को जेल में प्रदान की जा चुकी है। अब मुकदमे की विधिवत सुनवाई की प्रक्रिया प्रारंभ हो जाएगी।

हाईकोर्ट समाचार

जिला अदालतों की सुरक्षा को लेकर हाईकोर्ट सख्त

अखंड भारत संदेश

कैमरे लगाने, बयोमैट्रिक से प्रवेश की मांगी जानकारी

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश की जिला अदालतों में सुरक्षा बढ़ाने, सीसीटीवी कैमरे लगाने और बायोमैट्रिक कार्ड से प्रवेश देने जैसे तमाम सुरक्षा इंतजामों पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रदेश सरकार से जानकारी मांगी है। बिजनौर की जिला अदालत में वर्ष 2019 में हुई गोलीबारी की घटना के बाद हाईकोर्ट ने इस मुद्दे पर स्वतः प्रेरित जनहित याचिका कायम की है। याचिका पर न्यायमूर्ति सुनीत कुमार और न्यायमूर्ति समित गोपाल की पीठ सुनवाई कर रही है। कोर्ट ने सरकार से जानना चाहा है कि आजमगढ़ व लखनऊ अदालतों में बायोमेट्रिक कार्ड व्यवस्था कब तक लागू होगी। इससे पहले कोर्ट ने पूछा था कि अदालतों में कितने सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की मंजूरी दी गई है। सितंबर 21 तक इस मामले में कोई भी प्रगति न होने पर कोर्ट ने नाराजगी जताई थी। 20 फरवरी 20 से धन स्वीकृत नहीं हो सका है। कोर्ट ने सरकार को अदालतों में उचित सुरक्षा व्यवस्था करने का निर्देश दिया था। याचिका की सुनवाई दो दिसंबर को होगी।

विवाह के लिए नाबालिग का जबरन धर्मांतरण कराने के आरोपी की जमानत खारिज

प्रयागराज। जिला न्यायालय ने नाबालिग से दुष्कर्म करने और उसके जन्मतिथि में छेड़छाड़ कर कूटरचित दस्तावेज बनाने और विवाह के लिए जबरन धर्मांतरण के आरोपी अदनान खान की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। यह आदेश विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट वीरभद्र ने विशेष लोक अभियोजक विनय तिवारी और मनोज तिवारी को सुन कर दिया है। प्रकरण हंडिया थाने का है। वादी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी 15 वर्षीय नातिन लॉकडाउन के कारण स्कूल बंद होने की वजह से तीन-चार माह से उसके घर पर रह रही थी। 18 अगस्त 2021 को वह गायब हो गई। परिवार के लोग उसका पता लगा रहे थे कि अभियुक्त अदनान खान उसको बहला-फुसलाकर ले गया है। अभियुक्त पर आरोप है कि उसने नाबालिग पीड़िता की जन्मतिथि में छेड़छाड़ कर फर्जी कूटरचित पहचान पत्र और अन्य कागजात बनवाए तथा उसके साथ दुष्कर्म किया और धर्म परिवर्तन कर विवाह करने का प्रयास कर रहा था। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ आईपीसी, पॉक्सो एक्ट, धोखाधड़ी एवं धर्मांतरण प्रतिषेध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर विवेचना की और आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया है। अदालत ने अपराध की गंभीरता को देखते हुए अभियुक्त की जमानत अर्जी खारिज कर दी है।

श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों के बच्चों को निशुल्क साइकिल का वितरण हुआ

अखंड भारत संदेश

जसरा। विकास खंड जसरा में गुरुवार को श्रम विभाग द्वारा संत रविदास शिक्षा सहायता योजना के अन्तर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों को श्री ईश्वरदीन छेदीलाल इण्टर कालेज जसरा के सभागार में निःशुल्क साइकिल वितरण का आयोजन किया गया। साइकिल वितरण के मुख्य अतिथि विधायक बारा डॉ०अजय कुमार व विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष यमुनापार विभव नाथ भारती रहे।

विधायक बारा डॉ० अजय कुमार और जिलाध्यक्ष यमुनापार विभव नाथ भारती ने हरी झंडी दिखाकर साइकिल का वितरण किया। वहीं साइकिल पाकर बच्चे प्रसन्नता से झूम उठे। विधायक बारा डा०अजय कुमार ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा गांव के गरीब,असहाय श्रमिकों के बच्चों को साइकिल देने का निर्णय लिया गया है। जिससे श्रमिकों के बच्चे समय से विद्यालय पहुंच सकें और अपनी पढ़ाई पूरी कर सकें। जसरा कालेज हाल में लगभग 747 बच्चों और बच्चियों को साइकिल दिया गया। विधायक बारा डा० अजय कुमार ने बताया कि जिन श्रमिकों के बच्चे साइकिल से वंचित रह गए हैं उनके माता-पिता श्रमिक कार्यालय में पंजिकरण कराकर साइकिल प्राप्त कर सकते हैं। इस मौके पर जिलाध्यक्ष यमुनापार विभव नाथ भारती, विद्यालय के प्रबंधक बाबू विश्वनाथ प्रसाद जी गुप्त,रामानंद त्रिपाठी, मोहन यादव,सहायक श्रम आयुक्त लालाराम, उप श्रम आयुक्त दिनेश चंद्र सरोज ,निरंकार सिंह ,शक्ति राय, तहसीलदार बारा गणेश सिंह,अम्बुज त्रिपाठी, पूर्व प्रधान शंकरलाल गुप्ता, अशोक तिवारी, बीरेन्द्र पाठक,प्रीतम केसरवानी, सुरेश चन्द्र मालवीय,नीशू केसरवानी एवं श्रम विभाग के दर्जनों स्टाफ सहित सैकड़ों बच्चे व उनके परिजन उपस्थित रहे।

संत रविदास शिक्षा सहायता योजना द्वारा निःशुल्क साइकिल का वितरण करते

आरओ/एआरओ 2021 प्रारंभिक परीक्षा के एडमिट कार्ड जारी, 5 दिसंबर को परीक्षा

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) की ओर से पांच दिसंबर को 22 शहरों में समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (सामान्य/विशेष चयन) आरओ/एआरओ 2021 की प्रारंभिक परीक्षा कराई जाएगी। आयोग के परीक्षा नियंत्रक अरविंद कुमार मिश्र के अनुसार अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र वेबसाइट पर जारी कर दिए गए हैं। यूपीपीएससी आरओ/एआरओ भर्ती क लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थी अपने एडमिट कार्ड आयोग की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। अभ्यर्थी अपने रजिस्ट्रेशन नंबर और जन्म तिथि के आधार पर प्रवेश पत्र और अनुदेश डाउनलोड कर नियत तिथि पर परीक्षा केंद्र पर दो फोटो और आईडी प्रूफ की मूल एवं छायाप्रति लेकर उपस्थित हों। परीक्षा दो पालियों में सुबह 9:30 से 11:30 बजे तक और 2:30 से 3:30 बजे तक कराई जाएगी। इसके लिए कुल 1214 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। सामान्य चयन के 228 और विशेष चयन के 109 कुल 337 पदों के लिए 559165 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। इस प्रकार एक पद के लिए औसतन 1659 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया हैं। परीक्षा आगरा, बस्ती, इटावा, गाजीपुर, प्रयागराज, आजमगढ़, बरेली, गोरखपुर, अयोध्या, गाजियाबाद, जौनपुर, झांसी, कानपुर नगर, लखनऊ, बाराबंकी, मेरठ, मुरादाबाद, रायबरेली, वाराणसी, सीतापुर, मिजार्पुर व मथुरा में कराई जाएगी।

कार्यालय ग्राम पंचायत भिस्कुरी वि. ख. जसरा, प्रयागराज

अल्पकालीन निविदा

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी योजना/राज्य वित्त योजना अन्तर्गत वर्ष 2021–22 में प्रस्तावित निम्नलिखित कार्यो हेतु सामग्री आपूर्ति पंजीकृत एवं अधिकृत विक्रेता से दिनांक 26–11–2021 से 10–12–2021 तक सायं 4:30 बजे तक निविदायें आमंत्रित की जाती है। दिनांक 10–12–2021 को सायंकाल 4: 30पर निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय पर निविदादाताओं एवं प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी।

क्र0	कार्य का विवरण	ग्राम पंचायत	योजना/ मद	अनुमानित लागत (लाख में)	निविदा मूल्य रू. में	धरोहर राशि	कार्य की अवधि
1.	जरिहा रोड से शिवचरन के घर तक इंटरलाकिंग कार्य	भिस्कुरी	मनरेगा/रा.वि. पन्द्रहवां वित्त	2.98	500	6000	15 दिन
2.	रैपुरा माइनर से शिवचरन के घर तक इंटरलाकिंग कार्य	भिस्कुरी	मनरेगा/रा.वि. पन्द्रहवां वित्त	3.59	500	8000	15 दिन
3.	रैपुरा माइनर से इमलेश कुशवाहा के घर तक इंटरलाकिंग कार्य	भिस्कुरी	मनरेगा/रा.वि. पन्द्रहवां वित्त	3.71	500	7000	15 दिन

सामान्य शर्तें :– 1. कार्य की सम्पूर्ण जानकारी किसी भी कार्य दिवस में ग्राम विकास अधिकारी कार्यालय से ली जा सकती है। 2. निविदा दाता/कोटेशन दाता को समस्त रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र जीएसटी नम्बर के साथ रजिस्ट्रेशन प्रमाण निविदा कोटेशन के साथ संलग्न करना होगा। 3. निविदा धरोहर धनराशि 2 प्रतिशत जमानत के रूप में एफ.डी.आर./एन.एस.सी. जमा करना होगा।4. निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय दिनांक 10.12.2021 तक पूर्वान्हन 12.00 बजे तक प्राप्त कर सकते हैं। 5. किसी निविदा/कोटेशन को निरस्त करने का सर्वाधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। 6. सभी कार्यो के लिए अलग–अलग निविदा/कोटेशन स्वीकार्य की जायेगी। 7. सशर्त निविदा स्वीकार नही होगी।

नोट–निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत कार्यालय भिस्कुरी से प्राप्त की जा सकती है एवं ग्राम पंचायत कार्यलय भिस्कुरी में समस्त निविदाएं भी खोली जायेगी।

सुनीता देवी
(ग्राम प्रधान)
ग्राम पंचायत भिस्कुरी
वि. ख. जसरा, प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/मनरेगा राज्य वित्त/ 2021–22/ दिनांक 25.11.2021

नितेश कुमार
ग्राम पंचायत/विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत भिस्कुरी
वि. ख. जसरा, प्रयागराज।

एनजीटी की टीम ने वाशिंग प्लांट का किया मुआयना

प्लांटों पर पानी, बोर के अलावा स्थानीय जलस्तर का किया मूल्यांकन

एनजीटी की टीम के साथ एडीएम प्रशासन व माइंस विभाग भी रहा मौजूद

अखंड भारत संदेश

शंकरगढ़। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल लखनऊ (राष्ट्रीय हरित अधिकरण) की टीम ने माइंस विभाग के साथ गुरुवार को यमुनापार के विभिन्न वाशिंग प्लांटों का दौरा किया। एनजीटी की टीम ने वाशिंग प्लांटों के विभिन्न स्रोतों के साथ सफाई के लिए इस्तेमाल होने वाले पानी, बोर की स्थिति और स्थानीय वाटर स्टेटस की जानकारी प्राप्त की।

बताया जाता है कि गुरुवार को पूर्वाह्न जैसे ही गाड़ियों का काफिया क्षेत्रीय वाशिंग प्लांटों पर पहुंचने लगा, प्लांट संचालकों में हड़कंप मच गया। एनजीटी और माइंस विभाग की टीम ने इलाहाबाद-बांदा राजमार्ग (चित्रकूट हाईवे) और प्रतापपुर हाईवे पर स्थित विभिन्न वाशिंग प्लांटों का औचक निरीक्षण किया। कई स्थानों पर टीम ने वाशिंग प्लांटों के कागजात भी खंगाले। टीम का सर्वाधिक फोकस पानी पर रहा कि वाशिंग प्लांटों पर पानी का इस्तेमाल किस तरीके से और कितनी मात्रा में किया जा रहा है। पानी निकलने वाले बोर के संबंध में भी गहनता से पूछताछ की गई। बताया जाता है कि एनजीटी व माइंस विभाग की टीम के निरीक्षण के दौरान इलाके के सभी वाशिंग प्लांटों में सन्नाटा पसरा रहा। जानकारी देने के लिए इक्का-दुक्का लोग ही नजर आए। औचक जांच के संबंध में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के अफसरों ने बताया कि यह रूटीन जांच थी। इसकी रिपोर्ट ऊपर अधिकारियों को प्रेषित की जाएगी। जांच के दौरान एडीएम (प्रशासन) के साथ शंकरगढ़ थाने से सब इंस्पेक्टर ऋतुराज सिंह भी मौजूद रहे।

नेशनल ग्रीन ड्रिब्यूनल लखनऊ (राष्ट्रीय हरित अधिकरण) की टीम वाशिंग प्लांट का मुआयना करती।

कार्यालय ग्राम पंचायत बस्तर वि. ख. करछना प्रयागराज

टेण्डर/कोटेशन

मनरेगा/चतुर्थ राज्य वित्त/14वां/15वां वित्त योजनाअन्तर्गत ग्राम पंचायत बस्तर विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यो के आगणन /प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति भाड़ा सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 25–11–2021 से दिनांक 30–11–2021 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं नियम व शर्ते किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत बस्तर में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 05–12–2021 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेन्डर/कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 05–12–2021 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस–जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है उत्तर प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा। जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्ते लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु यथोचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

क्र0	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में) सामग्री अंश	सामग्री अंश आपूर्ति की अवधि
1.	ग्राम सभा के पंचायत भवन का मरम्मत कार्य	450000	15 दिन
2.	बनारसी लाल के घर से विजय बहादुर के खेत तक इंटरलाकिंग कार्य	765000	15 दिन
3.	गोमा लाल के कुआं से आदित्य पटेल के खेत तक पक्की नाली अंडरग्राउण्ड	215000	15 दिन
4.	मुन्शी लाल के घर से जोखू के घर तक पक्की नाली अंडरग्राउण्ड	17500	15 दिन

कृष्ण देव
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत बस्तर
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/ग्राम पं. वि. अ./टेण्डर/ कोटेशन/ 2020–21/ दिनांक

राम सकल
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत बस्तर
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

नरहरपुर अण्डरपास के लिये ग्रामीणों ने एडीएम को सौंपा ज्ञापन

यूथ कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में ग्रामीण हुए एकत्र

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। यूथ कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ0 नीरज त्रिपाठी के नेतृत्व में नरहरपुर अंडरपास को लेकर ग्राम सभावासियों के साथ जिलाधिकारी के कैम्प कार्यालय पर पहुंचकर अपर जिलाधिकारी को समस्याओं से अवगत कराते हुए उन्हें ज्ञापन सौंपा गया।

बता दें कि नरहरपुर रोड पर स्थित रेलवे क्रासिंग पर अंडरपास निर्माण हेतु चल रहे निरंतर प्रयासों की कड़ी में रेलवे अंडरपास संघर्ष सभा के सक्रिय कार्यकताओं एवं क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों द्वारा पड़री पाल की बाग में अनवरत धरना प्रदर्शन का आयोजन चल रहा है। इस दौरान कांग्रेस प्रत्याशी 248 प्रतापगढ़ विधानसभा डॉ0 नीरज त्रिपाठी ने कहा कि प्रयागराज-अयोध्या राजमार्ग से विकासखंड मंगरौरा के नरहरपुर ग्रामसभा के मध्य स्थित क्रासिंग पर अण्डर पास न होने की दशा में लगभग तीस गांव प्रभावित है, जिससे उक्त गांव के लोगों को आने जाने में परेशानी है। कोई बीमार हो जाए तो एंबुलेंस नहीं पहुंच पाती है जिसकी वजह से कई दुर्घटनाएं हो चुकी है। इन सभी गांव की समस्याओं को लेकर ग्रामसभा वासियों के साथ कई बार जिला अधिकारी के कैम्प कार्यालय पर पहुंचकर अपर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। उक्त अवसर पर प्रमुख रूप से जिला पंचायत सदस्य मोहित सिंह, बंश प्रकाश सिंह, गया प्रसाद तिवारी, राज कपूर सिंह, आलोक चतुर्वेदी, रमेश सिंह, ज्ञान प्रकाश सिंह, मोनू चौबे, प्रवीण चतुर्वेदी, राहुल सिंह, नीरज सिंह, योगेश सिंह, मोनू तिवारी, राम ललन वर्मा, राज कुमार सरोज, बलदेव सरोज, कल्लू वर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

एडीएम को ज्ञापन सौंपते पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डा0 नीरज त्रिपाठी

चार आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने जमीनी विवाद मे जानलेवा हमले को लेकर चार आरोपियो के खिलाफ हत्या के प्रयास तथा गालीगलौज व मारपीट एवं धमकी का केस दर्ज किया है।

वहीं पुलिस ने घटना मे नामजद दो आरोपियो को हिरासत मे लेकर जेल भी भेज दिया है। कोतवाली के मोठिन निवासी फेरई के पुत्र रामलखन सरोज ने दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती चौबीस नवंबर को जमीनी विवाद मे गांव के भारत लाल सरोज व महेश सरोज तथा शत्रुध्न पुत्रगण बृजलाल एवं राजकुमार पुत्र हरिकेश ने लाठी डंडे व कुल्हाडी से उसके घर हमला कर दिया। आरोपियो ने पीडित के बेटे दीपचंद्र व धन्नो देवी के सिर पर कुल्हाडी से वार कर दिया। अत्यधिक खून बहनें से धन्नों देवी मौके पर बेहोश हो गयी। पीडितो के शोर मचाने पर गांव के लोग दौडे तो आरोपी गालीगलौज करते जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने बुधवार की रात आरोपी भारत लाल समेत चार के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत कई गंभीर धाराओं मे केस दर्ज किया है। इधर घटना मे कोतवाली के दरोगा जयकिशुन ने गुरूवार की सुबह आरोपियो के घर दबिश दी। इसके तहत पुलिस ने महेश व शत्रुध्न को हिरासत मे ले लिया। कोतवाल कमलेश पाल का कहना है कि अन्य वांछित आरोपियो को भी शीघ्र दबोचा जाएगा।

मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज

परियावां, प्रतापगढ़। नवाबगंज थाना क्षेत्र के ककरिहा गांव निवासी शबाना बानो पत्नी मुहम्मद मुस्तकीम ने गांव के फिरोजा बानो पत्नी अमीर हसन, बाबू पुत्र अमीर हसन, बाजी पुत्र अमीर हसन व सज्जन पुत्र अज्ञात के खिलाफ वादिनी शबाना बानो के बच्चों को खाना मांगने पर मारने पीटने गाली गलौज व जान से मारने की धमकी के मामले में मुकदमा दर्ज किया।

सभी कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी का करें निर्वहन : डा0 लालजी

कार्यकताओं की बैठक में बोलते अतिथिगण

आज से कांग्रेस चलाएगी सदस्यता महा अभियान

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर आम आदमी को कांग्रेस से जोड़ने के लिए उत्तर प्रदेश में कांग्रेस 26 नवंबर से 10 दिसंबर 2021 तक सदस्यता महा अभियान चलाकर एक करोड़ लोगों को सदस्य बनाएगी।

यह जानकारी देते हुए जिलाध्यक्ष डॉ0 लालजी त्रिपाठी ने सभी जिम्मेदारों को सदस्यता अभियान का जिम्मा सौंपते हुए कहा कि सभी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन ईमानदारी के साथ करें, जिससे कि लक्ष्य को आसानी से हासिल किया जा सके। इस अवसर पर उ0प्र0कांग्रेस कमेटी के महासचिव व प्रतापगढ़ प्रभारी मुकुंद तिवारी ने कहा कि सभी साथियों को लक्ष्य हासिल करने के लिए, पूरे मनोयोग से कार्य करना होगा।

उ0प्र0 कांग्रेस कमेटी के सचिव व प्रतापगढ़ प्रभारी रंजीत सिंह सलूजा ने कहा कि सदस्यता अभियान को पूरा करने के लिए सभी को मिलजुल कर प्रयास करना होगा। इस अवसर पर डा0 वी0के0सिंह, इरफान अली, वेदान्त तिवारी, डॉ0 नीरज त्रिपाठी, महेंद्र शुक्ल, मो0 यूसुफ, मनीष सिंह, धर्मेंद्र तिवारी, मेराज अंसारी, अनिल पटेल, शिव शंकर मिश्र, गोविंद सरोज, बैजनाथ यादव, चरण सिंह यादव, मो0दिलशाद, करुण पांडेय, प्रेम शंकर द्विवेदी, अब्दुल रहमान, दिलीप गौतम, ज्योति तिवारी, आशुतोष तिवारी, बृजेश पांडेय, इंद्रानंद तिवारी, राजेन्द्र वर्मा, कमला शंकर, संदीप सिंह, अशोक सिंह, सरोज कश्यप, सोनी तिवारी, रामधन यादव सहित अनेक कांग्रेस जन मौजूद रहे।

अफसरों की कार्यशैली से खफा अधिवक्ता, हड़ताल की दी चेतावनी

प्रतापगढ़। संयुक्त अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों की गुरूवार को हुई बैठक मे तहसीलदार तथा नायब तहसीलदार की कार्यशैली को लेकर असंतोष जताया गया। नाराज अधिवक्ताओं ने शुक्रवार को नायब तहसीलदार के न्यायालयों मे न्यायिक कामकाज के बहिष्कार की भी एसडीएम को पत्रक देकर घोषणा किया है। अधिवक्ताओं का आरोप है कि नायब तहसीलदार तहसील परिसर मे अपनी उपलब्धता नहीं सुनिश्चित कर पा रहें है। ऐसे मे फरियादियों को कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन मे कहा गया है कि दोनों न्यायालयों मे मुकदमों की सुनवाई मे भी लगातार शिथिलता बरती जा रही है। एसडीएम की ना मौजूदगी मे मांग पत्र तहसीलदार जावेद को वकीलों ने सौपते हुए शुक्रवार को कार्य बहिष्कार किये जाने की चेतावनी दी है। बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष राममोहन सिंह व संचालन महामंत्री प्रवीण यादव ने किया। इस मौके पर उपाध्यक्ष संतोष पाण्डेय, गयाप्रसाद मिश्र, हरिशंकर द्विवेदी, कमलेश तिवारी, रामकिंकर शुक्ल, धीरेन्द्र शुक्ल, सिंटू मिश्र, राजेश्वर यादव, रोशनलाल सरोज व अजीत यादव आदि रहे।

रामपुर खास में सर्वांगीण विकास के मिशन को सदैव मिलती रहेगी मजबूती: प्रमोद तिवारी

विधायक मोना ने करोड़ों की पेयजल व सौपी सड़क सौगात

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधान मण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने सीडब्ल्यूसी मेंबर प्रमोद तिवारी के साथ गुरूवार को रामपुर खास मे लोगों को करोड़ो की शुद्ध पेयजल तथा सड़क संसाधनो की सौगात सौपी।

विधायक मोना व प्रमोद तिवारी ने नौढिया गांव मे बाइस पुरवो के लिए होने वाले पेयजल आपूर्ति के लिए सात करोड बयासी लाख लागत से बनने वाली पीने के पानी की टंकी का भूमिपूजन किया। वहीं विधायक मोना ने राज्य सड़क निधि के अर्न्तगत छियालिस लाख की लागत से नौ सौ मीटर नवनिर्मित नौढ़िया पिचमार्ग की भी सौगात दी। प्रमोद तिवारी व विधायक मोना ने क्षेत्र मे लोक निर्माण विभाग से स्वीकृत हाइवे से चेरगढ़ एक किलोमीटर बनने वाली छप्पन लाख की लागत से पिच मार्ग की भी समारोहपूर्वक आधारशिला रखी। नौढिया मे आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए सीडब्ल्यूसी मेंबर प्रमोद तिवारी ने कहा कि वह विधायक मोना के जारी विकास के इस मिशन को सर्वांगीण विकास के रूप मे मजबूती देते रहेंगे। आभार प्रदर्शन जिला पंचायत सदस्य लालजी यादव तथा सह संयोजन जिपं सदस्य रघुनाथ सरोज ने किया। कार्यक्रम का संयोजन नागेन्द्र सिंह व गंगाराम सरोज तथा दिनेश सिंह ने किया। इस मौके पर प्राचार्य डा. विनय द्विवेदी, प्रधान शैलेन्द्र निर्मल, स्वामी अनिरूद्धाचार्य, श्रीनारायण तिवारी, राममिलन तिवारी, भगवती प्रसाद तिवारी, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, आशीष उपाध्याय, रोहित शुक्ल, राजू यादव, इं. सुनील पाण्डेय, रवीन्द्र मिश्र, दुर्गेश पाण्डेय, पवन जायसवाल, फकीरे लाल साहू आदि लोग मौजूद रहे।

जनसभा को संबोधित करती रामपुरखास की विधायक आराधना मिश्रा मोना

बस्ती ग्राम में हुआ भारत माता पूजन व आरती

अमृत महोत्सव आयोजन द्वारा हुआ कार्यक्रम

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। अमृत महोत्सव आयोजन समिति द्वारा बस्ती ग्राम में भारत माता पूजन और आरती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के प्रति लोगों में अपार श्रद्धा और समर्पण का भाव दिखा।

जिला संयोजक प्रभाशंकर पांडेय ने बताया कि जिले के सभी विकास खंडों और प्रतापगढ़ नगर में प्रतिदिन आरती और पूजन के कार्यक्रम के साथ साथ छोटी छोटी गोष्ठियाँ भी आयोजित की जा रही हैं, जिसमें भारत के इतिहास विशेष रूप से 1498 से लेकर 1947 के मध्य के स्वाधीनता संग्राम के संदर्भ में चर्चा परिचर्चा का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इसी क्रम में आज प्रातः काल जयंती नगर, बाबागंज में भी सहसंयोजक अनामिका उपाध्याय के संयोजन में सामाजिक कार्यकताओं के मध्य भव्य आरती और पूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। उन्होंने बताया कि आने वाले सप्ताह में महाविद्यालयों और विद्यालयों में बड़ी-बड़ी संगोष्ठी आयोजित करने की योजना है जिसका क्रियान्वयन शीघ्र ही आरंभ हो जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि महोत्सव के आयोजन में ग्राम समितियों के कार्यकताओं द्वारा व्यापक संपर्क करके अभियान को गति प्रदान की जा रही है। इस अवसर पर डॉक्टर पीयूष कांत शर्मा ने कहा कि महोत्सव आयोजन के क्रम में इतिहास विषय पर महाविद्यालयों में व्यापक कार्यक्रम की योजना बन गई है। इस अवसर पर डॉ चक्रपाणि, गोविंद खंडेलवाल, अनुज कपूर, रमेश त्रिपाठी, शिव शंकर सिंह, वीके द्विवेदी, संदीप रावत, शीतांशु ओझा, प्रभात मिश्र, दिनेश अग्रहरि, संजय तिवारी, राजा सिंह, उमा शंकर सोनी आदि रहे।पोस्टर प्रतियोगिता में विकास व निबंध प्रतियोगिता में सेजल अव्वल

बस्ती ग्राम में पूजन व आरती करते अतिथिगण

किशोरी को भगाने का आरोपी धराया

प्रतापगढ़। नवाबगंज थाना प्रभारी रुकुमपाल सिंह के निर्देश पर क्षेत्र चेकिंग व वाहन चेकिंग व अभियुक्तों की धर पकड के दौरान मुखबिर की सूचना पर उपनिरीक्षक सुरेंद्र सिंह व आरक्षी नागेंद्र यादव, महिला आरक्षी प्रियंका देबी ने थाना क्षेत्र के आलापुर बस अड्डा के पास भागने के फिराक में बैठे आरोपी सूरज यादव पुत्र शिव बालक यादव निवासी खोजकलापुर मजरे हमीदपुर बड़ा गांव थाना ऊंचाहार जनपद रायबरेली को गिरफ्तार कर थाने ले गई, जहां लिखा पढ़ी करके आरोपी को न्यायालय भेज दिया। आरोपी के खिलाफ थाने में मुकदमा अपराध संख्या 180/21 धारा 366/366 का मुकदमा दर्ज है।

सड़क दुर्घटना में घायल युवक की रास्ते में मौत, घर में मचा कोहराम

अखंड भारत संदेश

परियावां, प्रतापगढ़। प्रयागराज-लखनऊ नेशनल हाइवे पर बुधवार की बीती रात अज्ञात वाहन की टक्कर से गम्भीर रूप से घायल युवक की रास्ते मे मौत हो जाने से परिजनों में चीख पुकार मच गई। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

घटना के बारे में बताया जाता है कि थाना क्षेत्र के बरियावां निवासी सुरेश कुमार पुत्र शंकर लाल यादव (33) वर्षीय बुधवार की देर रात लगभग नौ बजे अपनी मोटरसाइकिल से ऊंचाहार से घर बरियावां जा रहा कि थाना क्षेत्र के अहमदगंज गांव के सामने पुलिया के पास पीछे से हाई स्पीड से आ रही ट्रक ने जोरदार टक्कर मारते हुए फरार हो गया। घटना स्थल पर सड़क किनारे खून से लथपथ सुरेश पड़ा रहा। घटना की जानकारी मिलते ही नवाबगंज प्रभारी रुकुमपाल सिंह अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे और गम्भीर रूप से घायल सुरेश को उपचार के लिए लखनऊ ले जा रहे थे कि रास्ते मे मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव की लिखा पढ़ी करके पीएम के लिए भेजा। मृतक सुरेश के भाई राकेश पुत्र शंकर लाल यादव ने पुलिस को अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ वाहन को लापरवाही व स्पीड से चलाते हुए मार डालने की तहरीर दी है। पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।

नो एंट्री में खड़ी बाइकों का जीआरपी ने किया चालान

पुलिसिया कार्यवाई से मचा हड़कंप, भागे टेम्पों और ई रिक्शा

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। राजकीय रेलवे पुलिस ने गुरुवार को स्थानीय जंक्शन के बाहर चेकिंग अभियान चलाया। जिसमें नो एंट्री में खड़े चार बाइकों का चालान किया गया। पुलिसिया कार्यवाई से परिसर में हड़कंप रहा। जीप,टेम्पों और ई रिक्शा वाले भागते नजर आये।

दरअसल, रेलवे परिसर से आये दिन बाइक चोरी हो रही है। वाहन स्टैंड में लोग बाइक खड़ी करने की जरूरत नहीं समझते हैं। जब बाइक हो जाती है तो हाय तौबा मचती है। उस समय न जीआरपी सुनती है न ही कोतवाली। दोनो ही घटनास्थल का मुद्दा बनाते हैं। इस बीच कई बाइक चोरी हुई। सूत्रों के अनुसार चोर परिसर के ही हैं। जो सवारी वाहन ड्राइवर के वेश में टहलते रहते हैं। मौका मिलते ही बाइक उड़ा देते हैं। बाइक चोरी की घटनाओं को रोक पाने में पुलिस अभी तक नाकाम रही है। एसओ जीआरपी ने बताया कि अभिनय चलाकर नो एंट्री में खड़ी चार बाइक का चालान किया गया। यात्रियों से कहा गया कि वे अपने वाहन स्टैंड में रखे। अन्यथा चालान होगा।

प्लेटफार्म पर फैली गंदगी से होकर गुजरे यात्री

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। स्थानीय रेलवे जंक्शन का सफाई का टेंडर बुधवार को समाप्त हो गया। जिससे गुरुवार को सफाई नहीं हुई। कूड़ा न उठने से चारों तरफ फैली गंदगी के बीच होकर मुसाफिरों को जाना पड़ा। गंदगी और बदबू से यात्रियों का प्लेटफार्म पर बैठना मुहाल हो गया। रेलवे के दफ्तरों में डस्टबिन से कूड़ा फेंका नहीं गया। जिससे जगह जगह कूड़े का अंबार लगा था। एसएस एसके यादव ने बताया कि सफाई का ठेका खतम हो गया है। नये ठेके के लिए अधिकारियों को पत्र भेजा गया है।

किशोरी बहला फुसलाकर भगाने के मामले में मुकदमा दर्ज

अखंड भारत संदेश

परियावां, प्रतापगढ़। नवाबगंज पुलिस ने थाना क्षेत्र के कोथरिया निवासी शिव भवन यादव पुत्र भगौती प्रसाद यादव की तहरीर पर वादिनी की पुत्री को बहला फुसला कर शादी का झांसा देकर घर से भगा ले जाने के मामले में सूरजपाल यादव पुत्र शिव बालक यादव, शिवा पटेल पुत्र राजकुमार पटेल, मोनू पटेल पुत्र राजकुमार पटेल निवासीगण खोजकलापुर मजरे हमीरपुर बड़ा गाँव ऊंचाहार जनपद रायबरेली के खिलाफ 363/366 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

सड़क हादसे में घायल युवक की मौत

पट्टी, प्रतापगढ़। कंधई थाना क्षेत्र के जगदीश गढ़ निवासी मिठाई लाल का बेटा गणेश कुमार सरोज (42) मंगलवार शाम लगभग साढ़े छः बजे घर में आयोजित मांगलिक कार्यक्रम में खाना बनाने के लिए अपने रिश्तेदार की बाइक से थाना क्षेत्र के सोनाही बाजार स्थित टेंट हाउस से बर्तन लेने गया था। वहां से वह रिश्तेदार की बाइक पर पीछे बैठकर घर आ रहा था। रास्ते में उड़ैयाडीह शीतलागंज रोड पर सोनाही गांव के पास पीछे से तेज रफ्तार से आ रहे दूसरे बाइक सवार ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे गणेश सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे उपचार के लिए सीएचसी बाबाबेलखर नाथ धाम ले जाया गया। वहां से प्राथमिक इलाज के बाद जिला मेडिकल अस्पताल रेफर कर दिया गया, नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने जिला अस्पताल से प्रयागराज रेफर कर दिया गया। वहां बुधवार को देर शाम उपचार के दौरान गणेश की सांसें थम गई।

हेमवतीनंदन बहुगुणा पीजी कालेज में हुई प्रतियोगिता

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। हेमवतीनंदन बहुगुणा पी0जी0 कॉलेज, लालगंज के सभागार में लालगंज एवं लक्ष्मणपुर विकास खंड से कुल पाँच महाविद्यालयों के छात्र छात्राओं ने परिवहन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के आह्वान पर सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता, वाद विवाद प्रतियोगिता तथा पोस्टर प्रतियोगिता अयोजित की गयी जिसमे लालगंज तथा लक्ष्मणपुर विकास खंड के कुल पाँच महाविद्यालयों ने भाग लिया।

प्रत्येक महाविद्यालय से चयनित नौ छात्र छात्राओं ने अर्थात कुल पैतालीस छात्रों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान विकास वर्मा, सरस्वती विद्यामंदिर पी0जी0 कॉलेज, लालगंज, द्वितीय स्थान अनुष्का मिश्रा, हेमवतीनंदन बहुगुणा पी0जी0 कॉलेज, तृतीय स्थान रोशनी जायसवाल, भागवत दत्त पी0जी0 कॉलेज को मिला। निबंध प्रतियोगिता में सेजल कौशल, सरस्वती विद्या मंदिर पी0जी0 कॉलेज को प्रथम स्थान, अनुष्का मिश्रा, हेमवतीनंदन बहुगुणा पी0जी0 कॉलेज को द्वितीय स्थान सुनिधि तिवारी, सरस्वती विद्या मंदिर पी0जी0 कॉलेज को तृतीय स्थान मिला। इसी प्रकार भाषण प्रतियोगिता में अनुष्का मिश्रा, हेमवतीनंदन बहुगुणा पीजी0 कॉलेज को प्रथम, इसी कॉलेज के पीयूष पांडेय को द्वितीय तथा शिवानी पांडेय, भागवत दत्त पी0जी0 कॉलेज को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हेमवतीनंदन बहुगुणा पी0जी0 कॉलेज के प्राचार्य तथा नोडल अधिकारी प्रोफेसर शैलेन्द्र कुमार मिश्र रहे। इस अवसर पर पूर्व प्राचार्य डॉ0 आर0पी0 मिश्र, डॉ0 आलोक द्विवेदी, राष्ट्रीय सेवायोजना के कार्यक्रम अधिकारी द्वय डॉ0 सीमा त्रिपाठी तथा डॉ0 एफ0एन0 मिश्र, डॉ0 सत्येंद्र तिवारी तथा प्रतिभागी महाविद्यालयों के शिक्षक उपस्थित रहे।

बहुगुणा पीजी कालेज में आयोजित प्रतियोगिता में मौजूद अतिथिगण

खबर संक्षेप

हाईवोल्टेज करंट की चपेट में आया युवक मौत

कोखराज कौशांबी। कोखराज थाना क्षेत्र के कशिया पश्चिम पेट्रोल पंप के पास मनीष उम्र 18 वर्ष पुत्र पताली बिजली के करंट के चपेट में आ गया इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी 11000 लाइन तार के नीचे शादी के पंडाल लगाया गया था जिसमे करंट उतर आया काम करते वक्त पाइप टच होने से युवक को करंट लग गया गंभीर हालत में युवक को जिला अस्पताल ले गए इलाज के वक्त उसकी मौत हो गयी।

जिला पंचायत सदस्य ने बेटी की शादी में दिया सहयोग

कौशांबी। जिला पंचायत सदस्य मीनू साहू के पति योगेश कुमार साहू ने बड़े लाल की बेटी सुषमा निवासी उजिहिनी खालसा की शादी में नगद आर्थिक और सामान का सहयोग किया है उन्होंने कहा कि निर्धनों की मदद करना उनका दायित्व है।

केसरवानी ट्रस्ट को दिया आर्थिक सहयोग

कौशाम्बी। केशरवानी समाज के शुभचिंतक अझुवा कस्बा निवासी रमेश प्रसाद केसरवानी पुत्र जितेंद्र लाल केसरवानी अध्यक्ष केसरवानी वैश्य सभा अझुवा ने निर्धन परिवारों के सहायतार्थ केसरवानी वैश्य वेलफेयर ट्रस्ट कौशांबी में ग्यारह हजार रुपए की सहयोग राशि देने की घोषणा की है।

भाजपा किसान ट्रैक्टर रैली फ्लॉप, दावे की उड़ी धज्जियां

किसान मोर्चा के पदाधिकारियों ने भाजपा सरकार और उनके नेताओं के विकास कार्यों की कर दी जबरदस्त छीछालेदर, ट्रैक्टर रैली आयोजित कर किसान मोर्चा के पदाधिकारियों ने सरकार की करा दी किरकिरी

भाजपा किसान ट्रैक्टर रैली कार्यक्रम में किसान मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष विधायक सिराथू जिला अध्यक्ष वा अन्य।

भाजपा किसान रैली की सभा में उपस्थित नेता व किसान

अखंड भारत संदेश

कौशांबी। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा ने जिले में 25 नवंबर को किसान ट्रैक्टर रैली का आयोजन करने की घोषणा कर बड़े-बड़े दावे किए थे लेकिन जब 25 नवंबर को भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा की रैली मंझनपुर मुख्यालय के डाइट मैदान में आयोजित की गई कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष अनीता त्रिपाठी चायल विधायक संजय गुप्ता सिराथू विधायक शीतला प्रसाद पटेल सहित तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे। पार्टी पदाधिकारियों के अलावा कार्यक्रम में एक दर्जन किसान नहीं उपस्थित हो सके। कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि ने मौके पर किसानों की उपस्थिति ना देख कर 3 मिनट के अंदर अपना भाषण समाप्त मंच से बाहर निकल गए कुछ देर रुकने के बाद चायल विधायक भी कार्यक्रम से लौट गये। किसान मोर्चा की सभा के बाद टैक्टर रैली निकाली गई इस रैली में किसानों के ट्रैक्टर कम और ट्रैक्टर एजेंसी शोरूम से नए ट्रैक्टरों को खड़ा करा कर रैली को सफल बनाने का प्रयास किया गया है। भाजपा के किसान ट्रैक्टर रैली में एक दर्जन ट्रैक्टर भी नहीं शामिल हो सके जिसमें 2 तिहाई से अधिक ट्रैक्टर एजेंसियों से मंगाए गए थे किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष ने रैली में बड़े-बड़े दावेदारी की थी लेकिन किसान ट्रैक्टर रैली जिले में पूरी तरह से असफल साबित हुई है किसान ट्रैक्टर रैली की असफलता के पीछे भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष के बड़े-बड़े दावे के बाद कार्यक्रम की तैयारी न किया जाना एक बड़ा कारण रहा। कुछ भी हो किसान ट्रैक्टर रैली ने भाजपा सरकार के दावों की धज्जियां उड़ा कर रख दी है भाजपा किसान रैली की असफलता के बाबत तमाम किसानों का कहना है कि भाजपा सरकार ने किसानों के ऊपर तीन काले कृषि कानून बनाकर किसानों के साथ अन्याय किया है। इसलिए किसान भाजपा सरकार के साथ नहीं रहेगा। किसान रैली के आयोजन में असफलता के पीछे किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष और उनके पदाधिकारियों की कमजोरी और पार्टी विरोधी गतिविधियां भी एक महत्वपूर्ण कारण बन कर उभरा है। किसान ट्रैक्टर रैली में छीछालेदर के बाद संगठन की मजबूती पर भाजपा सरकार को गहन चिंतन मनन करने की जरूरत है। हालांकि इस कार्यक्रम में चायल विधायक संजय गुप्ता सिराथू विधायक शीतला प्रसाद पटेल पार्टी जिला अध्यक्ष अनीता त्रिपाठी सहित कई नेता भी मौजूद थे लेकिन फिर भी किसानों की संख्या और उनके ट्रैक्टर को एकत्रित कर किसान मोर्चा के नेता किसानों के बीच अपनी बात कहकर भाजपा का जोरदार प्रदर्शन नहीं कर पाए।

न्यूज झरोखा

गोशालाओं में गोवंशों को ठण्ड से बचाव की कराएं व्यवस्था : सीडीओ

बैठक को संबोधित करते मुख्य विकास अधिकारी

कौशाम्बी। मुख्य विकास अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी की अध्यक्षता में सम्राट उदयन सभागार में गो आश्रय स्थलों के सम्बंध में जनपद स्तरीय अनुश्रवण मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि गौशालाओं में क्षमता के अनुसार गोवंशों को रखा जाय एवं निराश्रित घूम रहे गोवंशों को आश्रय स्थलों में संरक्षित किया जाय उन्होंने अस्थायी आश्रय हेतु न्याय पंचायत वार चिन्हित भूमि पर निर्माण कार्य प्रारम्भ कराने तथा निमार्णाधीन गोशालाओं के प्रगति की समीक्षा के दौरान निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिये उन्होंने गौशालाओं में गोवंशों को ठण्ड से बचाव हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने विकास खण्डवार एवं तहसीलवार गठित कमेटी की बैठक कराने के भी निर्देश दिये है।

रेलवे गेट के पास बेसुध हालत में मिली बालिका

कौशांबी। कोखराज थाना क्षेत्र के जीवन गंज रेलवे गेट नंबर 10 के पास गुरुवार की सुबह एक बालिका बेहोशी की हालत में अस्त व्यस्त मिली है मामले की जानकारी स्थानीय ग्रामीणों ने थाना पुलिस को दिया है मौके पर चौकी पुलिस पहुंची है और बेसुध बालिका को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है काफी प्रयास के बाद भी बालिका की शिनाख्त नहीं हो सकी है बालिका की उम्र लगभग 20 वर्ष बताई जाती है आशंका जताई जाती है कि किसी आपराधिक गैंग के जहरखुरानी का शिकार बालिका हुई है।

तेज रफ्तार बाइक सवार ने ब्यापारी को मारी टक्कर

भरवारी कौशाम्बी। नगर पालिका परिषद भरवारी अंतर्गत कस्बा भरवारी के ब्यापारी मा अंबे फर्नीचर मार्ट के मालिक सुनील कुमार को तेज रफ्तार बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे सुनील कुमार का पैर टूट गया। जानकारी के अनुसार कस्बा भरवारी के शिशु मंदिर कॉलोनी निवासी मा अंबे फर्नीचर मार्ट के मालिक सुनील कुमार पुत्र अमित कुमार को गुरुवार को तेज रफ्तार बाइक सवार ने जोर दार टक्कर मार दी जिससे ब्यापारी सुनील कुमार का बायां पैर टूट गया घायल ब्यापारी को स्थानीय लोगो ने तत्काल जीवनदीप अस्पताल पहुचाया जहाँ पर उसका उपचार किया जा रहा है चिकित्सक के अनुसार घायल खतरे से बाहर है उधर बाइक सवार भागने में सफल रहा।

गायक बालक का एक सप्ताह बाद नहीं लगा सुराग

कौशांबी। करारी थाना क्षेत्र के मीरापुर गांव से 18 नवंबर की दोपहर बलराम यादव उर्फ छोटू यादव उम्र लगभग 20 वर्ष पुत्र राम प्रकाश अचानक लापता हो गया है बालक के लापता होने के बाद परिजनों ने संभावित स्थानों पर उसकी खोजबीन की लेकिन गायब बालक छोटू यादव का सुराग नहीं लग सका है जिस पर 3 दिनों बाद परिजनों ने मामले की तहरीर करारी पुलिस को दी है सूचना मिलने के बाद करारी पुलिस ने बालक की गुमशुदगी रोजनामचा में दर्ज कर लिया है बालक के गायब होने को एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी सुराग रसी ना लगने से बालक के परिजन परेशान हैं गायब बालक के परिजनों ने अधिकारियों से फरियाद करते हुए कहा कि बालक को खोजने में सहयोग करें।

सामाजिक सम्मेलन में भाग लेंगे राज्यमंत्री

कौशाम्बी। उत्तर प्रदेश सरकार के गन्ना विकास एवं उद्योग विभाग के राज्यमंत्री सुरेश पासी 26 नवंबर को शीतला धाम अतिथि गृह में पहुंचेंगे वहां कार्यक्रम के बाद वह चायल विधानसभा में विधायक संजय गुप्ता के नेतृत्व में आयोजित सामाजिक सम्मेलन में शामिल होंगे उक्त जानकारी जिला अधिकारी कार्यालय द्वारा दिया गया है।

शॉर्ट सर्किट से लगी आग दुकान जलकर राख

कौशाम्बी। सैनी कोतवाली के भइसहापर मजरा रामपुर धमाव?ां निवासी अश्वनी कुमार पुत्र रामप्रकाश ने मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के टेनशाह आलमाबाद बाजार में मोटरसाइकिल ऑटो पार्ट्स रिपेयरिंग की दुकान खोल रखा है बुधवार की दोपहर 12:00 बजे के लगभग दुकान में विद्युत शार्ट सर्किट की वजह से दुकान में आग लग गई आग लगने से दुकान में लाखों का सामान जलकर राख हो गया ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया है।

टीकाकरण जरुर कराएं अपनी जिम्मेदारी निभाएं : सीएमओ

कौशांबी। भारत ने 100 करोड़ डोज टीका लगाकर दुनिया के सामने कोविड-19 के प्रति अपनी सक्रियता को साबित किया है। विभाग ने 18 वर्ष से ऊपर के 1145985 लोगों के टीकाकरण का लक्ष्य रखा था। इसमें जनपद में 23 नवंबर तक प्रथम 893648 डोज यानि 78 प्रतिशत व सेकेंड डोज 302706 यानि 34 प्रतिशत टीकाकरण के पूरे किए जा चुके हैं। इसके चलते कोविड टीकाकरण में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए यू.पी में जनपद कौशांबी छटवे स्थान है। छूटे हुए लोगों को टीकाकरण करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसके लिए जागरूकता कैंप किए जा रहे हैं। साथ ही दस्तक अभियान के माध्यम से इन्हें चिन्हित कर प्रधान व आशा के जरिए टीकाकरण की उपयोगिता समझायी जा रही है। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. के सी राय ने बताया कि ऐसा देखा गया है कि गर्भवती या धात्री महिलायें व बुजुर्ग टीकाकरण के लिए परिवार के सदस्यों पर निर्भर रहते हैं। उनके परिवार के मुखिया से यह निवेदन है कि जच्चा-बच्चा की सुरक्षा के लिए बिना देरी किये टीकाकरण करवाएं और घर के बुजुर्गों के साथ खुद स्वास्थ केंद्र जाएँ व उनका टीकाकरण करवाएं। साथ ही जिन युवाओं ने अब तक कोविड टीकाकरण नहीं कराया है वह अपनी व अपनों की सुरक्षा के लिए जल्द से जल्द टीका लगवा लें। जिन्हें पहली डोज लग चुकी है व दूसरी डोज का समय नजदीक है तो समय से वह टीका लगवा लें। क्योंकि कोरोना से बचने के लिए दोनों डोज का लगना बहुत जरूरी है। किसी प्रकार की अफवाह में न फंसे टीकाकरण ही कोरोना से बचाव का एक मात्र उपाय है।

शोहदों के आतंक से त्रस्त छात्रा ने छोड़ी पढ़ाई

डेढ़ महीने से आईजी डीआईजी एसपी समेत पुलिस अधिकारियों की चौखट पर न्याय मांगने वाली छात्रा को नहीं मिल सका न्याय बालिकाओं के संरक्षण के लिए बनाई जाने वाली तमाम सरकारी योजनाओं का कौशांबी में नहीं हो रहा पालन

कौशाम्बी। महिलाओं बालिकाओं की सुरक्षा उनके उत्थान और उन्हें संरक्षण देने के लिए सरकार द्वारा तमाम योजनाएं बनाकर उनकी सफलता का ढिंढोरा पीटा जा रहा है लेकिन हकीकत यह है कि कौशांबी जिले में भ्रष्ट थाना पुलिस के कारनामे के चलते महिलाओं के उत्थान और संरक्षण के लिए बनाई जाने वाली सरकारी योजनाएं जमीनी हकीकत में नहीं लागू हो पाती हैं सरकारी नुमाइंदों के लापरवाही और आरोपियों से साठगांठ धनादोहन के चलते महिलाओं बालिकाओं की आबरू सुरक्षित नहीं है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का सरकारी नारा जिम्मेदारों को मुंह चिढ़ा रहा है महिला कल्याण विभाग द्वारा बालिकाओं के संरक्षण के लिए संचालित तमाम योजनाएं कौशांबी जिले में बेमानी साबित हो रही है महिलाओं बालिकाओं को संरक्षण और उनके अधिकार देने के लिए थाने में महिला हेल्प डेस्क और वन स्टॉप सेंटर बनाए गए हैं लेकिन यह सब केवल योगी सरकार को संतुष्ट करने के लिए औपचारिकता तक सीमित है। सराय अकिल कस्बे में एक रिटायर्ड कमिश्नर का बेटा लंबे समय से इस थाने का दलाल है इस दलाल के आवारा बेटा कस्बे के एक स्कूली छात्रा के साथ लगातार छेड़खानी कर रहा था डेढ़ महीने पूर्व पीड़ित बालिका ने छेड़खानी की लिखित तहरीर सराय अकिल कोतवाली पुलिस को दिया लेकिन कोतवाली पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कोशिश नहीं की जिससे शोहदे के हौसले बुलंद रहे और वह लगातार बालिका से छेड़खानी करता रहा इतना ही नहीं थाने में तहरीर दिए जाने के बाद थाना पुलिस ने आरोपी युवक को उसके खिलाफ तहरीर दिए जाने की जानकारी दे दी जिस पर आरोपी युवक और उसका थाने के दलाल पिता बालिका के घर चढ़ गए और गाली गलौज धमकी देते हुए बालिका के परिजनों को बेरहमी से पीट दिया इस मामले की फिर पुलिस को सूचना दी गयी लेकिन पुलिस रत्ती भर आगे नहीं बढ़ सकी पीड़ित बालिका और उसके परिजन न्याय के लिए पुलिस अधीक्षक के चौखट पर पहुंचे जांच कर कार्यवाही का निर्देश थाना पुलिस को हुआ लेकिन फिर भी थाना पुलिस ने आरोपी पर कार्यवाही नहीं की न्याय न मिलने पर पीड़ित बालिका एडीजी और आईजी कार्यालय भी फरियाद करने पहुंच गयी वहां भी उसे न्याय दिलाए जाने का आश्वासन दे कर वापस भेज दिया गया लेकिन जब आला अधिकारियों का पत्र सराय अकिल थाना पहुंचा तो थाने में कई वर्षों से पलने वाले दलाल के दबाव में उसके शोहदे बेटे पर पुलिस ने कार्रवाई करने की जुर्रत नहीं जुटा सके जिससे बालिका के साथ छेड़खानी करने वाले युवक के हौसले बुलंद रह गए। जिले में महिलाओं बालिकाओं की सुरक्षा को लेकर आए दिन मीटिंग और कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं मीटिंग कार्यक्रम और बालिकाओं महिलाओं की सुरक्षा के लिए तमाम योजनाएं संचालित कर सरकारी खजाने से करोड़ों की रकम बर्बाद की जा रही है लेकिन बालिका सुरक्षा के नाम पर केवल ढिंढोरा पीटा जा रहा है सराय अकिल की छात्रा के साथ घटी घटना ने महिला कल्याण की बात करने वाली पूरी व्यवस्था पर तमाचा जड़ दिया है जिले में यह एक अकेले मामला नहीं है आए दिन जिले में बालिकाओं महिलाओं के साथ अत्याचार हो रहे हैं और थाना पुलिस आरोपियों से धना दोहन कर मालामाल होने की ब्यवस्था में लगी है इस तरह के मामले में आला अधिकारियों को मामले को संज्ञान लेकर आरोपियों के साथ साथ दोषी पुलिस जनों पर भी कठोर कार्रवाई करनी होगी तभी महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा संरक्षण और उनके अधिकार देने की बात लागू हो सकेगी।

कार्यक्रम उपस्थित पूर्व काबीना मंत्री ओमप्रकाश राजभर वा अन्य तथा कार्यक्रम में उपस्थित भीड़

जिस दरवाजे से सत्ता में भाजपा को लाया उसी दरवाजे से दूंगा भगा : ओमप्रकाश राजभर

पूर्व कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि हमेशा ठगा गया ओबीसी समाज

अखंड भारत संदेश

कौशांबी। सिराथू तहसील के भरवारी मंझनपुर मार्ग पर नियामतपुर चौराहा बिसारा में भागीदारी संकल्प मोर्चा की जनसभा में पूर्व कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि पिछड़े समाज के लोगों को हमेशा ठगा गया है सरकारों ने पिछड़े समाज के उत्थान के लिए योजनाएं नहीं बनाई है उन्होंने कहा कि भाजपा को सरकार में लाने में उन्होंने मेहनत की थी लेकिन भाजपा सरकार पिछड़ों की नहीं हुई है उन्होंने कहा कि जिस रास्ते से भाजपा को सरकार में लाया गया था उसी रास्ते से 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को सत्ता से बाहर भगा दिया जाएगा।

कार्यक्रम में शामिल भागीदारी पार्टी पी द्वारा आयोजित वंचित पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक महापंचायत की अध्यक्षता भागीदारी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेमचंद प्रजापति ने किया मुख्य अतिथि भागीदारी संकल्प मोर्चा के संयोजक सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर जैसे ही मंच स्थल पर पहुंचे कार्यकताओं ने फूल माला से उनका जोरदार तरीके से स्वागत किया है महापंचायत को संबोधित करते पूर्व काबीना मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि प्रजापति समाज राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेमचंद प्रजापति को अपना नेता मान लिया है प्रजापति समाज का एकमात्र इकलौता नेता प्रेमचंद प्रजापति हैं उन्होंने कहा कि यह संकेत प्रजापति समाज में एकजुटता का संकेत है उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा को जिस दरवाजे से सत्ता में लाया था उसी दरवाजे से भगा कर दिखाऊंगा उन्होंने कहा कि पूर्वांचल की जनता ओमप्रकाश राजभर के साथ चलती है जो सत्ता उसी की ओर चलती है श्री राजभर ने केंद्र और प्रदेश की सरकार को घेरते हुए कहा कि महंगाई चरम उत्कर्ष पर है नौजवान बेरोजगार घूम रहे हैं सरकार किसानों के साथ धोखा कर रही है प्रदेश में भुखमरी फैली हुई है खाद, बीज की कीमत आसमान छू रही है लेकिन किसानों की आय अभी तक दुगनी नहीं हुई है उन्होंने कहा कि जब किसान हक मांगता है तो प्रदेश की सरकार उसको कुचलने का कार्य करती है राजभर ने कहा कि मैंने भाजपा की सरकार इसलिए बनवाया था कि सत्ता में जाने के बाद सामाजिक न्याय समिति की रिपोर्ट लागू किया जाएगा जब पिछड़ों को 27% आरक्षण लूटा गया तो पिछड़ी जाति के किसी नेता ने आवाज उठाने का कार्य नहीं किया 2022 में महागठबंधन अखिलेश यादव को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बना लूंगा जैसे उनकी सरकार शपथ लेगी 5 साल घरेलू बिजली मुक्त गरीबों के बच्चों को सरकारी एवं निजी स्कूलों में एक पाठ्यक्रम लागू किया जाएगा सभी को इलाज मुफ्त दिया जाएगा नौजवानों को रोजगार दिया जाएगा देश में अमन चैन स्थापित करने का कार्य किया जाएगा भागीदारी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेमचंद प्रजापति ने महापंचायत को संबोधित करते हुए कहा कि सपा के साथ महा गठबंधन सरकार को उखाड़ फेंकने का कार्य करेगी पूर्वांचल में भाजपा का खाता नहीं खुलेगा भागीदारी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव डॉक्टर महेश चंद्र प्रजापति ने कहा कि भाजपा सरकार में सबसे ज्यादा हत्या पिछड़े, दलित, वंचित समाज के लोगों की हुई इस महापंचायत में उपस्थित सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बलिराज राजभर , योगेंद्र अर्कवंशी, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के प्रयागराज मंडल कोऑर्डिनेटर भूपेंद्र प्रजापति युवा जिला अध्यक्ष अयोध्या पाल भागीदारी पार्टी मंडल अध्यक्ष रवि कांत प्रजापति,डॉ मुरली मनोहर प्रजापति, डॉ हेमंत प्रजापति भगवत प्रजापति ,बुधराम प्रजापति, धर्मेंद्र प्रजापति, कृष्णकांत प्रजापति ,राम प्रसाद प्रजापति ,राहुल प्रजापति, रेतेश प्रजापति, मोहम्मद मासूम आदि हजारों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

शिव सागर सिंह चौहान बने क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारी

कौशाम्बी। मंझनपुर तहसील क्षेत्र के रहने वाले शिव सागर सिंह चौहान को अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने युवा राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी के पद पर मनोनयन किया है शिव सागर सिंह चौहान का मनोनयन राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर हरिवंश सिंह ने और प्रमुख राष्ट्रीय महामंत्री राघवेंद्र सिंह राजू ने संयुक्त रूप से अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी के पद पर मनोनयन किया है इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष और महामंत्री ने उनसे अपेक्षा व्यक्त करते हुए कहा है कि वह तन मन धन से अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के दायित्वों का निर्वहन करते हुए संगठन की गरिमा बनाए रखेंगे उन्होंने कहा कि अनुशासन का पालन करते हुए संगठन को आगे बढ़ाने में वह सहयोग करेंगे।

कांग्रेस की प्रतिज्ञाएं आम लोगों महिलाओं व किसानों के प्रति समर्पित : अरूण विद्यार्थी

अखंड भारत संदेश

कौशांबी। कांग्रेस पार्टी ने महिलाओं और देशहित के खिलाफ काम नहीं है जिससे देश का प्रत्येक वर्ग व मजबूत हुआ है ऐसे कण कण जोड़कर इस देश का प्रत्येक संस्थान व समाज मजबूत बना है। आज जो सरकार सत्ता में है उसने किसानों महिलाओं और देश की सरकारी संपत्तियों को बेचकर देश हित के खिलाफ काम किया है। इसलिए आज देश के प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह इसके खिलाफ आवाज उठाएं। उक्त बातें कांग्रेस पार्टी जिलाध्यक्ष अरुण विद्यार्थी ने मंझनपुर विधानसभा के बैरमपुर बाजार में आयोजित नुक्कड़ सभा के दौरान कही। इस मौके पर उन्होंने 14 नवंबर से शुरू हुए कांग्रेसी प्रतिज्ञा यात्रा को मिले जिले में अपार समर्थन पर जिले के आम लोगों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने वादा किया है कि वह किसानों का पूरा कर्जा माफ करेगी धान और गेहूं गन्ने के क्रय मूल्य को बढ़ाएगी। यही नहीं किसानों के बिजली को आधा किया जाएगा और संविदा कर्मी ठेका कर्मचारियों को नियमित करने का काम किया जाएगा। यह झूठा वादा नहीं बस कांग्रेस की प्रतिज्ञा है। जिसे सरकार बनने पर तत्काल पूरा किया जाएगा। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जब प्रदेश की प्रभारी व पार्टी की राष्ट्रीय सचिव प्रियंका गांधी ने प्रतिज्ञा यात्रा की घोषणा की थी उसके बाद जिले में 14 नवंबर को इसकी शुरूआत की गई जिले के विभिन्न गांव में निकाली गई इस यात्रा का लोगों ने खुलकर स्वागत किया जिससे कांग्रेस के विषय में लोगों के बीच में चर्चा हुई। इस मौके पर बोलते हुए पार्टी नेता राजनरायण ने कहा कि आज देश के प्रधानमंत्री को जनता की अदालत में आकर उनके तीन काले कानूनों को वापस लेने की बात कहने पर मजबूर होना पड़ा है। इसके पीछे आम लोगों की किसानों की एक साल से लगातार चल रहे आंदोलन हैं। ऐसे ही सरकार को जनविरोधी नीतियों के खिलाफ हम सभी आम नागरिकों को आवाज उठानी होगी देश की संपत्तियों को भी यह बेच न पाए। इस मौके पर प्रमुख रूप से अरुण विद्यार्थी, हर्षवर्धन दुबे, जितेंद्र शर्मा, राज नारायण, भूपेंद्र सिंह पटेल विजय सिंह पटेल भारत गौतम असगर मदनी कमलकांत शुक्ला, दीपू मिश्रा, भागीरथी पटेल सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसी जन मौजूद रहे।

किसानों की समस्यायों को लेकर प्रभारी मंत्री को सकिपा ने दिया ज्ञापन

कौशाम्बी। समर्थ किसान पार्टी ने जनपद के किसानों की तमाम समस्यायों को लेकर जिले के प्रभारी मंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय को एक पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा है। पार्टी नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी ने जिला योजना समिति की बैठक में शामिल होने आए जिले के प्रभारी मंत्री को किसानों की तमाम समस्यायों को लेकर ज्ञापन सौंपा है। सौंपे गए ज्ञापन में किसानों के निजी नलकूप के बिजली बिल को माफ करने, करारी माइनर, रामगंगा नहर, सोनारी माइनर में टेल तक जलापूर्ति कराने, समितियों से पर्याप्त मात्रा में किसानों को खाद की आपूर्ति कराने, धान क्रय केंद्रों पर किसानों से धान क्रय कराने, आवारा पशुओं की समस्या से किसानों की फसलों को बचाने आदि मुद्दों शामिल थे प्रभारी मंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय ने ज्ञापन स्वीकार कर समुचित कार्यवाही कराने का आश्वासन दिया है। इस मौके पर पार्टी के सुरजीत वर्मा, शिवम गुप्ता, मनीष दुबे, सुशील कुमार, जुम्मन अली आदि मौजूद रहे।

सैकड़ों बोरी इफको डीएपी बरामद होने के बाद नहीं हुई कार्यवाही

कालाबाजारी में लिप्त उर्वरक व्यापारी से वसूली करने वाले जिला कृषि अधिकारी के कारनामे पर शासन ने जांच कराई तो निलंबन माना जा रहा है तय

अखंड भारत संदेश

कौशांबी। जिले की सहकारी समितियों और आईएफएफडीसी केंद्रों से बेखौफ तरीके से सरकारी उर्वरक की इफको डीएपी खुलेआम बाजार में कालाबाजारी कर सहकारी समितियों के जिम्मेदारों द्वारा बेची जा रही है इस मामले में समितियों के अधिकारियों की भूमिका सवालों के घेरे में है सहकारी समितियों में किसानों को उर्वरक देने के बजाय उन्हें लौटाया जा रहा है और निजी व्यापारियों के यहां इफको डीएपी कालाबाजारी कर सहकारी समिति के जिम्मेदार काली कमाई में लगे हैं ग्रामीणों की शिकायत पर 22 नवंबर को जिला कृषि अधिकारी ने भारी पुलिस फोर्स के साथ मंझनपुर तहसील क्षेत्र के विजिया बारा चौराहे पर स्थित वर्षा बीज भंडार की दुकान में औचक छापामारी कर अवैध तरीके से रखी 122 बोरी इफको डीएपी बरामद किया मौके पर जिला कृषि अधिकारी ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि उर्वरक की कालाबाजारी में लिप्त व्यापारी पर कठोर कार्यवाही कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा लेकिन बाद में मामले में सेटिंग हो गई और उर्वरक की कालाबाजारी में लगे वर्षा बीज भंडार के मालिक पर अधिकारियों ने मुकदमा नहीं दर्ज कराया है छापामारी को 3 दिन बीत चुका है सहायक निबंधक सहकारिता से इस संबंध में बात की गई तो उनका कहना है कि सहकारी समिति ढोकसाहा में 22 बोरी इफको डीएपी सुपुर्द कर दिया गया है लेकिन अब सवाल उठता है कि 122 बोरा बरामद डीएपी में 100 बोरी डीएपी क्या जिला कृषि अधिकारी खा गए हैं यह बड़ी जांच का विषय है सूत्रों की माने तो मुस्तफाबाद और रक्सवारा सहकारी समिति के जिम्मेदारों ने उक्त बीज भंडार के दुकानदार को कालाबाजारी में इफको डीएपी उपलब्ध कराई थी दोनों समितियों के जिम्मेदारों की भी भूमिका सवालों के घेरे में हैं लेकिन दोनों समितियों के जिम्मेदारों की भूमिका से सहायक निबंधक सोसाइटी इंकार कर रहे हैं उनका कहना है कि आईएफएफडीसी के केंद्र इफको के फील्ड अफसर के नेतृत्व में चल रहे हैं जहां से इफको डीएपी की कालाबाजारी होती है वही इफको के फील्ड अफसर वाईपी सिंह का कहना है कि उनके आईएफएफडीसी के केंद्रों में इस महीने डीएपी नहीं दी गई है जिससे यह कह पाना मुश्किल है कि सहकारी समितियों से डीएपी कालाबाजारी होती है या दूसरे जिले से इफको की कालाबाजारी व्यापारियों द्वारा की जाती है व्यापारी की दुकान में इफको डीएपी मिलने के 3 दिन बाद भी व्यापारी पर मुकदमा दर्ज कराकर उसकी गिरफ्तारी न किए जाने पर जिला कृषि अधिकारी की भूमिका सवालों के घेरे में है सूत्रों की माने तो व्यापारी को रफा-दफा करने के नाम पर दो लाख की वसूली विभाग के जिम्मेदारों ने की है विभाग का यह कारनामा योगी सरकार को बदनाम करने वाला है और अधिकारियों के इस कारनामे पर जिलाधिकारी ने जांच कराई तो जिला कृषि अधिकारी का बदनुमा चेहरा उजागर होना तय हैं।

सम्पादकीय

तेल पर लगाम

पिछले करीब एक साल में अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतों में 50 फीसदी से ज्यादा बढ़ोतरी हो चुकी है। पिछले महीने यह तीन साल के शिखर 86 डॉलर प्रति बैरल को भी पार कर गया था। तेल और गैस की ऊंची कीमतों से जूझते दुनिया के प्रमुख तेल उपभोक्ता देशों ने पूरे तालमेल के साथ अपने भंडार से तेल की आपूर्ति बढ़ाने का फैसला किया है। अपनी तरह की इस पहली और अनोखी पहल का मकसद अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतों को नीचे लाना है। ध्यान रहे, पिछले करीब एक साल में अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतों में 50 फीसदी से ज्यादा बढ़ोतरी हो चुकी है। पिछले महीने यह तीन साल के शिखर 86 डॉलर प्रति बैरल को भी पार कर गया था। भारत और अमेरिका समेत तमाम तेल उपभोक्ता देश तेल निर्यातक देशों के समूह ओपेक (ऑर्गनाइजेशन ऑफ पेट्रोलियम एक्सपोर्टिंग कंट्रीज) से बार-बार तेल उत्पादन में मांग के अनुरूप बढ़ोतरी लाने का आग्रह कर रहे हैं, लेकिन वह इस पर ध्यान नहीं दे रहा है। ऐसे में अमेरिका, चीन, भारत, जापान, साउथ कोरिया, ब्रिटेन जैसे देशों ने अपने भंडारों से तेल की आपूर्ति बढ़ाने का फैसला किया है।

गौर करने की बात है कि कोरोना महामारी के उथल-पुथल भरे इस दौर में एनर्जी मार्केट को असाधारण उतार-चढ़ावों से गुजरना पड़ा। लॉकडाउन जैसे कदमों के प्रभाव में एक समय उत्पादन संबंधी गतिविधियां ठप पड़ने से तेल की मांग में अभूतपूर्व कमी आ गई थी। उसके बाद धीरे-धीरे हालात बदले। लेकिन अब जब मांग महामारी से पहले के स्तर पर पहुंच रही है, तेल सप्लाई उस अनुपात में नहीं बढ़ रही, जिससे न केवल इन देशों में पेट्रोल और गैस के भाव आसमान छू रहे हैं बल्कि आम लोगों को कई अन्य समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। भारत में भी बेलगाम हो रही पेट्रोल की कीमतों को कुछ हद तक नियंत्रित करने के लिए एक्साइज ड्यूटी में कमी लानी पड़ी, जिससे सरकारी खजाने पर करीब 60,000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ पड़ा। हालांकि, यह बात भी सच है कि भारत में हाल के वर्षों में इस पर एक्साइज ड्यूटी में काफी बढ़ोतरी हुई थी। असल में, तेल की ऊंची कीमतें न केवल महंगाई बढ़ा रही हैं बल्कि इस वजह से इकॉनमिक रिकवरी में भी मुश्किल हो रही है। अपने रिजर्व से तेल निकाल कर ओपेक देशों को उपयुक्त संदेश देने का यह फैसला इसी मजबूरी से निकला है। हालांकि चाहे भारत के 3.8 करोड़ बैरल के भंडार में से 50 लाख बैरल निकालने की बात हो या अमेरिका के 60 करोड़ बैरल के भंडार में से 5 करोड़ बैरल निकालने की, यह मात्रा इतनी कम है कि इसका कोई और अर्थ नहीं लिया जा सकता। निश्चित रूप से यह एक सांकेतिक कदम है। अब देखने वाली बात यह है कि ओपेक देश इसे किस रूप में लेते हैं। उनकी अगली बैठक 2 दिसंबर को होनी है जिसमें वे जनवरी के लिए अपनी उत्पादन योजना को अंतिम रूप देंगे। उम्मीद की जानी चाहिए कि ओपेक तेल उपभोक्ता देशों के इस कदम को सही संदर्भों में लेते हुए इस पर पॉजिटिव ढंग से रिएक्ट करेगा।

क्वाड में शामिल होने से भारत को होगा नुकसान

प्रकाश करात

भारत के लिए, इस तरह के समूह का हिस्सा बनना उसकी लंबे समय से चली आ रही विदेश नीति से एक आमूल-चूल प्रस्थान है। समूह, यदि इसे संस्थागत रूप दिया जाता है, तो ईरान के खिलाफ उतना ही होगा जितना कि चीन क्योंकि इजरायल ईरान को अपना नश्वर दुश्मन मानता है। यह ईरान के साथ भारत के लंबे समय से चले आ रहे संबंधों को नुकसान पहुंचाएगा। 18 अक्टूबर को चार देशों - संयुक्त राज्य अमेरिका, इजराइल, भारत और संयुक्त अरब अमीरात के विदेश मंत्रियों की आंशिक-आभासी और आंशिक-व्यक्ति बैठक में पश्चिम एशिया में एक नए समूह का उदय हुआ। गौरतलब है कि यह मुलाकात तब हुई जब भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर नफ्ताली बेनेट सरकार के साथ बातचीत करने के लिए इजरायल जा रहे थे। अमेरिका की बैठक के अनुसार, वार्ता का संबंध व्यापार, जलवायु परिवर्तन, ऊर्जा और समुद्री सुरक्षा से है। इस समूह के साथ, जिसे पश्चिम एशिया के लिए क्वाड-2 कहा जा रहा है, संयुक्त राज्य अमेरिका ने चीन के खिलाफ एक और कदम उठाया है और ईरान के खिलाफ भी समूह की रचना दी है। पश्चिम एशिया क्षेत्र में मोदी सरकार का यह कदम दो कारणों से महत्वपूर्ण है। पहला, इंडो-पैसिफिक क्षेत्र के लिए क्वाड को औपचारिक रूप दिए जाने के बाद, जिसे स्पष्ट रूप से चीन के बढ़ते प्रभाव की प्रतिक्रिया के रूप में देखा जाता है, संयुक्त राज्य अमेरिका ने पश्चिम एशिया के लिए इस चार-पक्षीय समूह का गठन करने और भारत में लाने का बीड़ा उठाया है। यह भारत और अमेरिका के बीच गहरे होते सामरिक और राजनीतिक गठबंधन को दशार्ता है। मोदी सरकार अमेरिका के मंसूबों में और उलझती जा रही है। अफगानिस्तान से तेजी से वापसी के बाद, अमेरिका और उसके पश्चिमी सहयोगी पश्चिम एशिया में अपनी रणनीति को फिर से जांचने के तरीकों की तलाश कर रहे हैं। यह कि संयुक्त राज्य अमेरिका भारत को रणनीतिक अन्वेषण में एक इच्छुक भागीदार पाता है, यह दशार्ता है कि भारत बाइडेन प्रशासन के चीन विरोधी युद्धाभ्यास में कितनी गहराई से शामिल हो गया है। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने सितंबर में अपनी भारत यात्रा के दौरान इस नए राजनयिक कदम और बाद में जयशंकर के साथ अन्य परामर्शों पर चर्चा की होगी। दूसरा पहलू यह है कि पश्चिम एशिया में अमेरिकी डिजाइनों के समर्थन में इजरायल-भारत की धुरी इस समूह के माध्यम से मजबूत हुई है। प्रधानमंत्री मोदी के तहत, भारत इजरायल के साथ रणनीतिक गठबंधन को गहरा करने में आगे बढ़ा है, जो शुरू से ही घनिष्ठ सुरक्षा और सैन्य सहयोग के आधार के रूप में था। इजराइल भारत को रक्षा और सुरक्षा उपकरणों के सबसे बड़े आपूर्तिकताओं में से एक के रूप में उभरा है। हिंदुत्व और यहूदी अतिवाद के बीच वैचारिक संबंध एक मजबूत कारक रहा है। संयुक्त अरब अमीरात, जो सऊदी अरब के साथ इस क्षेत्र में अमेरिका का करीबी सहयोगी है, ने पिछले साल इजरायल के साथ राजनयिक संबंध स्थापित किए और पहले से ही इजरायल के साथ खुफिया और सुरक्षा सहयोग में शामिल है।

भारत के लिए, इस तरह के समूह का हिस्सा बनना उसकी लंबे समय से चली आ रही विदेश नीति से एक आमूल-चूल प्रस्थान है। समूह, यदि इसे संस्थागत रूप दिया जाता है, तो ईरान के खिलाफ उतना ही होगा जितना कि चीन क्योंकि इजरायल ईरान को अपना नश्वर दुश्मन मानता है। यह ईरान के साथ भारत के लंबे समय से चले आ रहे संबंधों को नुकसान पहुंचाएगा, जो कि वर्षों से लगातार क्षीण हो रहा है, खासकर मोदी सरकार द्वारा ईरान के साथ परमाणु समझौते से एकतरफा वापसी के परिणामस्वरूप राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा लगाए गए अवैध प्रतिबंधों के साथ। पश्चिम एशिया में इस जटिल और अस्थिर स्थिति में, इस क्षेत्र में हस्तक्षेप के लिए इजरायल के साथ कोई भी संयुक्त प्रयास भारत के लिए प्रतिकूल साबित होने वाला है। बैठक में जिस समुद्री सुरक्षा के बारे में बात की गई, वह समुद्री गलियों के नियंत्रण पर केंद्रित होगी और विशेष रूप से बाब-अल-मंडेब जलडमरूमध्य जो अरब सागर और अदन की खाड़ी को लाल सागर और स्वेज नहर से जोड़ता है। मलक्का जलडमरूमध्य की तरह, जो इंडो-पैसिफिक क्षेत्र के लिए क्वाड के दायरे में आता है, बाब-अल-मंडेब जलडमरूमध्य चीनी शिपिंग और नौसैनिक आंदोलनों के लिए एक संभावित चेकपॉइंट है। बाइडेन प्रशासन चीन के खिलाफ एक सुसंगत वैश्विक रणनीति बनाने की सख्त कोशिश कर रहा है, क्या भारत इस उद्यम में एक कनिष्ठ भागीदार बनना चाहता है क्वाड, ऑकस, अफगानिस्तान (अमेरिका, पाकिस्तान, अफगानिस्तान और उज्बेकिस्तान सहित) में पतन से पहले मध्य एशिया (एक और क्वाड) पर घोषित चार देशों का समूह- सभी संयुक्व राज्य अमेरिका को शामिल करने के लिए व्यवस्था करने के लिए पांव मारते हुए दिखाते हैं और चीन को अलग करें। चीन के सर्वांगीण विकास की वर्तमान वास्तविकताओं को देखते हुए- आर्थिक, तकनीकी और सैन्य - एक हारने वाला खेल प्रतीत होता है। क्या इस खेल में कनिष्ठ और निष्प्रभावी भागीदार बनना भारत के हितों की पूर्ति करता है इस तरह की भूमिका निभाने से विभिन्न अन्य प्रमुख शक्तियां केवल अलग-थलग पड़ जाएंगी, जिनके साथ भारत के घनिष्ठ और मैत्रीपूर्ण संबंध रहे हैं, विशेष रूप से ईरान और रूस। पश्चिम एशिया में अमेरिका के नवीनतम कदम में शामिल होने से पता चलता है कि वाशिंगटन के लिए भारत की विदेश नीति की अधीनता तेजी से आगे बढ़ रही है।

क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन के प्रचलन एवं मूल्य में तीव्र वृद्धि

डॉ. हनुमन्त यादव

क्रिप्टो करेंसी के लेकर एक बैठक हुई थी जिसमें क्रिप्टो बाजार के नियमन, इसके खतरों और दुनिया भर में क्रिप्टो करेंसी को लेकर फैसलों और चलन पर चर्चा की गई थी। इस बैठक में क्रिप्टोकरेंसी पर दावों के बीच चर्चा की गई थी। बैठक में क्रिप्टो निवेश पर भारी रिटर्न के भ्रामक दावों पर चिंताओं के बीच प्रधानमंत्री ने इस मुद्दे पर कहा कि इस तरह के अनियंत्रित बाजारों को धन शोधन और आतंकी वित्तीयन का जरिया नहीं बनने दिया जा सकता। सरकार इस संबंध जल्द ही मजबूत नियामक उपाय अपनाएगी। क्रिप्टो करेंसी लेटिन के दो शब्दों क्रिप्टो और करेंसी शब्दों से मिलकर बना है। लेटिन में क्रिप्टो का अर्थ छिपा हुआ तथा करेंसी को रुपये पैसे के लिए प्रयोग किया जाता है।

इस प्रकार क्रिप्टो करेंसी का मतलब छुपा हुआ पैसा, या गुप्त पैसा या डिजिटल रुपया होता है। क्रिप्टो करेंसी एक प्रकार का डिजिटल पैसा है जिसे कोई व्यक्ति छू नहीं सकता किंतु वह अपने पास संभालकर रख सकता है, यानी यह मुद्रा का एक डिजिटल रूप है जिसे किसी सिक्के या नोट की तरह ठोस रूप में किसी की जेब में नहीं होता है। यह पूरी तरह ऑनलाइन होता है। क्रिप्टो करेंसी में सबसे अधिक पुरानी करेंसी बिटकॉइन है जिसका प्रचलन 2009 में प्रारंभ हुआ था। वर्तमान में बिटकॉइन के अलावा अन्य क्रिप्टो करेंसी जो प्रचलन में है, उनमें इथर दूसरे, बिनांस कॉइन तीसरे और सोलाना चौथे स्थान पर हैं। क्रिप्टो की कीमतों में तेजी के कारण इसका बाजार पूंजीकरण 3 लाख करोड़ डॉलर हो गया है। क्रिप्टोकरेंसी के मूल्य में चढ़ाव-उतार बहुत ज्यादा होता रहा है किंतु कुल मिलाकर इसका मूल्य तेजी से बढ़ता जा रहा है। सबसे अधिक लोकप्रिय क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन है जिसका वर्तमान में 67,803 डॉलर मूल्य है। जिस तेजी से इसका मूल्य बढ़ रहा है उससे साल के अंत तक एक लाख डॉलर पहुंच जाने की संभावना है। क्रिप्टो के वर्तमान में 1.5 करोड़ सदस्य हैं। दूसरी क्रिप्टो करेंसी इथर का वर्तमान में 4,825 डॉलर मूल्य चल रहा है। अक्टूबर के बाद से अब तक दोनों करेंसी ने 70 प्रतिशत अधिक रिटर्न दिया है। इसका प्रमुख कारण अमेरिका में क्रिप्टो करेंसीज का विश्व में पहला एक्सचेंज ट्रेंडिंग फंड ईटीआई लॉन्च होना बताया जा रहा है। पिछले सप्ताह बिटकॉइन में 9.5 करोड़ डॉलर की रकम आई थी।

भारत सहित सभी देशों में व्यवसायी लोग क्रिप्टो करेंसी में धन का उपयोग करके अपनी आमदनी बढ़ाने का प्रयास करते हैं। राजस्व सचिव तरूण बजाज के अनुसार, भारत में कुछ लोग क्रिप्टो करेंसी पर होने वाली आय पर पूंजीगत भुगतान कर रहे हैं। माल एवं सेवा कर जीएसटी के संबंध में भी कानून है कि इसकी दरें अन्य सेवाओं की तरह लागू होंगी। अनेक व्यापारी पहले से ही इसका भुगतान कर रहे हैं। राजस्व सचिव से यह पूछे जाने पर कि क्रिप्टो करेंसी के ट्रेडिंग में शामिल लोगों को ब्रोकर, फेसिलिटेटर और ट्रेडिंग प्लेटफार्म के रूप में वगीकृत करके क्या कराधान में शामिल किया जाएगा, इस पर राजस्व सचिव तरूण बजाज का उत्तर था कि जीएसटी कानून के अनुसार जो भी ब्रोक्रेज शुल्क ले रहा है उसे जीएसटी देना होगा। जहां तक आयकर का सवाल है केन्द्र सरकार आयकर कानूनों में बदलाव करके इसे आयकर के दायरे में लाएगी। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा है कि क्रिप्टो करेंसी से देश की आर्थिक एवं वित्तीय स्थिरता को लेकर गहरी चिंताएं जुड़ी हुई हैं। क्रिप्टो करेंसी से जुड़े मुद्दों पर गहन विमर्श की जरूरत है। उन्होंने कहा कि निवेशकों को इसके जरिए लुभाने की कोशिश की जा रही है जैसा कि क्रिप्टो खाता खोलने के लिए ऋण भी दिए जा रहे हैं। वित्त पर संसद की स्थायी समिति ने क्रिप्टोकरेंसी के तमाम पहलुओं को लेकर हितधारकों से चर्चा की जिसमें कुछ सदस्यों ने इस पर प्रतिबंध की बात कही किंतु अधिकांश सदस्यों ने इस पर प्रतिबंध की बजाय नियमन की बात की। ऐसी चर्चा है कि सरकार संसद के आगामी सत्र में क्रिप्टोकरेंसी पर एक विधेयक ला सकती है। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने क्रिप्टो करेंसी पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की है। पिछले सप्ताह क्रिप्टो करेंसी के लेकर एक बैठक हुई थी जिसमें क्रिप्टो बाजार के नियमन, इसके खतरों और दुनिया भर में क्रिप्टो करेंसी को लेकर फैसलों और चलन पर चर्चा की गई थी। इस बैठक में क्रिप्टोकरेंसी पर दावों के बीच चर्चा की गई थी।

मीथेन उत्सर्जन को एलपीजी पर टैक्स बढ़ाइए

डॉ भरत झुनझुनवाला

मीथेन के इस उत्सर्जन को रोकते हुए आर्थिक विकास को बढ़ाना संभव है। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम ने कहा है कि मीथेन गैस के उत्सर्जन को कम करते हुए आर्थिक विकास को बढ़ाना संभव है।

जैसे धान के खेत में यदि पानी लगातार न भरा जाए और कुछ दिन पानी भरने के बाद उसे 2-4 दिन के लिए निकाल दिया जाए और पुनः पानी भरा जाए तो नये पानी में आक्सीजन उपलब्ध हो जाती है और मीथेन का उत्सर्जन समाप्त हो जाता है। सभी जीवित पदार्थों के जीवन में कार्बन तथा हाईड्रोजन तत्व रहते हैं और उनकी मृत्यु के बाद ये आर्गेनिक पदार्थ सड़ने लगते हैं। यदि आसपास आक्सीजन उपलब्ध हुई तो शरीर का कार्बन, कार्बन डाईआक्साइड बनकर उत्सर्जित होता है और पदार्थ में हैड्रोजन, पानी बनकर समाप्त हो जाता है। लेकिन यदि सड़ते समय आसपास आक्सीजन उपलब्ध नहीं हुई तो यही कार्बन और हाईड्रोजन आपस में मिलकर मीथेन गैस बनकर उत्सर्जित होती है। कार्बन डाईआक्साइड की तुलना में मीथेन गैस से धरती का तापमान अधिक बढ़ता है। धरती से जो गर्मी की किरणें बाहर निकलती हैं यदि वे सीधे अंतरिक्ष में पहुंच सकें तो वे धरती के वायुमंडल से निकल जाती हैं और धरती का तापमान नहीं बढ़ता है। इसके विपरीत यदि वायुमंडल में ये किरणें रुक जाएं तो वायुमंडल गर्म हो जाता है और तदानुसार धरती का तापमान भी बढ़ता है। जब ये किरणें वायुमंडल में जाती हैं तो वायु में उपलब्ध अणुओं के बीच ये हलचल पैदा करती हैं। जैसे कार्बन डाईआक्साइड के कार्बन और आक्सीजन परमाणुओं के बीच में हलचल पैदा होती है। इससे उस अणु का तापमान बढ़ जाता है और वह गर्मी हमारे वायुमंडल में रुक जाती है और धरती का तापमान बढ़ाने लगती है। मीथेन के परमाणुओं में हलचल अधिक होती है इसलिए कार्बन डाईआक्साइड की तुलना में मीथेन गैस से धरती का तापमान 28 से 80 गुणा अधिक बढ़ता है। इसलिए हाल में सम्पन्न हुए काप 26 सम्मेलन में लगभग 100 देशों के बीच सहमति बनी है कि वे मीथेन के उत्सर्जन को कम करेंगे।

धान के खेतों से मीथेन भारी मात्र में उत्सर्जित होती है। जब खेतों में लबालब पानी लम्बे समय तक भरा रहता है तो भूमि की सतह पर पत्तियां और भूमि के अंदर के कीड़े सड़ने लगते हैं और सड़कर पहले पानी में उपलब्ध आक्सीजन को सोख लेते हैं। उसके बाद उनकी सड़न से मीथेन बनने लगती है। पशुओं के पाचनक्रिया में भी उनके पेट से मीथेन गैस उत्सर्जित होती है। मांसाहारी भोजन के उत्पादन में मीथेन गैस ज्यादा उत्पन्न होती है क्योंकि उसमें पशुओं को मारकर ही मांस पैदा किया जाता है। पशुओं के मल-मूत्र और गोबर के सड़ने से भी मीथेन गैस बनती है। बड़ी जलविद्युत परियोजनाओं के तालाबों में जो पीछे से पत्तियां और मृत पशुओं के शरीर बह कर आते हैं वे भी तालाब की तलहटी में स्थिर होकर सड़ने लगते हैं। तलहटी में उपस्थित आक्सीजन शीघ्र समाप्त हो जाती है और ये मीथेन उत्सर्जन करने लगते हैं। नेशनल इनवायरमेंट इंजीनियरिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट नागपुर ने पाया है कि टिहरी बांध से मीथेन उत्सर्जित हो रही है। मीथेन के इस उत्सर्जन को रोकते हुए आर्थिक विकास को बढ़ाना संभव है। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम ने कहा है कि मीथेन गैस के उत्सर्जन को कम करते हुए आर्थिक विकास को बढ़ाना संभव है। जैसे धान के खेत में यदि पानी लगातार न भरा जाए और कुछ दिन पानी भरने के बाद उसे 2-4 दिन के लिए निकाल दिया जाए और पुनः पानी भरा जाए तो नये पानी में आक्सीजन उपलब्ध हो जाती है और मीथेन का उत्सर्जन समाप्त हो जाता है। धान की उपज भी कम नहीं होती है अतः रुक-रुक कर पानी भरने से पानी की बचत और मीथेन उत्सर्जन की कमी दोनों हो सकती है। पशुओं के सम्बन्ध में पाया गया कि गाय की तुलना में बैल अधिक मीथेन उत्सर्जित करते हैं। अध्ययन किया जाए तो हम निश्चित रूप से पायेंगे कि गाय और भैंस की कुछ प्रजातियां मीथेन ज्यादा उत्सर्जित करती हैं और कुछ कम। इसलिए यदि हम कम मीथेन और अधिक दूध देने वाली प्रजातियों की गाय और भैंस को बढ़ाएं तो मीथेन उत्सर्जन कम कर सकते हैं। यदि हम शाकाहारी भोजन अपनाएं तो मीथेन उत्सर्जन सहज ही कम हो जाएगा क्योंकि पशुओं के मांस के उत्पादन के समय पशुओं द्वारा पाचन से अथवा उनके गोबर के सड़ने से जो मीथेन उत्सर्जित होती है वह समाप्त हो जायेगी। यदि हम गोबर से गैस बनाएं तो उत्सर्जित मीथेन से चूल्हा और बत्ती जला सकते हैं। तब वह मीथेन कार्बन डाईआक्साइड के रूप में उत्सर्जित होगी और हमारे पर्यावरण को कम हानि पहुंचाएगी। जलविद्युत के स्थान पर यदि हम सोलर ऊर्जा को बढ़ावा दें जैसा कि सरकार कर भी रही है तो जल विद्युत परियोजनाओं के तालाबों से उत्सर्जित होने वाली मीथेन पर रोक लगाई जा सकती है।

इन आर्थिक दृष्टि से लाभप्रद सुझावों को लागू करने के लिए सरकार को अपनी टैक्स पालिसी में सुधार करना होगा। धान के खेतों से उत्सर्जन कम करने के लिए पानी का मूल्य सिंचित क्षेत्र के स्थान पर आयतन के हिसाब से वसूल करना होगा। तब किसान के लिए लाभप्रद हो जाएगा कि पानी को रोक-रोक कर सिंचाई करे। पशुओं की प्रजातियों पर रिसर्च के लिए सरकार को निवेश करना होगा। शाकाहारी भोजन को प्रोत्साहन देने के लिए मांस के उत्पादन में उपयोग किये गये कच्चे माल पर भारी टैक्स लगाएं तो मांस महंगा होगा तो लोग शाकाहारी भोजन की ओर बढ़ेंगे। एलपीजी का दाम बढ़ायें तो किसान के लिए गोबर गैस को बनाना लाभप्रद हो जाएगा। पूर्व में एलपीजी के उपलब्ध न होने से किसान गोबर गैस बनाते थे। लेकिन सस्ती एलपीजी उपलब्ध होने से अब गोबर गैस का उत्पादन शून्यप्राय हो गया है। जलविद्युत पर भी इसी प्रकार मीथेन टैक्स लगाना चाहिए। इन सब टैक्स सुधारों से निश्चित रूप से देश के आम आदमी पर भार पड़ेगा। लेकिन यदि वसूल किये गये टैक्स को सरकारी खपत के लिए उपयोग करने के स्थान पर जनता को नगद वितरण कर दिया जाए तो यह भारी नहीं पड़ेगा। जैसे मान लीजिये देश में 40 करोड़ लोग हैं जो चावल खाते हैं। यदि हम आयतन के हिसाब से पानी बेचें तो इन पर मान लीजिये 25 रुपया प्रतिवर्ष का भार पड़ता है और सरकार को एक हजार करोड़ रुपये का राजस्व मिलता है। यदि इस एक हजार करोड़ रुपये को देश के 130 करोड़ नागरिकों में 7 रुपये प्रति व्यक्ति के हिसाब से वितरित कर दिया जाए तो समग्र जनता पर तनिक भी भार नहीं पड़ेगा। अंतर सिर्फ यह होगा कि जो जनता चावल खाती है उसे हानि होगी। उसे 25 रुपए का टैक्स देना होगा जबकि मिलेगा 7 रुपए। जो जनता चावल नहीं खाती है उसे लाभ होगा उसे अतिरिक्त टैक्स नहीं देना होगा और मुफ्त में 7 रुपया मिलेगा। इस प्रकार हम बिना आर्थिक विकास की हानि के मीथेन उत्सर्जन कम कर सकते हैं। सरकार ने कॉप 26 में मीथेन समझौते पर हस्ताक्षर नहीं किया है फिर भी उपरोक्त नीतियों को तो लागू करना ही चाहिए।

भारतीय वामपंथियों को बेहतर कल के संघर्ष के लिए कई सबक लेने होंगे

डी राजा

धर्मनिरपेक्ष-लोकतांत्रिक गणराज्य पर चौतरफा हमले के समय में विशेष महत्व रखता है। रूसी क्रांति की वर्षगांठ पर एक साथ आना महत्वपूर्ण है क्योंकि यह इतिहास की एकमात्र घटना है जिसका उत्सव और स्मरण ही पूरे शोषक नव-उदारवादी पूंजीवादी प्रतिष्ठान को कंपकंपी भेज सकता है। सोवियत संघ के पतन के बावजूद, रूसी क्रांति की शिक्षाएं एक सदी से भी अधिक समय के बाद भी दुनिया भर के लोगों को प्रेरित करती हैं। मानव इतिहास में कुछ घटनाओं का उल्लेख किया जा सकता है जिन्होंने मानव समाज की हमारी समझ को रूसी क्रांति (25 अक्टूबर, 1917, नए कैलेंडर 7 नवंबर के अनुसार) की सीमा तक बदल दिया है। जबकि फ्रांसीसी क्रांति ने जनता की क्रांतिकारी आकांक्षाओं को हवा दी लेकिन बाद में बोनापार्टिज्म का शिकार हो गई, यह रूसी क्रांति थी जो पहली बार श्रमिक राज्य स्थापित करने में सफल रही। कई दूरदर्शी और दार्शनिकों ने शोषण, असमानता और अन्याय से मुक्त समाज की कल्पना करने की कोशिश की है, लेकिन यह महान लेनिन थे, जिनके नेतृत्व में रूस के लोगों ने कार्ल मार्क्स और फ्रेडरिक एंगेल्स की मुक्तिवादी विचारधारा का पालन करते हुए सोवियत को दुनिया के नक्शे पर लाया। इस महत्वपूर्ण मोड़ पर मौजूद अमेरिकी पत्रकार जॉन रीड ने अपनी पुस्तक में उस दौर के ऐतिहासिक बदलाव का वर्णन किया है। रूसी क्रांति का निर्माण तीक्ष्ण सैद्धांतिक परीक्षाओं और मार्क्सवाद के विचारों के साहसी अभ्यासों की नींव पर हुआ था। मार्क्सवाद की क्रांतिकारी विचारधारा ने रूसी क्रांति को साम्राज्यवाद विरोधी, समाजवाद, अंतरराष्ट्रीयतावाद के मूल्यों को प्रदान किया, जबकि रूसी जनता को पूंजीवादी शोषण और जारिस्ट तानाशाही के चंगुल से मुक्त किया। यह वह वैचारिक आधार है जिसने रूसी क्रांति को विश्व इतिहास में एक युगांतरकारी घटना बना दिया और दुनिया भर में मुक्ति संघर्षों को प्रेरित किया।

पूरे यूरोप में, एक नए समाज को संगठित करने में मार्क्सवाद की भूमिका के बारे में तीखी बहसें चल रही थीं, लेकिन लेनिन ही थे, जिन्होंने रूसी विशिष्टताओं के अनुसार मार्क्सवाद को लागू किया। तब मार्क्सवादी हलकों में यह अपेक्षा की गई थी कि जर्मनी और इंग्लैंड जैसे उस समय के सबसे उन्नत औद्योगिक देशों में क्रांतिकारी परिस्थितियां परिपक्वहैं। इसके बजाय, पहली समाजवादी क्रांति रूस के पिछड़े देश में हुई क्योंकि लेनिन ने निरंकुशता को उखाड़ फेंकने में श्रमिकों और किसानों के गठबंधन को नेतृत्व और सैद्धांतिक सुसंगतता दी। तब से रूसी क्रांति और अन्य मुक्तिक संघर्षों के अनुभव से यह अनुमान लगाया जा सकता है कि एक सुविचारित विचारधारा और इसके संदर्भ-संवेदनशील अनुप्रयोग का पालन एक सार्थक और प्रभावी तरीके से शोषण, पदानुक्रम, बेदखली के रूपों और तरीकों से निपटने के लिए अनिवार्य है।

मार्क्सवादियों और सामाजिक-जनवादियों के बीच बहस के चरम पर लेनिन ने लिखा, क्रांतिकारी सिद्धांत के बिना कोई क्रांतिकारी आंदोलन नहीं हो सकता। ऐसे समय में इस विचार पर बहुत अधिक जोर नहीं दिया जा सकता है जब अवसरवाद का फैशनेबल उपदेश व्यावहारिक गतिविधि के सबसे संकीर्ण रूपों के लिए एक मोह के साथ हाथ से जाता है। (लेनिन, 1902)। क्रांति के सिद्धांत और व्यवहार और शोषण को समाप्त करने की लड़ाई ने इसे आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रासंगिक और प्रेरक बना दिया। रूसी क्रांति की खबर का भारत में उत्साह के साथ स्वागत किया गया। इसने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में नई आशाओं और कार्यक्रमों को प्रसारित किया। भारतीय लोग जल्दी से लाल झंडे की ओर आकर्षित हो गए और हमारे देश में इसके सभी रूपों में शोषण को समाप्त करने का वादा किया, जो उन पर शासन करने वाली एक विदेशी शक्ति के साथ वर्ग, जाति, धर्म और लिंग की असमानताओं से ग्रस्त था। हजारों की संख्या में युवा धीरे-धीरे एक समाजवादी भारत के उद्देश्य से पहचानने लगे और हमारे स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान सबसे प्रगतिशील और ठोस योगदान दिया।

चाहे वह एक स्वतंत्र संविधान सभा की मांग हो, पूर्ण स्वतंत्रता, श्रम अधिकार, जमींदारी का उन्मूलन या मौलिक अधिकार, निःस्वार्थ जमीनी कार्य और सीपीआई के नवजात सूत्रीकरण द्वारा सर्वोच्च बलिदान और अन्य जो भगत सिंह जैसे रूसी क्रांति के आदर्शों से प्रेरित हैं। सहायक सिद्ध हुआ। हमारे नेताओं ने भी भारतीय वास्तविकता की जटिलता को समझा और 1925 में पहली पार्टी कांग्रेस में ही अस्पृश्यता के उन्मूलन के लिए चलती-फिरती टिप्पणी की। एक क्रांतिकारी विचारधारा से प्रेरित होकर, वामपंथी एटक (1920), छात्रों के माध्यम से औद्योगिक श्रमिकों को संगठित करने वाले पहले व्यक्ति थे। अखिल भारतीय छात्र संघ (1936), किसान अखिल भारतीय किसान सभा (1936) के माध्यम से, लेखक प्रगतिशील लेखक संघ (1936) के माध्यम से और कलाकार भारतीय पीपुल्स थिएटर एसोसिएशन (1943) के माध्यम से। ये सभी संगठन समय की कसौटी पर खरे उतरे हैं और समाज के सबसे प्रगतिशील वर्गों के प्रतिनिधि बने हुए हैं।

इस गौरवशाली इतिहास से सबक लेते हुए, वामपंथियों के सामने आज का कार्य स्वतंत्रता आंदोलन के समय की तरह जटिल है। हम ऐसे समय में रह रहे हैं, जहां भाजपा-आरएसएस गठबंधन के शासन में जातिगत भेदभाव, सांप्रदायिक ध्रुवीकरण और लैंगिक असमानता हमें नए जोश के साथ देख रही है। यह हमारी कड़ी मेहनत से प्राप्त स्वतंत्रता और स्वतंत्रता आंदोलन की समावेशी विरासत को खा रहा है। नव-उदारवादी पूंजीवाद का हमला भी हमारी राष्ट्रीय संपत्ति को खराब कर रहा है। चिंताजनक रूप से, आरएसएस के विभाजनकारी आख्यान की चुनौती पिछले कुछ वर्षों में खगोलीय अनुपात तक बढ़ गई है। आरएसएस का प्रचारतंत्र महत्वपूर्ण भौतिक महत्व के मुद्दों से ध्यान हटाने की कोशिश कर रहा है और सभी तरह के असंतोष को राष्ट्र-विरोधी करार दे रहा है। इस संकट में घिरी विचारधारा का महत्व और उसकी लड़ाई एकदम स्पष्ट हो गई है. धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक और प्रगतिशील विपक्षी दलों का एक साथ आना और भाजपा को हराना इस कार्यक्रम का सबसे तात्कालिक हिस्सा है।

आरएसएस मनुस्मृति के समर्थक के रूप में विभाजनकारी, हिंसक विचारों और राजनीति में निहित है। वे हमारे संविधान की अवमानना और पितृसत्ता, जाति, धर्म और लिंग के आधार पर एक लोकतांत्रिक, पदानुक्रमित समाज के प्रति दृढ़ अभिविन्यास द्वारा चिह्नित हैं। देश की स्थिति आज भाजपा-आरएसएस गठबंधन के खिलाफ एक अडिग वैचारिक लड़ाई की मांग करती है। इस लड़ाई में वामपंथियों को अपनी अहम भूमिका निभानी है। यही हमें लोगों से जोड़ेगा ताकि राजनीतिक और चुनावी मुकाबले जीते जा सकें। वैचारिक मुद्दों पर स्पष्टता रखने के लिए वामपंथ की भूमिका का धर्मनिरपेक्ष लोकतांत्रिक ताकतों पर भी प्रभाव पड़ेगा। रूसी क्रान्ति की वर्षगांठ मनाना और मजदूर वर्गों को एकजुट होने के उसके आह्वान का पालन करना हमारे समय में मजदूर वर्गों और हमारे धर्मनिरपेक्ष-लोकतांत्रिक गणराज्य पर चौतरफा हमले के समय में विशेष महत्व रखता है। रूसी क्रांति की वर्षगांठ पर एक साथ आना महत्वपूर्ण है क्योंकि यह इतिहास की एकमात्र घटना है जिसका उत्सव और स्मरण ही पूरे शोषक नव-उदारवादी पूंजीवादी प्रतिष्ठान को कंपकंपी भेज सकता है। सोवियत संघ के पतन के बावजूद, रूसी क्रांति की शिक्षाएं एक सदी से भी अधिक समय के बाद भी दुनिया भर के लोगों को प्रेरित करती हैं। वे आने वाले समय में न्याय के लिए क्रांतिकारियों और सेनानियों की पीढ़ियों को प्रेरणा देते रहेंगे।

नए एसीबी चेयरमैन का ऐलान- अफगानिस्तान में क्रिकेट खेल सकेंगी महिलाएं भी

नई दिल्ली। अफगानिस्तान पर जब से तालिबान ने कब्जा जमाया है, तभी से वहां महिलाओं के अधिकारों को लेकर दुनिया भर में चिंता बनी हुई है। इस बीच अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) के नए चेयरमैन मीरवैस अशरफ ने ऐलान किया है कि अफगानिस्तान में महिलाएं क्रिकेट खेलना जारी रखेंगी। बुधवार को एसीबी स्टाफ के साथ मीटिंग के दौरान अशरफ ने यह बात कही। इंटरनैशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने महिला क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए सभी मान्यता प्राप्त देशों को महिला क्रिकेट को हिस्सा बनाने का नियम रखा है। अशरफ ने क्रिकविक से बातचीत के दौरान कहा, 'महिला क्रिकेट आईसीसी की अहम रिक्वायरमेंट है। तो हम ऐसा करना जारी रखेंगे। सभी कर्मचारियों को एसीबी के लिए कमिटेड होना होगा और अपने-अपने क्षेत्र में पूरी ईमानदारी के साथ काम करना होगा।' तालिबान के कल्चरल कमीशन के अहमदुल्लाह ने वसीक ने कहा था कि अफगानिस्तान में महिलाएं क्रिकेट में हिस्सा नहीं लेंगी।

एसीबी के नए चेयरमैन की यह घोषणा देश की महिलाओं के अंदर एक उम्मीद लेकर जरूर आएगी। तालिबान के कब्जे के बाद से महिलाओं को खेल में हिस्सा लेने की इजाजत नहीं दी जाने की बात सामने आ चुकी थी, ऐसे में उनकी यह घोषणा काफी अहम है।

श्रेयस अय्यर और रविंद्र जडेजा ने भारत को मजबूत स्थिति में पहुंचाया

पहले दिन का खेल

नई दिल्ली। श्रेयस अय्यर ने टेस्ट में अपने डेब्यू मैच में ही छाप छोड़कर नाबाद फिफ्टी जड़ी। उन्होंने रविंद्र जडेजा के साथ मिलकर अटूट शतकीय साझेदारी निभाई, जिससे भारत ने काइल जैमीसन के झटकों से उबरकर न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट क्रिकेट मैच के शुरूआती दिन गुरुवार को कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में चार विकेट पर 258 रन बनाए। कुछ सीनियर खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में 'टेस्ट कैप' हासिल करने वाले अय्यर 75 रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए हैं जिससे मुंबई टेस्ट मैच के लिए प्लेइंग इलेवन का चयन करते हुए सिलेक्टरों की सरदर्दी बढ़ना तय है क्योंकि तब रेगुलर कप्तान विराट कोहली वापसी करेंगे। अय्यर ने अब तक 136 गेंदों का सामना करके सात चौके और दो छक्के लगाए हैं। उन्होंने जडेजा (100 गेंदों पर नाबाद 50 रन) के साथ पांचवें विकेट के लिए अब तक 113 रन जोड़े हैं। खराब रोशनी के कारण दिन का खेल छह ओवर पहले ही समाप्त घोषित कर दिया गया। इन दोनों के अलावा सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल (93 गेंदों पर 52 रन) की पारी आकर्षण का केंद्र रही। चेतेश्वर पुजारा (88 गेंदों पर 26 रन) और कप्तान अजिंक्य रहाणे (63 गेंदों पर 35 रन) अच्छी शुरूआत के बावजूद बड़ी पारी नहीं खेल पाए जबकि सलामी बल्लेबाज

मयंक अग्रवाल (28 गेंदों पर 13 रन) मौके का फायदा उठाने में नाकाम रहे।

लंबे कद के तेज गेंदबाज जेमीसन (47 रन देकर तीन) ने फिर से भारतीय बल्लेबाजों को परेशानी में डाला। उन्होंने सुबह के सत्र में अग्रवाल को विकेटकीपर टॉम ब्लंडेल के हाथों कैच कराने के बाद गिल और रहाणे को बोल्ड किया। अनुभवी तेज गेंदबाज टिम साउदी (43 रन देकर एक) ने इस बीच पुजारा का फोकस तोड़ा। पिच धीमी थी और उस पर गेंद नीचे रह रही थी लेकिन उस पर अपेक्षित टर्न नहीं मिल रहा था जिससे न्यूजीलैंड के तीनों स्पिनरों अयाज पटेल (21 ओवर में 78 रन), विलियम सोमरविले (24 ओवर में 60 रन) और रचिन रविंद्र (सात ओवर में 28 रन) को जूझना पड़ा। गिल और अय्यर दोनों ने स्पिनरों के सामने खुलकर बल्लेबाजी की। अय्यर शुरू में थोड़ा सा असहज दिखे लेकिन जल्द ही उन्होंने अपनी नेचुरल बल्लेबाजी शुरू करके रन बंटोरे। उन्होंने रविंद्र के खिलाफ खूबसूरत कट और ड्राइव लगाकर 94 गेंदों पर फिफ्टी पूरी की। इसके बाद पटेल और सोमरविले की बारी थी जिन पर उन्होंने लांग ऑन और मिडविकेट पर छक्के लगाए। जडेजा के जैमीसन पर लगाए गये लगातार दो चौके शानदार थे। उन्होंने 99 गेंदों पर अपना 17वां टेस्ट अर्धशतक पूरा करने के बाद चिर परिचित अंदाज में जश्न मनाया। जडेजा ने अपनी पारी में छह चौके लगाये हैं। गिल ने अपने कट और ड्राइव का शानदार नमूना पेश करके पहले सत्र में न्यूजीलैंड के मुख्य स्पिनर पटेल को बैकफुट पर रखा था लेकिन उनके दूसरे सत्र के पहले ओवर में पवेलियन लौटने से भारतीय पारी का प्रवाह प्रभावित हुआ। जैमीसन की फुललेंथ गेंद को डिफेंसिव तरीके से खेलने के लिए गिल आगे बढ़े लेकिन गेंद उनके बल्ले और पैड के बीच से निकलकर विकेटों में समा गई। जेम्स एंडरसन ने इस साल के शुरू में उन्हें इसी तरह से आउट किया था। गिल ने अपनी पारी में पांच चौके और पटेल पर छक्का लगाया। पुजारा के पास शतक का लंबा इंतजार समाप्त करने का यह बेहतरीन मौका था। उन्होंने जैमीसन और पटेल पर चौका लगाकर अभी हाथ खोलने का प्रयास किया था कि साउदी की पांचवें स्टंप की लाइन पर की गयी गेंद उनके बल्ले को चूमती हुई ब्लंडेल के दस्तानों में समा गई। पुजारा ने अपना आखिरी टेस्ट शतक जनवरी 2019 में लगाया था। वह पिछले 23 टेस्ट और 39 पारियों से तिहरे अंक में नहीं पहुंचे हैं और इस बीच उनका औसत 28.78 रहा है। यही आलम रहाणे का रहा जिनके करियर के लिए न्यूजीलैंड के खिलाफ दो टेस्ट मैच अहम साबित हो सकते हैं। एकबारगी लग रहा था कि ग्रीन पार्क की पिच उन्हें रास आ रही है और वह बड़ी पारी खेलकर दक्षिण अफ्रीका जाने वाली टीम में अपनी जगह सुरक्षित कर लेंगे लेकिन जैमीसन ने जल्द ही यह भ्रम तोड़ दिया।

टी-20 वर्ल्ड कप में भारत-पाकिस्तान मैच ने रचा इतिहास

सबसे ज्यादा देखे जाने वाला मुकाबला बना

नई दिल्ली। हाल ही में समाप्त हुए टी-20 वर्ल्ड कप 2021 में भारत और पाकिस्तान आपस में लंबे समय बाद भिड़े। इस मैच का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार था। यूएई में खेले गए इस मुकाबले ने व्यूअरशिप का नया रिकॉर्ड बनाया। ये मैच टी-20 इंटरनेशनल के इतिहास में सबसे ज्यादा देखा जाना मैच बन गया है। इस आयोजन ने कई रीजन में दर्शकों की संख्या का रिकॉर्ड तोड़ दिया। इसमें 167 मिलियन की टेलीविजन पहुंच का रिकॉर्ड शामिल है। इसमें स्टार इंडिया नेटवर्क पर भारत में 15.9 बिलियन मिनट की रिकॉर्ड खपत शामिल है। भारत के टूनार्मेंट से जल्दी बाहर होने के बावजूद रिकॉर्ड लोगों ने ये मैच देखा। इससे पहले साल 2016 में भारत में आयोजित आईसीसी टी-20 वर्ल्ड कप में भारत-वेस्टइंडीज सेमीफाइनल मैच लिस्ट में टॉप पर था। भारत में युवा दर्शकों (15 वर्ष से कम उम्र के बच्चों) के बीच दर्शकों की हिस्सेदारी एक अत्यधिक सफल मार्केटिंग अभियान 'लाइव द गेम 'के चलते 18.5 फीसदी रही। पांच साल बाद टी-20 वर्ल्ड कप खेला गया था। इस टूनार्मेंट के लिए डिजिटल खपत में भारत में डिज्नी+ हॉटस्टार पर जबर्दस्त बढ़ोतरी देखने को मिली। यूके में स्काई यूके पर भारत बनाम पाकिस्तान मैच के लिए दर्शकों की संख्या में 60 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। जबकि बाजार के लिए कुल दर्शकों की संख्या में 7 प्रतिशत की वृद्धि हुई। आईसीसी के सीईओ ज्यौफ अलार्डिस ने कहा ,'हमें खुशी है कि टूनार्मेंट को इतने दर्शक मिले । इससे पता चलता है कि टी20 क्रिकेट कितना लोकप्रिय है।'

अजिंक्य रहाणे के जल्दी आउट होने पर भड़के वीवीएस लक्ष्मण, बोले- कानपुर में नहीं खेल सकते है ये शॉट

नई दिल्ली। भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेले जा रहे पहले टेस्ट के पहले दिन मेजबान भारत ने पहले दिन का खेल समाप्त होने तक 84 ओवर में चार विकेट पर 258 रन बना लिए हैं। इस मैच में भारत की कप्तानी अजिंक्य रहाणे कर रहे हैं। अजिंक्य रहाणे कानपुर टेस्ट में अच्छी शुरूआत का फायदा नहीं उठा पाए। उन्हें 35 रन पर काइल जेमीसन ने बोल्ड किया। भारत के पूर्व दिग्गज बैटर वीवीएस लक्ष्मण ने उनके शॉट सिलेक्शन पर सवाल उठाए हैं। पिछले कुछ समय से रहाणे का प्रदर्शन खराब रहा है। इंग्लैंड में सात पारियों में उन्होंने सिर्फ 109 रन बनाए। स्टार स्पोर्ट्स से बातचीत में लक्ष्मण ने कहा,'जब अजिंक्य रहाणे क्रीज पर आए तो काइल जेमीसन ने क्या किया? वो उन्हें शॉर्ट-पिच गेंद फेंकते रहे। हम जानते हैं कि रहाणे के पास शॉर्ट-पिच गेंद के खिलाफ केवल एक विकल्प है, जो कि पुल शॉट खेलना है, लेकिन यह एक खराब शॉट था, जिस पर वह आउट हो गए।

किस गलती की वजह से काइन जेमीसन ने लिया उनका विकेट

नई दिल्ली(एजेंसी)। भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेले जा रहे पहले टेस्ट के पहले दिन भारत के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने फिफ्टी जड़ी। वों लंच के तुरंत बाद न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज काइल जेमीसन की गेंद पर आउट हो गए। गिल ने पहले दिन का खेल समाप्त होने के बाद प्रेस कॉफ्रेंस में बताया कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि जेमीसन को इतनी जल्दी रिवर्स स्विंग मिलने लगेगी। इसलिए वो जेमीसन की गेंद को पढ़ नहीं पाए और आउट हो गए। गिल ने जेमीसन की तारीफ करते हुए कहा,'लगता है कि उन्होंने (जेमीसन) आज बहुत अच्छी गेंदबाजी की, खासकर पहले स्पेल में। उन्होंने मेरे खिलाफ बहुत अच्छी गेंदबाजी की। जब मैं लंच के बाद बल्लेबाजी करने आया, तो पूरा ओवर में वो टॉप पर थे। वास्तव में पूरा स्पेल जो उन्होंने फेंका था, उसमें अच्छी लय में दिखे।' गिल ने आगे कहा,' कभी-कभी ये जानना मुश्किल होता है ।

डेब्यू टेस्ट में श्रेयस अय्यर का पचासा

रोहित शर्मा से लेकर शिखर धवन तक ने किया सलाम

नई दिल्ली। टीम इंडिया के मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट मैच के साथ ही क्रिकेट के इस फॉर्मेट में डेब्यू किया। अय्यर ने पहले दिन का खेल खत्म होने तक नॉटआउट 75 रन बना लिए हैं। उन्होंने रविंद्र जडेजा के साथ मिलकर टीम इंडिया को 145/4 के स्कोर के बाद मुश्किल से निकाला और स्कोर 250 के पार पहुंचाया। टीम इंडिया के टी20 कप्तान रोहित शर्मा, शिखर धवन और तमाम दिग्गज क्रिकेटरों ने अय्यर की जमकर तारीफ की है। अय्यर को टेस्ट कैप पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने थमाई। उन्होंने कैप सिर पर पहनने से पहले चूमा। श्रेयस अय्यर पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे। उस समय टीम इंडिया मुश्किल में घिरी नजर आ रही थी। भारत ने 106 रनों तक तीसरा विकेट गंवा दिया था। चेतेश्वर पुजारा पवेलियन लौट गए थे। उन्होंने कप्तान अजिंक्य रहाणे के

साथ मिलकर स्कोर को 145 रनों तक पहुंचाया। रहाणे एक बार फिर बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे और 35 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद अय्यर ने कीवी गेंदबाजों की अच्छी क्लास लगाई। 75 रन बनाने के लिए अय्यर ने 136 गेंदों का सामना किया है और सात चौकों के अलावा दो छक्के भी जड़े हैं।

रोहित शर्मा इस टेस्ट सीरीज में नहीं खेल रहे हैं, उन्हें आराम दिया गया है। रोहित ने ट्विटर पर लिखा कि श्रेयस अय्यर ने टेस्ट क्रिकेट में अच्छा आगाज किया है। इसके अलावा शिखर धवन ने भी उनकी जमकर तारीफ की है।

अय्यर पहले दिन टीम इंडिया की ओर से बेस्ट स्कोरर रहे हैं। उनके अलावा सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने 52 और रविंद्र जडेजा ने नॉटआउट 50 रनों योगदान दिया है। कीवी गेंदबाजों की बात करें तो काइल जेमीसन ने सबसे ज्यादा तीन विकेट झटके हैं, जबकि टिम साउदी के खाते में एक सफलता आई है। मैच के दूसरे दिन टीम इंडिया पहली पारी में ज्यादा से ज्यादा रन बनाकर कीवी बल्लेबाजों को दबाव में डालना चाहेगी।

घर में घुसे चोर, नकदी सहित जेवरात उड़ाए

भदोही। थाना पुलिस की उदासीनता के चलते चोरी की घटनाओं पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। थाना क्षेत्र में आए दिन लगातार चोरी की घटना हो रही है और पुलिस उसपर अंकुश लगाने के बजाय रिपोर्ट दर्ज कर मामले को ठंडे बस्ते में डाल देती है। कोतवाली क्षेत्र के रजपुरा कॉलोनी फेज 1 में बीती बुद्धवार की रात चोरों ने घर का ताला तोड़कर घर के अंदर घुसकर रखे अलमारी में 25 हजार नगद और करीब 5 लाख के गहने पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस के अनुसार गृहस्वामिनी अध्यापिका कुसुमलता गुप्ता करीब एक हफ्ते से अपने घर से भतीजे की शादी में शिरकत होने झारखंड गयी थी। गुरुवार की सुबह वहां से लौटकर घर पहुंची तो देखा घर के अंदर रखे सभी सामान बिखरे पड़े थे और आलमारी के ताले टूटे थे। यह दृश्य देखकर उनके हाथ पैर फूल गए। आसपास के लोगों ने पुलिस को इसकी सूचना दी। हालांकि उन्होंने पुलिस को घटना की सारी बात बताई और कहा कि घर से 25 हजार रुपए नकदी, सोने की चूड़ी, 2 अंगूठी, मंगलसूत्र समेत अन्य सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके चोरों की तलाश में लग गयी। उधर आसपास के लोगों में चोरी की घटना से दहशत पैदा हो गयी है।

एक्सपर्ट की रायःअनजान लिंक न खोलें, कैशबैक आफर से भी बचें

एसपी डा. अनिल कुमार की अगुवाई में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

अखंड भारत संदेश

भदोही। साइबर अपराध पर लगाम लगाने की नीयत से आज जागरुकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। एसपी डा. अनिल कुमार की अगुवाई में साइबर सेल की टीम और बैंक के अफसरों ने लोगों को विभिन्न प्रकार की जानकारी प्रदान की। कहा कि अनजान लिंक न खोलें। कैशबैक जैसे लुभावने आफर से बचें। ओटीपी कभी नहीं शेयर करनी चाहिए।जनपद की साइबर क्राइम, जनपदीय पुलिस और एचडीएफसी बैंक के प्रबंधक की मौजूदगी में लोगों को साइबर अपराध की विस्तार से जानकारी दी गई। रिजर्व पुलिस लाइन के सभागार कक्ष में हुए कार्यक्रम में साइबर एक्सपर्ट ने बताया कि किस प्रकार से प्रलोभन देकर बैंक खाते से रकम उड़ाई जाती है और कहां-कहां सावधानी बरतने की जरूरत रहती है।साइबर एक्सपर्ट और बैंक प्रबंधक ने फेसबुक, इंस्टाग्राम, रिमोट एक्सेस ऐप, व्हाट्सएप, ओएलएक्स, जाबफ्राड, कैशबैक, हनीट्रैप, अनजान लिंक, ओटीपी के संबंध में जानकारी दी गई। एसपी डा. अनिल कुमार और बैंक प्रबंधक ने भी साइबर अपराध से बचने के कई तरीके सुझाए। इस कार्यक्रम में एएसपी राजेश भारती, सीओ भदोही अजय कुमार, प्रभारी साइबर सेल आशीष सिंह एवं एचडीएफसी बैंक के कल्सटर हेड नितिन कुमार, ज्ञानपुर शाखा प्रबंधक अविनाश त्रिपाठी, साइबर एक्सपर्ट राहुल आनंद, प्रतीक पांडेय, आशुतोष द्विवेदी, रोहित सिंह, पुलिस की साइबर टीम से एसआई अरविंद यादव, राधेश्याम कुशवाहा, रोहन वर्मा, अजीत कुमार बरनवाल, ओंकारनाथ मिश्र,श्रीकांत जायसवाल, अशोक जायसवाल, एसके सिन्हा, आशिद खान आदि मौजूद रहे।

संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

मायके पक्ष ने लगाया हत्या का आरोप, पति, सास-ससुर के खिलाफ दी गई तहरीर

कोइरौना। थाना क्षेत्र के बनकट उपरवार गांव में गुरुवार की दोपहर एक विवाहिता की संदिग्ध दशा में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बनकट उपरवार निवासी संदीप कनौजिया की 22 वर्षीय पत्नी गुडिया कनौजिया की दोपहर में मौत हो गई। परिजनों के मुताबिक गुडिया का निधन बीमारी की वजह से हुआ है। वहीं मृतका के भाई राहुल कनौजिया (निवासी प्रयागदासपुर, जंगीगंज) ने कोइरौना पुलिस को दहेज प्रताडना का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। उसने मृतका की सास, ससुर व ननद के खिलाफ संगीन आरोप लगाए हैं। राहुल ने बताया कि उसकी बहन की शादी 2019 में हुई थी।

जब से विवाह हुआ था, तभी से ससुराल पक्ष के पति, सास, ससुर व ननद ने कई बार उसके साथ मारपीट की और मायके भगा दिया, लेकिन आज तो हद ही कर दी गई। गुडिया की हत्या के बाद उसका शव लेकर मेरे घर चले आए और कहने लगे कि तुम्हारी बहन बहुत बीमार है। हास्पिटल चलो। जब गुडिया को लेकर अस्पताल पहुंचे तो पता चला कि गुडिया की मौत हो चुकी है। फिलहाल तहरीर के आधार पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर चीरघर भेज दिया है।

भगवान अनंत शक्ति के मालिकः शरद कृष्ण महाराज

कोईरौना। डीघ ब्लाक के बेरवां पहाड़पुर, ओझापुर में श्री पंचवटी धाम सेवा समिति द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के छठें दिन कथा वाचक शरद कृष्ण महाराज ने भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं का विस्तार से वर्णन किया। कहा कि भगवान को ब्रज बालकों के साथ जूठन खाते हुए ब्रह्माजी को भ्रम हो गया कि ये कैसे भगवान हैं। भगवान की ऐश्वर्य लीला वृन्दावन में ग्वाल-बालों एवं गायों को ब्रह्माजी ने अपने योग बल से गायब कर दिया तब भगवान कृष्ण ने स्वयं समस्त ग्वाल-बाल, उनके वस्त्र, लकुट एवं गायों का स्वरूप धारण कर लिया। ब्रह्मा जी यह देखकर विस्मित हो गये।

किसानों की सुविधा का रखें पूरा ध्यान : कमिश्नर

धान क्रय केंद्र का निरीक्षण करते कमिश्नर

कमिश्नर ने किया धान क्रय केंद्रों का निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

भदोही। मंडलायुक्त योगेश्वर राम मिश्र ने आज धान क्रय केंद्रों का निरीक्षण किया। कमिश्नर ने गोपीगंज और जंगीगंज में स्थापित खाद्य एवं रसद विभाग के धान क्रय केंद्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र पर किसानों से धान खरीद के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया।मंडलायुक्त योगेश्वर राम मिश्र ने केंद्र प्रभारी को निर्देश दिया कि किसानों को कोई भी असुविधा न होने पाए। उन्होंने यह भी कहा की किसानों के धान की खरीद टोकन देकर की जाए, किसानों के धान में नमी हो तो धान को सुखाने की व्यवस्था की जाए। किसानों के बैठने, पानी पीने की उचित व्यवस्था रखने का निर्देश दिया। उन्होंने केन्द्र पर धान क्रय करने के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए अभी तक हुई खरीद की उपलब्धता के बारे में जानकारी हासिल की। किसानों के धान खरीदे हुए किसानों के भुगतान के बारे में भी केंद्र प्रभारी से पूछताछ की। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी भानु प्रताप सिंह, मंडी सचिव, उप जिलाधिकारी ज्ञानपुर प्रियंका एवं संबंधित अधिकारी, किसान गण उपस्थित रहे।

सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करने वालों को नोटिस

अखंड भारत संदेश

सुरियांवा। सुरियावां थाना क्षेत्र के महजूदा गांव में सरकारी जमीन पर अतिक्रमण व जुताई बुआई करने वालें तीन दर्जन से अधिक लोगों पर राजस्व प्रशासन ने नोटिस जारी कर दिया, साथ ही चेतावनी दी की दस दिन के अंदर जुताई बुआई व अतिक्रमण बन्द न किया आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। महजूदा के ग्राम प्रधान राजमणि पांडेय ने उपजिलाधिकारी को पत्रक देकर गांव के आधा दर्जन से अधिक नामजद सहित तीन दर्जन से अधिक लोगों पर गांव की लगभग सत्तर बीघे सरकारी भूमि ऊसर, बंजर, नवीन परती, पुरानी परती, जंगल व चारागाह पर अतिक्रमण करने व जुताई बुआई करने का आरोप लगाया था।

जेवर एयरपोर्ट के शिलान्यास पर बोले पीएम मोदी

उत्तर प्रदेश ने खूब सुने थे ताने, अब लोग भरेंगे इंटरनेशनल उड़ानें

जेवर। पीएम नरेंद्र मोदी ने जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट का शिलान्यास कर दिया है। इस मौके पर उन्होंने सीएम योगी को कर्मयोगी बताते हुए राज्य में हुए विकास के कार्यों को गिनाया तो वहीं विपक्षी दलों पर भी जमकर तीर चलाए। पीएम मोदी ने कहा कि इस एयरपोर्ट के बनने से आगरा का पेठा हो या फिर सहारनपुर का फर्नीचर या मुरादाबाद का बर्तन कारोबार सभी को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि दशकों तक यूपी को ताने सुनने के लिए मजबूर कर दिया गया था। कभी गरीबी तो कभी भ्रष्टाचार के ताने सुनने को मिलते थे। यूपी के सामर्थ्यवान लोगों का यही सवाल था कि क्या प्रदेश की छवि बेहतर हो पाएगी या नहीं। हले की सरकारों ने जिस उत्तर प्रदेश को अंधकार में बनाए रखा, वही राज्य आज दुनिया में अपनी छाप छोड़ रहा है। आज यूपी में अंतरराष्ट्रीय स्तर के संस्थान बन रहे हैं। इंटरनेशनल लेवल की रेल कनेक्टिविटी और दुनिया की कंपनियों के निवेश का सेंटर है। यह सब कुछ आज हमारे यूपी में हो रहा है। इसीलिए देश और दुनिया के निवेशक कहते हैं कि उत्तर प्रदेश यानी उत्तम सुविधा और निरंतर निवेश।पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि दाऊ जी के मेले के लिए मशहूर जेवर अब इंटरनेशनल मैप में जगह पा गया है। इससे दिल्ली एनसीआर समेत पश्चिमी यूपी के कई जिलों के लोगों को फायदा होगा। 21वीं सदी का भारत एक से एक आधुनिक सुविधाओं का निर्माण कर रहा है। एक्सप्रेसवे, एयरपोर्ट और अच्छे रेलवे स्टेशन सिर्फ इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स नहीं होते हैं बल्कि ये सबके जीवन को बदल देते हैं। मजदूरों से लेकर कारोबारियों और किसानों तक हर किसी को इसका लाभ मिलता है। ऐसे प्रोजेक्ट्स को और ताकत मिलती है, जब उनके साथ सीमलेस कनेक्टिविटी हो। यह कनेक्टिविटी के लिहाज से भी एक बेहतरीन मॉडल बनेगा।

यहां आने जाने के लिए टैक्सी, मेट्रो से लेकर रेल तक की सुविधा होगी। एयरपोर्ट से निकलते ही आप सीधे यमुना एक्सप्रेसवे पर आ सकते हैं। इसके अलावा नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे जा सकते हैं। इसके अलावा यूपी, दिल्ली और हरियाणा के किसी भी इलाके में जाने के लिए पेरिफेरल एक्सप्रेसवे पर पहुंच सकते हैं।

मोदी-योगी भी चाहते तो फोटो खिंचवा देते...पीएम ने नए अंदाज में किया विपक्ष पर तंज

ग्रेटर नोएडा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को नोएडा के जेवर में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का शिलान्यास किया। इस मौके पर उन्होंने जहां वेस्ट यूपी को कई सौगातें दीं वहीं नए अंदाज में विपक्ष पर हमले भी किए। पीएम ने कहा कि सीएम योगी भी चाहते तो 2017 में सरकार बनते ही यहां आकर भूमि पूजन कर देते और फोटो खींचवा देते। अखबार में प्रेस नोट भी छप जाती और अगर ऐसा हम करते तो पहले की सरकारों की आदत होने के कारण हम कुछ गलत कर रहे हैं, ऐसा भी नहीं लगता। उन्होंने पहले की सरकारों पर आनन-फानन में रेवड़ियों की तरह प्रोजेक्ट की घोषणाएं करने का आरोप लगाया और कहा कि तब इस पर विचार ही नहीं होता था कि प्रोजेक्ट जमीन पर कैसे उतरेंगे, अड़चनों को दूर कैसे किया जाएगा और धन का प्रबंध कहां से होगा। पीएम ने कहा कि तब प्रोजेक्ट दशकों तक तैयार नहीं होते थे।

ट्रैक्टर ने टेंपो में मारी टक्कर, दो चचेरे भाइयों की मौत, मां-बुआ घायल

अखंड भारत संदेश

मैनपुरी। जनपद मैनपुरी के भोगांव थाना क्षेत्र में बुधवार रात को दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। जिसमें दो बच्चों की मौत हो गई। दोनों की मां और बुआ घायल हो गईं। सभी एक ही परिवार के सदस्य हैं। मैनपुरी के भोगांव थाना क्षेत्र में नगला गुलाबी के पास बुधवार की रात ट्रैक्टर ने टेंपो में टक्कर मार दी। हादसे में दो मासूम बच्ची की मौत हो गई, जबकि तीन महिलाएं घायल हो गईं, जिन्हें सैफई मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। इधर, हादसे के बाद मृतक वंशुल ओर आलोक दोनो बच्चों की मोखे पर मौत हो गई परिवार में शोक छाया हुआ

जानकारी के मुताबिक जनपद के थाना एलाऊ स्थित गांव मेरापुर गुजराती निवासी शीला कुमार पत्नी धर्मेंद्र , उनका पुत्र आलोक रंजन, स्वाति पत्नी सतीश चंद्र, उनका पुत्र वंशुल, अनीता पुत्री रामप्रकाश कस्बा भोगांव से टेंपो में बैठकर घर आ रहे थे। गांव नगला गुलाबी के पास सामने से आ रहे ट्रैक्टर ने टेंपो में टक्कर मार दी। हादसे में 12 वर्षीय आलोक रंजन और पांच वर्षीय वंशुल की मौत हो गई। जबकि शीला कुमारी, अनीता, स्वाति घायल हो गईं। सभी एक ही परिवार के हैं। शीला कुमारी और स्वाति जेठानी-देवरानी है। अनीता इन दोनों की ननद है। घायलों को मेडिकल कॉलेज सैफई में भर्ती कराया गया है। मृतक बच्चों के दादा रामप्रकाश ने कोतवाली भोगांव में तहरीर दी है। इसमें बताया है कि ट्रैक्टर चालक की लापरवाही के कारण हादसा हुआ है। वहीं हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक और टेंपो चालक दोनो फरार हो गए। पुलिस दोनों चालकों की तलाश में जुटी है। शवों को पोस्टमार्टम कराया गया है।

यूपी में आप का सपा से हो सकता है गठबंधन, केजरीवाल ने भी दिए संकेत

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले समाजवादी पार्टी और आम आदमी पार्टी के बीच गठबंधन हो सकता है। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव और आप सांसद संजय सिंह के बीच मुलाकात के बाद अटकलें लग रही हैं। इस बीच दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी संकेत दिया है। उन्होंने माना है कि दोनों नेताओं के बीच यह मुलाकात यूपी की राजनीति को लेकर ही थी।

बीजेपी को हराएं नारों के साथ यूपी में वोटरों के बीच जाएंगे राकेश टिकैत, बोले- उम्मीद है एमएसपी का मुद्दा सुलझाएगी केंद्र

नई दिल्ली। भारतीय किसान यूनियन (बीकेयू) के नेता राकेश टिकैत ने गुरुवार को कहा कि फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (टरढ) हमेशा से हमारा मुद्दा रहा है। टिकैत एक साल से अधिक समय से दिल्ली के गाजीपुर सीमा पर चल रहे किसान आंदोलन का नेतृत्व कर रहे हैं। गुरुवार को हैदराबाद पहुंचे राकेश टिकैत ने कहा कि एमएसपी से किसानों को मदद मिलेगी। इसके साथ-साथ टिकैत ने कहा कि वो बीजेपी को हराओ के नारे के साथ यूपी के मतदाताओं के पास भी जाएंगे।एक रिपोर्ट के मुताबिक, उन्होंने आगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपील करते हुए कहा कि एमएसपी हमेशा संयुक्त किसान मोर्चा का मुद्दा था। संयुक्त किसान मोर्चे में लभग 40 किसान संगठन संघ शामिल हैं। राकेश टिकैत ने कहा केंद्र के साथ 11 दौर के की चर्चा में हर बार हमने एमएसपी पर चर्ची की। हम इससे पीछे नहीं हट रहे हैं। सरकार को स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करना चाहिए और बातचीत शुरू करनी चाहिए।

टिकैत ने आगे कहा कि हम बीजेपी हराओ नारे के साथ यूपी के मतदाताओं के पास जाएंगे। बेहतर होगा कि भारत सरकार और पीएम मोदी आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) लागू होने से पहले इस मुद्दे को सुलझा लें। टिकैत ने यह भी कहा कि बीकेयू समर्थकों को दिल्ली सीमा पर धरना स्थल को खाली करने की अभी कोई योजना नहीं है। टिकैत ने यह भी कहा कि संयुक्त किसान मोर्चे की रणनीति बीजेपी को पराजित करना है। हम यह सुनिश्चित करेंगे उनको गांवों में बायकॉट का सामना करना पड़े और चुनाव प्रचार नहीं कर पाए। पश्चिम यूपी में यहर पहले से ही शुरू हो चुका है। इस महीने की शुरूआत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीन कृषि कानून को वापस लेने का ऐलान किया। इन कानून को वापस लेने के लिए केंद्रीय कैबिनेट ने बुधवार को एक विधेयक को मंजूरी भी दे दी है और शीतकालीन सत्र के दौरान इसे संसद में पेश किया जाएगा।

राजनाथ सिंह ने बताया, सीएम योगी के कंधे पर हाथ रखकर क्या कहा था पीएम मोदी ने

सीतापुर। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को सीतापुर में आयोजित बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में एक बड़ा खुलासा किया। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पहले सीएम योगी आदित्यनाथ ने अपनी और प्रधानमंत्री मोदी की एक फोटो ट्वीट की थी, जिसमें पीएम उनके कंधे पर हाथ रख कर उन्हें कुछ बता रहे थे। उन्होंने कहा कि फोटो के वायरल होते ही लोग परेशान हो गए आखिर उन्होंने योगी जी के कान में क्या कहा था। राजनाथ सिंह ने बताया कि पीएम कहा कि योगीजी तेज तर्रार बैटिंग करो। पूरी मजबूती से खेलो। विजय निश्चित है। इससे पहले राजनाथ सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ की।

राजा भैया ने मुलायम सिंह यादव से की मुलाकात, अखिलेश के साथ गठबंधन की अटकलों पर बोले-राजनीतिक मतलब न निकालें

लखनऊ। यूपी में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव के द्दनजर समाजवादी पार्टी लगातार छोटे दलों से गठबंधन करती जा रही है। अभी तक इस गठबंधन जयंत चौधरी की रालोद, ओमप्रकाश राजभर की सुभासपा जैसे कई छोटे दल आ चुके हैं। कल ही लखनऊ में आप सांसद संजय सिंह ने पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मुलाकात की थी। आज राजा भैया ने मुलायम सिंह यादव से मुलाकात की है। हालांकि, मुलाकात के बाद राजा भैया ने कहा कि नेता जी (मुलायम सिंह यादव) के जन्मदिन पर मैं हमेशा मिलकर शुभकामनाएं देते रहा हूं। लेकिन इस बार मैं बाहर था इसलिए जन्मदिन पर शुभकामनाएं देने नहीं आ पाया था। इलेक्शन से जोड़कर इसे ना देखा जाए इसका कोई अलग से निहितार्थ न निकाला जाए।

उधर, सूत्रों का कहना है कि बीती रात अखिलेश यादव से फोन पर उनकी बात हुई थी। इसके बाद आज उन्होंने लखनऊ में मुलायम सिंह यादव से मुलाकात की। गौरतलब है कि पिछले दिनों राजा भैया ने कहा था कि उनकी पार्टी जनसत्ता दल लोकतांत्रिक यूपी में 100 सीटों पर चुनाव लड़ेगी और वहां से कोई उम्मीदवार खड़ा नहीं करेगी जहां से योगी आदित्यनाथ उम्मीदवार होंगे। मुलायम सिंह यादव के करीबी रहे राजा भैया पिछले काफी समय से अपनी पार्टी को मजबूत करने पर जोर दे रहे हैं। अखिलेश यादव सरकार में प्रभावी रहे राजा भैया के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार से भी नजदीकी की चर्चा सियासी गलियारों में रहती है। इधर, समाजवादी पार्टी लगातार छोटे दलों को अपने बैनर तले एकजुट करने में जुटी है।

अखिलेश यादव का पलटवारः एक तरफ एयरपोर्ट बेच दिया, दूसरी तरफ बना रहे, बीजेपी पर कौन करेगा भरोसा

लखनऊ। नोएडा के जेवर में गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के सबसे बड़े एयरपोर्ट का शिलान्यास किया। इस दौरान पीएम मोदी के साथ ही सीएम योगी के निशाने पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव रहे। अखिलेश यादव ने भी भाजपा पर पलटवार किया है। अखिलेश यादव ने कहा कि एक तरफ देश के हवाई अड्डे बेच रहे हैं, दूसरी तरफ शिलान्यास कर रहे हैं। इनकी बातों पर कौन भरोसा करेगा। लखनऊ में भी सरकार का हवाई अड्डा बिक गया। नोएडा में भी नया एयरपोर्ट इसलिए बना रहे हैं कि बनते ही इसे भी बेच देंगे।

अखिलेश ने कहा कि बीजेपी का नारा था, हवाई चप्पल पहनने वाला हवाई जहाज पर बैठेगा। हवाई जहाज भी बेच दिये और जहाज जहां खड़े होते थे वह एयरपोर्ट भी बेच दिया। जितने एयरपोर्ट बने सभी घाटे में हैं। दिल्ली का एयरपोर्ट कई हजार करोड़ रुपये के घाटे में है। सरकारी एयरलाइंस भी घाटे में है। एयर इंडिया 60 हजार करोड़ के घाटे में हैं। जो प्राइवेट चल रही हैं, वह भी घाटे में हैं। अखिलेश ने पूछा कि जब हवाई अड्डे और हवाई जहाज दोनों घाटे में हैं तो बीजेपी का गणित क्या है कि इनके लोग मुनाफा कमा रहे हैं। इनके मुनाफे का क्या गणित है, यह लोग समझाएं। नोएडा में शिलान्यास केवल इसलिए हो रहा है कि इन्हें एयरपोर्ट बेचना है। अखिलेश ने कहा कि जिस देश में सरकारी संस्थाएं बिकने लगे तो गरीबों का क्या होगा। अगर सरकारी चीजें बिक जाएंगी तो बाबा साहेब ने जो संविधान दिया उसका क्या होगा। अगर सरकारी संस्थाएं बिक जाएंगी तो गरीबों को नौकरी कौन देगा। सरकारी संस्थाएं बिक जाएंगी तो आरक्षण कौन देगा। फिर कैसे नौकरी मिलेगी। अखिलेश ने कहा कि भाजपा के लोगों ने कहा था कि किसानों की आय दोगुनी कर देंगे। क्या किसी को धान की कीमत मिली। धान खड़ा-खड़ा बर्बाद हो गया। जो लोग खाद खरीदने गए, उन्हें डंडा मारा गया।

कांग्रेस को तोड़ने में प्रशांत किशोर की साजिश, मोदी के डर से सोनिया से नहीं मिलीं ममता : अधीर रंजन चौधरी

नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने मेघालय में कांग्रेस के 12 विधायकों को टीएमसी में शामिल होने के का ठीकरा चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर पर फोड़ा है। उन्होंने कहा यह सब प्रशांत किशोर और टीएमसी के नेता लुइज़िन्हो फलेरियो कर रहे हैं। उन्होंने इसकी जानकारी होने की भी बात कही है। कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने कहा, अगर ममता बनर्जी अभी सोनिया गांधी से मिलती हैं, तो पीएम मोदी नाराज हो जाएंगे। ईडी द्वारा उनके भतीजे को तलब किए जाने के तुरंत बाद उनकी हरकतें बदल गईं। इससे पहले उन्होंने सोनिया गांधी को पत्र लिखकर बीजेपी के खिलाफ मिलकर लड़ने की बात कही थी।

कश्मीर में निहत्थे नागरिकों की जान लेने वाले आतंकियों का खात्मा, आखिरी दहशतगर्द की तलाश

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में निहत्थे नागरिकों की जान लेने वाले शहतगर्दों का सुरक्षाबल खात्मा कर चुके हैं। हाल ही में आम नागरिकों की हत्या करने वाले 20 से अधिक आतंकवादी मारे जा चुके हैं। जम्मू-कश्मीर के डीजीपी दिलबाग सिंह ने कहा कि नागरिकों की हत्या के बाद दर्जनों सफल ऑपरेशन हुए हैं, जिनमें 20 से अधिक आतंकी मारे गए हैं। नागरिकों की हत्या में शामिल सभी आतंकवादी मारे जा चुके हैं। केवल एक बसित बचा हुआ है, जिसकी तलाश चल रही है। जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती की ओर से हैदरपोरा एनकाउंटर पर सवाल उठाए जाने पर डीजीपी ने कहा, कुछ लोग हैं जो वास्तविकता जानते हैं, लेकिन कुछ ऐसा कहने की कोशिश करते हैं, जो सच्चाई से अलग है। कुछ लोग हैं जो हत्यारों को निर्दोष के रूप में देखते हैं। उन्होंने आगे कहा, एसआईटी का गठन किया गया है, लेकिन मैं पूरे अधिकार से यह कह सकता हूं कि पुलिस पेशेवर काम कर रही है और हमारे अधिकारी ऑपरेशन करना जानते हैं। जांच जारी है, जो बता रहा है कि एक आतंकवादी और आतंकी नेटवर्क है, जो समर्थन कर रहा है।

पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने बृहस्पतिवार को कहा कि शहर के रामबाग इलाके में हुई मुठभेड़ को लेकर जायज शक पैदा हो रहे हैं जिसमें पुलिस ने तीन आतंकवादियों को मार गिराया था। अधिकारियों ने बताया कि श्रीनगर में हाल में आम नागरिकों की हत्या के मामले में वांछित द रजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) आतंकवादी संगठन के एक स्वयंभू कमांडर समेत तीन आतंकवादियों को सुरक्षा बलों ने बुधवार को मार गिराया था। महबूबा ने ट्वीट किया, कल रामबाग में हुई कथित मुठभेड़ के बाद उसकी प्रामाणिकता को लेकर जायज शक पैदा हो गए हैं। पीडीपी प्रमुख ने आरोप लगाया कि खबरों और चश्मदीदों के मुताबिक ऐसा लगता है कि गोलीबारी एकतरफा थी। जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा,एक बार फिर आधिकारिक बयान जमीनी हालात से मेल नहीं खाता जैसा कि शोपियां, एचएमटी और हैदरपोरा में देखा गया था।

हैदरपोरा एनकाउंटर का विरोध करने वाली महबूबा ने अब श्रीनगर मुठभेड़ पर भी जताया शक, बोलीं- सिर्फ एक तरह से हुई फायरिंग

नई दिल्ली। जम्मू और कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने बुधवार को श्रीनगर के रामबाग इलाके में हुए एनकाउंटर पर शक जताया है। पीडीपी चीफ ने कहा है कि वैध संदेह पैदा हो रहा है। इस मुठभेड़ के बाद पुलिस की तरफ से बताया गया था कि एनकाउंटर में तीन आतंकवादी ढेर हुए हैं। पुलिस-प्रशासन के इन दावों से उलट महबूबा मुफ्ती ने एक ट्वीट कर कहा, रामबाग में कल हुए एनकाउंटर के बाद से इसकी वैधता को लेकर संदेह है। कुछ मीडिया रिपोर्ट में कहा जा रहा है कि इस एनकाउंटर को लेकर उन्होंने प्रत्क्षदर्शियों का हवाला देते हुए कहा कि ऐसा लग रहा था कि एक ही तरफ से फायरिंग हो रही थी। महबूबा मुफ्ती ने कहा, एक बार फिर अधिकारियों द्वारा कही गई बातें उसी तरह जमीनी हकीकत से मेल नहीं खाती जिस तरह से शोपियां, एचएमटी और हैदरपोरा में हुआ। इससे पहले जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में बुधवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में द रेजस्टिंस फ्रंट का एक शीर्ष कमांडर समेत तीन आतंकवादी मारे गए। पुलिस ने बताया कि रामबाग इलाके में आज शाम एक संक्षप्ति मुठभेड़ में तीन आतंकवादी मारे गये। पुलिस के एक ट्वीट में कहा, पुलिस ने श्रीनगर में तीन आतंकवादियों को मार गिराया। मारे गये आतंकवादियों की पहचान और वे किस संगठन से ताल्लुक रखते थे, इसका पता लगाया जा रहा है।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि मारे गये आतंकवादियों में से एक की पहचान टीआरएफ कमांडर मेहरान यासीन शला के रूप में हुई है, जो श्रीनगर में नागरिकों की हत्याओं में शामिल था। इसका मारा जाना श्रीनगर में आतंकवादियों के लिए बड़ा झटका है। इस घटना के बाद श्रीनगर के विभन्नि इलाकों से बंद और विरोध की रिपोर्टें भी आ रही हैं। इससे पहले हैदरपुरा में हुए एक मुठभेड़ में दो आतंकवादी और उनके दो सहयोगियों को मार गिराने का सुरक्षा बलों ने दावा किया था।

गांजा बेचकर कमाएगा तालिबान, ऑस्ट्रेलिया की कंपनी से डील का दावा, कंपनी का इनकार

नई दिल्ली(एजेंसी)। अफगानिस्तान में तालिबान अब गांजा से पैसे कमाने पर योजना बना रहा है। तालिबान ने ऑस्ट्रेलिया की एक कंपनी उस्नँरे से डील की है। यह डील अफगानिस्तान में गांजा प्रोसेटिंग इंडस्ट्री से जुड़ी हुई है। अब इस बात की पूरी संभावना है कि तालिबान गांजे के व्यापार को कानूनी मान्याता दे सकता है। की एक रिपोर्ट के मुताबिक तालिबान के आतंरिक मंत्रालय के प्रवक्ता क्वारी सईद खोस्टी ने कहा कि डील फाइनल हो चुकी है और इसपर कुछ ही दिनों में काम शुरू किया जा सकता है। खोस्टी ने कहा कि कंपनी तैयार किये गये गांजे का इस्तेमाल चिकित्सकीय उद्देश्य से करेगी और गांजे के लिए हजारों एकड़ भी उपबल्ध करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि गांजे का उत्पादन और उसके संरक्षण को लेकर से कानूनी डील होगी।

हवाना सिंड्रोम को लेकर अमेरिका की रूस को चेतावनी, कहा- भुगतने होंगे गंभीर नतीजे



नई दिल्ली(एजेंसी)। अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए डायरेक्टर विलियम बर्न्स ने रूसी खुफिया एजेंसी को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर रूस 'हवाना सिंड्रोम' के रूप में जाने वाली रहस्यमय स्वास्थ्य घटनाओं के लिए जिम्मेदार है तो उन्हें कई गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। ये रिपोर्ट वाशिंगटन पोस्ट ने दी है। बता दें कि हाल के महीनों में दर्जनों अमेरिकी जासूस, राजनयिक और एफबीआई एजेंट हवाना सिंड्रोम से पीड़ित हुए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक बर्न्स ने हाल ही में अपने मॉस्को यात्रा के दौरान रूस के सामने इस मसले को उठाया जब वह रूस की फेडरल सिक्यूरिटी सर्विस, एफएसबी, विदेशी खुफिया सेवा और एसवीआर के टॉप अधिकारियों से बात कर रहे थे। वाशिंगटन पोस्ट से सूत्रों के हवाल से से बताया है कि बर्न्स ने रूसी रूसी जासूसों से कहा कि अमेरिकी कर्मियों और उनके परिवारों को नुकसान पहुंचाने से पेशेवर खुफिया सेवाओं का यह व्यवहार स्वीकार्य नहीं है। इससे अलिखित नियम टूट जाएंगे। अगर इसके लिए रूसी जिम्मेदार हैं तो इसके गंभीर नतीजे होंगे। कई अमेरिकी अधिकारी इस बात से आश्वस्त हैं कि इन घटनाओं के पीछे रूस है हालांकि रूस ने लगातार इस बात से इनकार किया है। 2016 में अमेरिकी खुफिया के कई अधिकारी और राजनयिक क्यूबा की राजधानी हवाना में थे। इस दौरान कई कर्मचारियों को मिचली, तेज सिरदर्द, थकान, चक्कर आने की दिक्कतें आने लगी। कई कर्मचारी को नींद की समस्या भी दिखी। इस सबका लंबे वक्त तक असर रहा। इस रहस्यमय बीमारी से प्रभावित कर्मचारियों में से तो कुछ तो ठीक हो गए लेकिन कई लोगों के सामान्य काम-काज भी महीनों तक प्रभावित रहे।

अंखड भारत संदेश के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

मुद्रक/प्रकाशक

स्वामी श्री योगी सत्यम पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं. UPHIN 2001/9025